# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा की कावड़ यात्रा में देशभर से करीब ढाई लाख श्रद्धालु शामिल

दो दिन में पांच लोगों की मौत

कलेक्टर-एसपी ने दी सफाई, कहा- यह मौतें प्राकृतिक

# कुबेरेश्वर धाम में फिर 3 और श्रद्धालुओं की जान गई, 3 घायल

### 300 से ज्यादा पंडाल, 100 ढोल-नगाड़े, 12 राज्यों की भागीदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

सीहोर में पं. प्रदीप मिश्रा की अगुवाई में मंगलवार को कावड़ यात्रा का आयोजन हुआ, जिसमें देशभर से करीब ढाई लाख श्रद्धालु शामिल हुए। यह यात्रा सीवन नदी से प्रारंभ होकर 9 किलोमीटर दूर कुबेरेश्वर धाम तक पहुंची, जिसे श्रद्धालुओं ने लगभग 6 घंटे में पूरा किया। यात्रा के दौरान हेलीकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर पुष्पवर्षा की गई। भक्ति



और भीड़ के इस समागम के बीच दो दिन में पांच श्रद्धालुओं की मौत ने आयोजन की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बुधवार को गुजरात के चतुर सिंह (50) और हरियाणा के ईश्वर सिंह यादव (65) और रायपुर छग निवासी दिलीप सिंह (57) की मौत अलग-अलग स्थानों पर स्वास्थ्य बिगड़ने से हो गई। मंगलवार को धक्कामुक्की और भगदड़ में दो महिलाओं जसवंती बेन (राजकोट) और संगीता गुप्ता ▶▶शेष पेज 4 पर



### इंदौर-भोपाल हाईवे पर 6 घंटे तक जाम

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने ट्रैफिक डायवर्जन की योजना बनाई थी, लेकिन वह पूरी तरह फेल साबित हुई। इंदौर-भोपाल हाईवे पर 6 घंटे तक जाम लगा रहा। वाहन रेंगते रहे और श्रद्धालु फंसे रहे। जनता में यह सवाल उठ रहा है कि भक्ति जरूरी, लेकिन जान की कीमत पर नहीं होनी चाहिए।

---

यह टैरिफ 21 दिनों के भीतर प्रभाव में आएगा यानी 27 अगस्त 2025 से भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर लागू होगा

◆ अमेरिका ने कहा कि यदि कोई और देश भी रूस से परोक्ष या सीधे तौर पर तेल आयात करता है, तो उस पर भी इसी तरह की होगी कार्रवाई

# ट्रंप ने भारत पर लगाया 50% टैरिफ, रूसी तेल खरीदने से चिढ़कर थोपा 25% अतिरिक्त टैक्स



एससीओ सम्मेलन में हिस्सा लेने चीन जाएंगे पीएम मोदी, गलवां घाटी संघर्ष के बाद होगा पहला दौरा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर भारत पर टैरिफ बम फोड़ने की घोषणा की है। बुधवार शाम को ट्रंप की तरफ से भारत पर अतिरिक्त 25% टैरिफ लगाने का कार्यकारी आदेश साइन किया गया है। अमेरिका की तरफ से कहा गया कि यह फैसला भारत द्वारा रूसी तेल की लगातार खरीद के जवाब में लिया गया है। इसके साथ ही भारत पर अमेरिका ने कुल 50% टैरिफ की घोषणा कर दी है। दरअसल, इससे पहले अमेरिकी की तरफ से भारत पर 25 फीसदी टैरिफ और पेनल्टी की ▶▶शेष पेज 4 पर

*अब अमेरिका को आइना दिखाने की जरूरत तेज हो गई है। दुनिया की जीडीपी में भारत का योगदान 18 फीसदी है, जबकि अमेरिका का 11% है*

शंघाई सहयोग संगठन के जरिए भारत, चीन और रूस ट्रंप को दिखाएंगे ताकत

शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अनौपचारिक मुलाकात की संभावना



फाइल फोटो

**टैरिफ विवाद पर बोले ट्रंप...**

### ◆ ब्राजीली राष्ट्रपति जब चाहें बात करें, लूला ने कहा- उनसे नहीं, मोदी और जिनपिंग से चर्चा करेंगे

ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रंप ने मंगलवार को कहा था, लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं। लूला ने इस प्रस्ताव को ठुकराते हुए कहा, मैं टैरिफ पर बात करने के लिए ट्रंप को कॉल नहीं करूंगा। इसके बदले पीएम नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग जैसे नेताओं से बातचीत करना चाहूंगा। अमेरिका ने ब्राजील पर 50% टैरिफ लगा रखा है। ब्राजील इससे निपटने के लिए ▶▶शेष पेज 4 पर

### *पीएम मोदी का दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को, जापान व चीन जाएंगे*

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में शामिल होने के लिए चीन जाएंगे। यह दौरा 31 अगस्त और 1 सितंबर को होगा। पीएम मोदी की 2020 में गलवां घाटी में भारत-चीन सैन्य झड़प के बाद पहली चीन यात्रा होगी। उन्होंने पिछली बार 2019 में चीन का दौरा किया था। चीन जाने से* ▶▶शेष पेज 4 पर

ट्रंप के 25% अतिरिक्त टैरिफ पर भारत की दो टूक

### अमेरिकी राष्ट्रपति का निर्णय अनुचित और अविवेकपूर्ण

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ के मामले पर बुधवार को भारत ने बेहद कड़े अंदाज में अपनी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक आधिकारिक



बयान में कहा कि बीते कुछ दिनों से संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए) भारत द्वारा रूस से की जा रही तेल की खरीद को लेकर उस पर निशाना साध रहा है। इस संबंध में उसका भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने का निर्णय पूरी तरह से गलत, अनुचित और अविवेकपूर्ण है। भारत अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने अमेरिका द्वारा चुने गए अतिरिक्त टैरिफ के फैसले को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया और कहा कि भारत ने ▶▶शेष पेज 4 पर

परीक्षा पे चर्चा 'गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड' में शामिल

### पीएम के कार्यक्रम को 21 करोड़ से अधिक लोगों ने टीवी पर देखा




एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बहुचर्चित और छात्रों के बीच बेहद लोकप्रिय कार्यक्रम 'परीक्षा पे चर्चा' (पीपीसी) ने इतिहास रच दिया है। इस कार्यक्रम अब एक विश्व रिकॉर्ड बन चुका है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने यह जानकारी दी कि परीक्षा पे चर्चा को गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज कर लिया गया है। इस वर्ष के आयोजन में 3.53 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने रजिस्ट्रेशन किया, और 21 करोड़ से अधिक लोगों ने इसे टेलीविजन पर देखा। प्रधान ने कहा कि यह व्यक्तिगत संतोष और गौरव की बात है ▶▶शेष पेज 4 पर

■ 3.53 करोड़ से ज्यादा छात्रों ने किया रजिस्ट्रेशन

### आरोपियों ने प्रेमी की पिटाई की



# प्रेमी के साथ जंगल घूमने गई युवती से किया गैंगरेप

### 4 में से 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶सीधी

यहां एक दलित युवती से गैंगरेप का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक एक प्रेमी जोड़ा जिनकी शादी तय हो चुकी थी वे बढौरा में शिव मंदिर में दर्शन करने गए थे।

इसी दौरान जंगल में चार लोगों ने जबरन दलित युवती को उठा लिया और गैंगरेप की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने फिलहाल चार में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वारदात मंगलवार दोपहर की है। चार आरोपी टू व्हीलर से आए और पीड़िता को ▶▶शेष पेज 4 पर

### पीड़िता को पीटा मोबाइल भी छीना

पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उन्हें धमकाया कि अगर किसी को बताया तो दोनों को जान से मार देंगे। दोनों के मोबाइल भी छीन लिए। किसी तरह खुद को संभालते हुए पीड़िता जंगल से दोपहर करीब 2.30 बाहर आई। इसके बाद इलाके के सरपंच के पति दलवीर सिंह गोंड ने पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जंगल में गई। वहां एक टॉवल और कुछ जगहों पर संघर्ष के निशान मिले। पुलिस ने कहा कि बाकी एक आरोपी के जल्द पकड़ लिया जाएगा।









**तहसीलदार-नायब तहसीलदार ने बंद किया काम**

## न्यायिक-गैर न्यायिक कार्य के विभाजन से हैं नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

प्रदेश के तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने बुधवार से राजस्व संबंधी सभी कामों से हाथ खींच लिया है, लेकिन उन्होंने इसे हड़ताल या अवकाश नहीं बताया। अब अधिकारी सिर्फ आपदा प्रबंधन से

■ केवल आपदा प्रबंधन की ही सेवाएं देने का ऐलान



जुड़ी जिम्मेदारियां निभाएंगे। इस फैसले पूरे प्रदेश में राजस्व कार्य ठप हो सकते हैं। राजस्व अधिकारियों का कहना है कि वे ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 03 भी

**मुनीम को घेरा छाती पर अड़ा दिया कट्टा**

## बदमाशों ने दिनदहाड़े 30 लाख रुपए लूट लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ग्वालियर

ग्वालियर में दिनदहाड़े बदमाशों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। शहर के इंदिरा कॉलोनी में रहने वाले शराब कारोबारी का मुनीम आसाराम कुशवाह स्कूटर से लगभग 30 लाख की रकम लेकर बैंक में जमा

■ मुनीम से पुलिस कर रही है पूछताछ



करने जा रहा था, इसी दौरान बदमाशों ने कट्टा अड़ा कर बैग छीना और मौके से भाग गए। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने ▶▶शेष पेज 4 पर






### नई दिल्ली के विज्ञान भवन में 26, 27 और 28 अगस्त को होगा आयोजन

चार प्रमुख महानगरों नई दिल्ली, बेंगलुरू, कोलकाता और मुंबई में होने वाले संवाद के कार्यक्रमों में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की उपस्थिति रहेगी

# आरएसएस अपने शताब्दी वर्ष में समाज के सभी वर्गों की प्रमुख हस्तियों से करेगा संवाद

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के निमित्त देश भर में जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला में समाज के सभी वर्गों की प्रमुख हस्तियों से संवाद का कार्यक्रम भी होने वाला है।

इसके तहत देश के चार प्रमुख महानगरों नई दिल्ली, बेंगलुरू, कोलकाता और मुंबई में होने वाले संवाद के कार्यक्रमों में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत की



उपस्थिति रहेगी। इसी श्रृंखला के तहत नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आगामी 26, 27 और 28 अगस्त को आयोजित होने जा रही व्याख्यानमाला के बारे में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने बताया कि विज्ञान भवन में आयोजित होने जा रही तीन दिवसीय व्याख्यानमाला में समाज के सभी क्षेत्रों, वर्गों और विचारधाराओं की प्रमुख हस्तियां शामिल होंगी। इसके लिए सामाजिक, आर्थिक, आध्यात्मिक, खेल, शिक्षा, ज्ञान परंपरा एवं भाषा, इंटरप्रेन्योर और भारत स्थित विभिन्न देशों को राजदूतों सहित 17 मुख्य और 138 सह-श्रेणियों में समाज जीवन के सभी क्षेत्रों की प्रमुख्य हस्तियों को आमंत्रित किया जा रहा है। आंबेकर ▶▶शेष पेज 4 पर

### संघर्षग्रस्त विश्व को हिंदू धर्म की आवश्यकता

**नागपुर।** आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने शायद ही कभी किसी फिल्म का जिक्र किया हो, लेकिन बुधवार को उन्होंने छावा मूवी की बात की। उन्होंने कहा कि भारत का इतिहास बताता है कि 'धर्म' के लिए अनेक बलिदान दिए गए। 'धर्म के लिए ढेरों सिर काटे गए, लेकिन किसी ने धर्म नहीं छोड़ा। आप सभी ने 'छावा' फिल्म देखी होगी। यह सब (बलिदान) हमारे लोगों ने किया। वे हमारे लिए एक मिसाल हैं।' नागपुर ▶▶शेष पेज 4 पर


बढ़ता बहनों का विश्वास
बढ़ती घर-घर
खुशियां
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को
रक्षाबंधन का उपहार
₹1859 करोड़ की राशि का अंतरण
आज आयेंगे हर बहन के खाते में
₹250 रक्षाबंधन शगुन और
प्रतिमाह के ₹1250 सहित कुल ₹1500
28 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग
के लिये ₹43.90 करोड़ की सहायता
7 अगस्त 2025 | अपराह्न 2:30 बजे
मंडी प्रांगण, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
D-11075/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

भोपाल
गुरुवार, 7 अगस्त 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-13
वर्ष : 12, अंक : 128
पृष्ठ : 16 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 30
न्यून. 23

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



उत्तरकाशी में जलप्रलय के बाद मलबे के बीच जिंदगी की तलाश

# 225 से अधिक जवानों ने संभाला मोर्चा, 2 चिनूक, 2 एमआई-17 हेलिकॉप्टर जुटे

## सीएम पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया

अभी भी मलबे में धराली के 8 स्थानीय युवक, 2 नेपाली मूल के व्यक्ति और सेना के 10 जवान लापता



एजेंसी ▶▶उत्तरकाशी

बादल फटने के बाद धराली गांव और हर्षिल स्थित सेना के कैंप में आए मलबे में दूसरे दिन बुधवार को भी जिंदगियों को तलाशने का अभियान जारी रहा। सेना, आईटीबीपी और एसडीआरएफ की टीमें लगातार खोज और बचाव कार्य में जुटी रहीं। इस दौरान धराली के एक 32 वर्षीय युवक आकाश पंवार का शव मलबे से बरामद किया गया। हर्षिल में मलबे में फंसे 11 घायल जवानों को भी सुरक्षित बाहर निकाला गया। उन्हें हेलीकॉप्टर की मदद से जिला अस्पताल, आईटीबीपी अस्पताल और देहरादून भेजा गया। राहत व बचाव कार्य में 225 से अधिक सैन्यकर्मी, जिनमें पैदल सेना और इंजीनियरिंग टीमें शामिल हैं, खोज, बचाव और राहत कार्यों के लिए ▶▶शेष पेज 4 पर

### उत्तराखंड के सांसदों की प्रधानमंत्री से मुलाकात

हरिद्वार सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत, गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी, टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह और नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। इस दौरान धराली क्षेत्र में आई भीषण आपदा, उसकी भयावहता, प्रभावित परिवारों की स्थिति और चल रहे राहत-बचाव कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा हुई।

उधर, हिमाचल में बारिश का कहर

### किन्नौर कैलाश यात्रा स्थगित, 413 श्रद्धालु रेस्क्यू, 617 सड़कें बंद

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के चलते किन्नौर कैलाश यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया गया है और यात्रा मार्ग पर फंसे 413 श्रद्धालुओं को रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया है। 617 सड़कें बंद हैं।

भोपाल की आदमपुर कचरा खंती में 22 अप्रैल को लगी थी आग

# सीपीसीबी ने सुप्रीम कोर्ट में पेश की 80 पेज की रिपोर्ट, बताया खतरनाक



- भोपाल से हर रोज निकलता है 850 टन कचरा
- निष्पादन नहीं होने से बन रहा कचरे का पहाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

राजधानी के पास स्थित आदमपुर कचरा खंती में आग की घटना को लेकर सुप्रीम कोर्ट में चल रहे प्रकरण में मंगलवार को सुनवाई हुई। जिसमें सीपीसीबी (सेंट्रल पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड) ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। कोर्ट ने 16 मई की सुनवाई में सीपीसीबी से रिपोर्ट तलब की थी। 80 पेज की रिपोर्ट में सीपीसीबी ने कोर्ट को बहुत कुछ बताया है। प्रकरण में अगली सुनवाई पांच दिन बाद संभावित है। सीपीसीबी की 80 पेज की रिपोर्ट में ▶▶शेष पेज 4 पर

यहां का पानी न सिर्फ पीने बल्कि सब्जी और फसलों के पैदावार के लिए भी ठीक नहीं

पानी में 100 गुना से ज्यादा आयरन



### रिपोर्ट में कहा- निगम के पास पर्याप्त संसाधन नहीं

डॉ. पांडे ने बताया कि कचरे की वजह से आदमपुर और आसपास के लोगों का जीवन तो नर्क हो गया है। भोपाल शहरवासी भी प्रभावित है, क्योंकि वहां की सब्जी और दूध आदि सामान भोपाल लाया जाता है। आदमपुर खंती में बार-बार आग लगती है। इसे निगम ने एंट्री ही भी नहीं की। निगम के पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं।

विधानसभा में मोटरयान कराधान संशोधन विधेयक 2025 पारित

# अब घर बैठे मिलेगा ड्राइविंग लाइसेंस बकाया टैक्स पर चार गुना जुर्माना

परिवहन मंत्री उदय प्रताप बोले-टैक्स चोरी को रोकेगी नई व्यवस्था

◆ विधेयक पारित होने पर मंत्री ने खुशी जताई और कहा कि यह संशोधन न केवल राजस्व बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि अव्यवस्थाओं पर भी लगाम लगाएगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶भोपाल

अब लोगों को पासपोर्ट की तर्ज पर ड्राइविंग लाइसेंस भी घर बैठे मिलेगा। इसके लिए परिवहन कार्यालय के चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। यह जन सुविधा और डिजिटल गवर्नेंस को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह व्यवस्था की गई है विधानसभा में बुधवार को पारित मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान ▶▶शेष पेज 4 पर



बसों में क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाने पर 1000 रुपए प्रति सीट का जुर्माना तय किया गया

मालवाहक वाहनों में निर्धारित सीमा से अधिक माल ढोने पर 1000 रुपए प्रति टन की दर से जुर्माना वसूला जाएगा




### सेंट्रल गाइडलाइन के अनुरूप होगी व्यवस्था

परिवहन मंत्री सिंह ने सदन में विधेयक की खास बातें साझा करते हुए कहा कि यह कानून राज्य में परिवहन व्यवस्था को पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। मंत्री ने माना कि जुर्माना बढ़ने से भ्रष्टाचार बढ़ने का डर हो सकता है, लेकिन उन्होंने भरोसा दिलाया कि यह व्यवस्था सेंट्रल गाइडलाइन के अनुरूप होगी ▶▶शेष पेज 4 पर

### मप्र में टैक्स दरें अन्य राज्यों से कम

मंत्री सिंह ने कहा कि मप्र में टैक्स दरें अन्य राज्यों से कम हैं, खासतौर पर 10 लाख रुपए से कम कीमत के वाहनों पर। यह संशोधन केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप है और इसका उद्देश्य टैक्स चोरी को रोकना है। उन्होंने कहा कि सभी वाणिज्यिक वाहनों में पैनिक बटन की व्यवस्था अब देशभर में लागू है। ड्राइविंग लाइसेंस ▶▶शेष पेज 4 पर ▶▶पढ़ें पेज 02 भी



### विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए दो दिन पहले स्थगित

विधानसभा का 28 जुलाई से प्रारंभ हुआ मानसून सत्र बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। यह सत्र 8 अगस्त तक चलना था लेकिन काम पूरा होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने दो दिन पहले ही सदन के अनिश्चितकाल के ▶▶शेष पेज 4 पर

रेपो रेट में कोई बदलाव नहीं, 5.50 प्रतिशत पर स्थिर

# होम व कार लोन ईएमआई पर कोई असर नहीं विकास दर का अनुमान 6.5% पर बरकरार रखा

## आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को भी तटस्थ बनाए रखा

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक आखिरकार बुधवार को अपनी तीन दिन तक चले विचार-विमर्श समाप्त होने के साथ, गवर्नर संजय मल्होत्रा ने सुबह 10 बजे प्रमुख ब्याज दर पर फैसला सुना दिया। मल्होत्रा ने चालू वित्त वर्ष की तीसरी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा की और इसमें कोई परिवर्तन न करते हुए 5.50 प्रतिशत पर स्थिर रखा है। आरबीआई ने मौद्रिक नीति रुख को भी तटस्थ ▶▶शेष पेज 4 पर



### ट्रंप के 'डेड इकोनॉमी' बयान पर आरबीआई गवर्नर का पलटवार

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने डोनाल्ड ट्रंप के डेड इकोनॉमी वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही है और यह वैश्विक विकास में अमेरिका की तुलना में अधिक योगदान दे रही है। उन्होंने कहा कि हम वैश्विक विकास में लगभग 18% का योगदान दे रहे हैं, जो अमेरिका (लगभग 11%) से कहीं अधिक है। भारत बहुत अच्छा कर रहा है और आगे और भी बेहतर करेगा।

लाड़ली बहनों को आज राखी का तोहफा

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देंगे 250 रुपए का शगुन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

- नरसिंहगढ़ से दी जाएगी लाड़ली बहना की 27वीं किस्त

रक्षाबंधन पर मध्यप्रदेश की 1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को बड़ा तोहफा मिलने जा रहा है। राखी पर सीएम डॉ. मोहन यादव बहनों को 250-250 रुपए का विशेष शगुन देंगे। यह शगुन लाड़ली बहना योजना के 1250 रुपए के अतिरिक्त होंगे। सीएम डॉ. यादव बहनों को यह राशि 7 अगस्त को राजगढ़ जिले के नरसिंहगढ़ से दोपहर करीब ▶▶शेष पेज 4 पर



कटनी में बड़ा सड़क हादसा

# ट्रक की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवकों के सिर धड़ से अलग

हरिभूमि न्यूज ▶▶कटनी

- रक्षाबंधन के लिए घर लौट रहे थे, एक्टिवा के परखच्चे उड़े

जिले में बुधवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। पीरबाबा बाय-पास में एक तेज रफ्तार ट्रक ने एक्टिवा सवार दो युवकों को मौत के घाट उतार दिया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों युवक के सिर धड़ से अलग हो गए। वहीं घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की है। जानकारी के ▶▶शेष पेज 4 पर



महाराष्ट्र सरकार ने हथिनी महादेवी को वापस मठ भेजने के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है

# हथिनी महादेवी को कोल्हापुर भेजने के लिए वनतारा की टीम तैयार, मुख्यमंत्री फडणवीस से की मुलाकात

## सुप्रीम कोर्ट ने हथिनी को स्थानांतरित करने का दिया था आदेश, हथिनी फिलहाल वनतारा में

एजेंसी ▶▶मुंबई


महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि वनतारा की टीम हथिनी महादेवी को कोल्हापुर के मठ में वापस भेजने के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने हथिनी महादेवी को वापस मठ भेजने के लिए सुप्रीम कोर्ट में जो याचिका दायर की हुई है, वनतारा की टीम भी उस याचिका में शामिल होगी। वनतारा ने कहा है कि उन्होंने हथिनी को कोल्हापुर के मठ से जामनगर ▶▶शेष पेज 4 पर



### वनतारा ने कभी भी इस स्थानांतरण की पहल नहीं की

वनतारा का कहना है कि हम यह स्वीकार करते हैं कि जैन मठ और कोल्हापुर की जनता के लिए महादेवी का गहरा धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व है। दशकों से वह आध्यात्मिक परंपराओं और सामुदायिक जीवन का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं। हम जैन मठ के नेतृत्व, श्रद्धालुओं और व्यापक समुदाय की भावनाओं को पहचानते और सम्मान करते हैं। इस मामले में वनतारा की भूमिका केवल सुप्रीम कोर्ट और बॉम्बे हाई कोर्ट द्वारा जारी बाध्यकारी निर्देशों के अनुसार कार्य करने तक सीमित रही है। महादेवी को स्थानांतरित करने का निर्णय न्यायिक प्राधिकरण के तहत लिया गया था ▶▶शेष पेज 4 पर



## आने वाले 3 साल में 30 लाख किसानों को स्थाई और 2 लाख किसानों को अस्थाई बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे: मुख्यमंत्री डॉ.यादव

# 500 की जगह एक हजार में होगा रेंट एग्रीमेंट, प्रॉपर्टी एग्रीमेंट चार गुना महंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

विधानसभा के मानसून सत्र में सरकार ने आम लोगों पर स्टांप ड्यूटी का बोझ बढ़ा दिया है, जिससे पांच सौ के स्टांप पर होने वाले किरायानामे के लिए अब एक हजार रुपए देना पड़ेंगे। प्रॉपर्टी का रेंट एग्रीमेंट की स्टांप की राशि चार गुना बढ़ाई है, जिसमें एक हजार में होने वाला प्रॉपर्टी एग्रीमेंट अब पांच हजार रुपए के स्टांप पर होगा। इसी तरह रिवाल्वर और पिस्टल की स्टांप ड्यूटी भी पांच हजार से बढ़ाकर दस हजार रुपए कर दी गई है। विधानसभा में भारतीय स्टांप मध्य प्रदेश संशोधन विधेयक को लेकर विपक्ष ने हंगामा किया। स्टांप शुल्क बढ़ाने का विरोध करते हुए कांग्रेस विधायकों ने सदन से वॉकआउट कर नारेबाजी की। बुधवार को सदन में 8 विधेयक पेश किए गए। भारतीय स्टांप मध्य प्रदेश संशोधन विधेयक 2025 समेत सभी 8 विधेयक चर्चा के बाद पारित कर दिए गए।

स्टांप संशोधन विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने कहा कि स्टांप ड्यूटी बढ़ाने पर लोगों पर बोझ बढ़ेगा। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि एक तरफ कहा जाता है कि हम टैक्स नहीं बढ़ा रहे हैं, दूसरी तरफ इस तरह से शुल्क बढ़ाया जा रहा है।

सिंघार ने कहा कि सरकार कहती है कि हम विकास के लिए कर्ज ले रहे हैं तो फिर यह शुल्क क्यों बढ़ाया जा रहा है। उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जवाब देते हुए कहा कि जो बढ़ाया है वह सोच-समझकर बढ़ाया है। एससी-एसटी और ओबीसी के लिए एफिडेविट मुफ्त है। यह संशोधन 11 साल के बाद आए हैं, जो 64 बिंदु में से 12 बिंदु में लागू होंगे।




### विधानसभा में भारतीय स्टांप संशोधन विधेयक पास

**एससी एसटी और ओबीसी के लिए एफिडेविट मुफ्त**

### विधेयक के विरोध में कांग्रेस विधायकों ने किया वॉकआउट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सदन में कहा कि आने वाले 3 साल में 30 लाख किसानों को स्थाई और 2 लाख किसानों को अस्थाई बिजली कनेक्शन दिए जाएंगे। किसानों को सोलर बिजली से कनेक्शन दिए जाएंगे। उन्होंने सत्र के सफलतापूर्वक चलने पर विपक्ष की भी तारीफ की।

### सिंघार बोले, विधायक निधि 5 करोड़ रुपए की जाए

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि देश में सबसे कम सत्र चलाने वाला मध्य प्रदेश राज्य बन गया था, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष के प्रयासों से इसमें सुधार हुआ है। विधानसभा की कार्यवाही का लाइव टेलीकास्ट हो, इसके लिए विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और सदन को विचार करना चाहिए। सिंघार ने कहा कि 2 करोड़ की विधायक निधि आज की स्थिति में पर्याप्त नहीं है, इसे बढ़ाकर पांच करोड़ किया जाना चाहिए।

### किसानों पर बिजली के केस बनाकर वसूली

*प्रदेश में किसानों पर बिजली के केस बनाकर पेनल्टी लगाने और कनेक्शन धारी किसानों पर अवैध कनेक्शन बताकर ब्याज वसूली से पैदा हालात की जानकारी कांग्रेस विधायक महेश परमार ने सदन में दी। उन्होंने कहा कि किसानों के साथ लूट की जा रही है। मोटर के कनेक्शन गलत बताकर वसूली निकाली जा रही है। किसानों को सिर्फ बिल सौंपे पर जा रहे हैं। लोक अदालत में छूट का प्रतिशत 30 से बढ़ाकर 50 किया जाए। बिजली विभाग का नाम बदलकर जबरन वसूली विभाग रख देना चाहिए। 16 प्रतिशत ब्याज सरकार किसानों से वसूल रही है।*

**परमार ने कहा, जब पुराने मीटर सही तो नए मीटर क्यों**

*स्मार्ट मीटर लगाए जाने का विरोध करते हुए विधायक परमार ने कहा कि जहां मीटर लगाए जा रहे हैं, वहां 250 रुपए का बिल 2500 से 3000 आ रहा है। जब पुराने मीटर सही काम कर रहे हैं, तो नए मीटर क्यों लगाए जा रहे हैं, ऊर्जा मंत्री इसका जवाब दें।*

### जयवर्धन बोले, स्टांप शुल्क बढ़ाकर बढ़ाया जनता पर बोझ

कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा लाए गए विधेयक से जनता पर बोझ बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एक तरफ उद्योगपतियों को सरकार छूट देती है और दूसरी ओर आम जनता पर स्टांप शुल्क बढ़ाकर बोझ बढ़ाया जा रहा है। वृद्धावस्था पेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन समेत किसी तरह की पेंशन में कोई वृद्धि नहीं की जा रही है, लेकिन संपत्ति के लेन-देन, कानूनी दस्तावेज, स्टांप ड्यूटी बढ़ाई जा रही है। जयवर्धन ने कहा कि एफिडेविट का सबसे अधिक उपयोग किसान और आम आदमी करता है, उसकी राशि बढ़ाई जा रही है। यह जनता के हित में नहीं है।



### शिविरों की जानकारी नहीं दे पाए टेटवाल, स्पीकर बोले-धीमे बोलिए

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मंत्री वक्तव्य के बाद शिविरों की जानकारी मांगी तो मंत्री टेटवाल जवाब नहीं दे पाए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि जब भी जवाब देने के लिए आएं तो मौलिक और मूलभूत जानकारी साथ रहनी चाहिए। टेटवाल ने कहा कि कमजोर वर्गों को एक लाख तीन करोड़ की मदद दी गई है। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि एक लाख करोड़ दी गई है या एक करोड़ दी गई है, यह स्पष्ट नहीं है, राशि समझ में नहीं आई। इस पर विधानसभा अध्यक्ष ने मंत्री से कहा कि धीरे-धीरे अपनी बात रखें जो राशि को बताना चाहते हैं, वह धीमे बोलने से कम नहीं हो जाएगी।



### विधानसभा में ये विधेयक हुए पारित

- मध्य प्रदेश मोटरयान कराधान संशोधन विधेयक-2025
- मध्य प्रदेश जन विश्वास उपबंधों का संशोधन विधेयक-2025
- मध्य प्रदेश माध्यमस्थ अधिकरण संशोधन विधेयक-2025
- विधिक सहायता और विधिक सलाह निरसन विधेयक-2025
- भारतीय स्टांप मध्य प्रदेश संशोधन विधेयक-2025
- मध्य प्रदेश माल और सेवा कर संशोधन विधेयक-2025
- रजिस्ट्रीकरण मध्य प्रदेश संशोधन विधेयक-2025
- भारतीय स्टांप मध्य प्रदेश द्वितीय संशोधन विधेयक-2025

### कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी की

## पुलिस की वर्दी पहनकर कांग्रेस विधायकों ने कहा: आरक्षक भर्ती घोटाला 'व्यापमं पार्ट 2'



भाजपा सरकार को घेरने के लिए कांग्रेस विधायकों के विरोध प्रदर्शन के नए-नए अंदाज देने को मिल रहे है। बुधवार को विधानसभा मानसून सत्र के आठवें दिन आरक्षक भर्ती घोटाले को लेकर कांग्रेस विधायक पुलिस की वर्दी पहनकर विधानसभा पहुंचे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में आरक्षण भर्ती घोटाले की जांच की मांग करते हुए महात्मा गांधी प्रतिमा के पास बैठकर विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उमंग सिंघार ने कहा कि आरक्षक भर्ती परीक्षा में असली उम्मीदवारों की जगह नकली सॉल्वर परीक्षा दे रहे थे। जांच में फोटो, सिग्नेचर, हैंडराइटिंग और फिंगरप्रिंट मेल नहीं खा रहे, फर्जी आधार कार्ड के जरिए सात हजार 411 पदों की भर्ती में खुला खेल जारी है। सरकार घोटाले के बाद भर्ती प्रक्रिया में भ्रष्टाचार को संरक्षण देकर युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है। सिंघार ने कहा कि आरक्षण भर्ती घोटाला 'व्यापम पार्ट 2' है और इसकी निष्पक्ष न्यायिक जांच कर दोषियों को सजा दी जानी चाहिए।

### मुख्यमंत्री के विभाग में भी हो रहे घोटाले: सिंघार

*उमंग सिंघार ने कहा कि जो युवा मेहनत कर पढ़ाई कर परीक्षा देते हैं उनका साथ धोखा हो रहा है, लेकिन व्यापमं जैसे घोटाला करने वाले लोग जो सरकार में बैठे हैं वो फर्जी कांस्टेबल बनाना चाहते हैं लेकिन कांग्रेस चुप नहीं रहेगी। जब तक इस पूरे घोटाले में शामिल लोगों को न्यायिक प्रक्रिया के तहत सजा नहीं मिलती, कांग्रेस का आंदोलन विधानसभा से लेकर सड़क तक जारी रहेगा। कांग्रेस के प्रदर्शन पर भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने पलटवार करते हुए कहा कि पूरा देश जानता है कि कांग्रेस अब खुद बेरोजगार पार्टी बन चुकी है। जबकि प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार नियुक्तियां कर रही है और अब तक एक लाख से अधिक युवाओं को नौकरी दी जा चुकी है।*

### विधानसभा में पारित हुआ जन विश्वास विधेयक 2025

## अब छुटपुट मामलों में नहीं लगाने होंगे कोर्ट-कचहरी के चक्कर

मध्यप्रदेश सरकार ने आम लोगों, उद्यमियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक कानूनी उलझनों से राहत देने के उद्देश्य से जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2025 विधानसभा में प्रस्तुत किया, जिसे सदन में चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस विधेयक के तहत चार पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया गया है, वहीं 16 कानूनों की 44 धाराओं को अपराध की श्रेणी से बाहर कर सामान्य आर्थिक दंड (पेनल्टी) में बदला गया है। मंत्री चैतन्य काश्यप ने मंगलवार को विधेयक को विधानसभा में पेश किया और बुधवार को इस पर हुई चर्चा के दौरान बताया कि अब छोटी-मोटी त्रुटियों या अनजाने में हुए सिविल उल्लंघनों पर आम नागरिकों और व्यवसायियों को कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं लगाने होंगे। यह विधेयक 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और न्याय प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



### 'जन विश्वास 2.0' लाने का औचित्य स्पष्ट नहीं

*कांग्रेस विधायक सोहनलाल वाल्मीकि ने विधेयक पर सवाल खड़े किए और कहा कि 'जन विश्वास 2.0' का अभी तक कोई ठोस असर नहीं दिखा, ऐसे में 2.0 लाने का औचित्य स्पष्ट नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधेयक केवल अफसरों की सलाह से बनाया गया है और इसमें आम जनता, विशेषज्ञों या जमीनी अनुभव को शामिल नहीं किया गया। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि यह प्रावधान केवल आर्थिक रूप से सक्षम लोगों को फायदा पहुंचाएगा, जबकि गरीब तबका पेनल्टी या सजा के डर से परेशान रहेगा।*

### विधायक जयवर्धन सिंह का आरोप

## फर्जी मरीज, फर्जी इलाज, फर्जी अस्पताल को मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से हो गया 50 लाख रुपए का भुगतान

मध्यप्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद में हुए भ्रष्टाचार का बड़ा मामला उठाया। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि गुना जिले में एक फर्जी अस्पताल को 10 महीनों में करीब 50 लाख की सहायता राशि जारी कर दी गई, जबकि वह अस्पताल कागजों पर ही संचालित हो रहा था। विधानसभा में जयवर्धन सिंह ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि गुना जिले में भोपाल सिटी अस्पताल नामक एक अस्पताल को मुख्यमंत्री सहायता राशि के तहत लाखों रुपए दिए गए, जबकि यह अस्पताल पूरी तरह फर्जी था। भोपाल सिटी अस्पताल गुना में कभी अस्तित्व में था ही नहीं। यह अस्पताल 19 जुलाई 2024 से फर्जी तरीके से संचालित किया जा रहा था। जयवर्धन सिंह ने आगे कहा कि अस्पताल के फर्जी संचालक राजेश शर्मा ने फर्जी मरीजों के नाम पर राशि ठगी। लोगों के नाम और पहचान का उपयोग कर उनके नाम पर फर्जी इलाज दिखाया गया। कई ऐसे लोगों के वीडियो भी सामने आए, जिन्होंने साफ तौर पर कहा है कि ना वे भर्ती हुए, ना उन्हें कोई सहायता राशि मिली।

### अस्पताल बंद होने के बाद भी मिलती रही राशि

*जयवर्धन सिंह ने कहा कि चार अप्रैल 2025 को अस्पताल संचालक द्वारा एक पत्र जारी कर अस्पताल को बंद करने की बात कही गई। लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि अस्पताल के बंद होने के बाद भी उसे सहायता राशि मिलती रही। बंद होने के बाद भी 80,000, 1,20,000 और 75,000 की राशि का भुगतान किया गया। सवाल के जवाब में स्वास्थ्य मंत्री ने खुद विधानसभा में यह स्वीकार किया कि जांच के दौरान गुना में भोपाल सिटी अस्पताल का अस्तित्व नहीं मिला। जयवर्धन सिंह ने भाजपा सरकार पर हमला करते हुए कहा कि अभी तक हम व्यापम घोटाले की बात करते थे, फर्जी डॉक्टरों की बात करते थे, लेकिन अब भाजपा सरकार ने एक नई मिसाल पेश की है, फर्जी अस्पताल बनाकर भ्रष्टाचार करने की।*

### वेतन के हिसाब से हो रही गणना

## नगर निगम कर्मचारियों को 13 साल मिलेगा हाउस अलाउंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम कर्मचारियों को हाउस अलाउंस दिया जाएगा। जिसके लिए निगम ने काम शुरु कर दिया है। जिसके तहत इसी सप्ताह कर्मचारियों के खाते में राशि आने की उम्मीद है। पूरे 13 साल बाद कर्मचारियों को यह अलाउंस मिलने जा रहा है।

राज्य सरकार ने बीते 3 अप्रैल को सरकारी कर्मचारियों को एचआरए देने की घोषणा की गई थी। लेकिन कर्मचारियों के बीच असमंजस की स्थिति थी। क्योंकि इसमें यह स्पष्ट नहीं था कि एचआरए किस प्रकार से कर्मचारियों को दिया जाएगा। हालांकि बाद में 5 मई को राज्य सरकार ने एक संशोधित आदेश जारी किया, जिसमें कहा गया कि सरकारी कर्मचारियों को उनके वेतन पर ही एचआरए मिलेगा। 13 साल बाद बढ़ी भत्तों की राशि गृह विभाग के साथ विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को विकलांगता भत्ता, गृह किराया भत्ता, सचिवालय भत्ता, आदिवासी क्षेत्र भत्ता, यात्रा भत्ता, जोखिम भत्ता, दैनिक भत्ता, पुलिस कर्मियों के लिए आहार भत्ता, वर्दी धुलाई और सिलाई भत्ता दिया जाता है। लेकिन 2010 के बाद से यह राशि नहीं बढ़ी थी। अब सरकार ने भत्ते को बढ़ाने का ऐलान किया है।

## जूनियर व्याख्याताओं को ग्रेड-पे 6600 रुपए, जबकि सीनियर को सिर्फ 5400 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी इन दिनों मनमानी पर उतारू हैं। वे मुख्य सचिव अनुराग जैन, अवर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजोरा एवं सचिव डॉ. संजय गोयल के आदेशों को दरकिनार करते हुए उनका पालन करना उचित नहीं समझ रहे हैं। दरअसल, यह आरोप मप्र राजपत्रित अधिकारी संघ ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों पर लगाए हैं। संघ का कहना है कि उक्त वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आदेश जारी कर चुके हैं कि वर्ष 1974-75 के रिटायर सीनियर व्याख्याताओं को पिछले 8 वर्षों से द्वितीय समयमान वेतनमान में पे-फिक्सेशन से कम वेतन मिलने की गड़बड़ी दूर करने ग्रेड पे 5400 रुपए के स्थान पर ग्रेड पे 6600 रुपए नहीं दिया जा रहा है, जबकि समान व्याख्याता केडर पद में जूनियर 1994-95 के व्याख्याताओं को ग्रेड पे 6600 रुपए दिया जा रहा है। संघ का कहना है कि यह सरासर गलत है, इसलिए मांग है कि दोनों को समान ग्रेड-पे 6600 रुपए दिया जाए या जूनियर व्याख्याताओं का ग्रेड-पे रुपए 5400 कर उनकी रिकवरी की जाए। इस बारे में तीनों वरिष्ठ आईएएस अधिकारी आदेश दे चुके हैं।

### वाटर पार्क फिटनेस स्वास्थ्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण: मुख्यमंत्री

## इंदौर में प्रदेश के सबसे बड़े वाटर पार्क का वर्चुअल उद्घाटन

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वाटर पार्क न केवल मनोरंजन का माध्यम है, अपितु फिटनेस और स्वास्थ्य की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है। यह लोगों में उमंग और ऊर्जा से भर देता है।

डॉ. यादव ने बुधवार को इंदौर में 220 करोड़ रुपए की लागत से 25 एकड़ क्षेत्र में निर्मित प्रदेश के सबसे बड़े वाटर पार्क 'इमेजिका एक्वा' का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री तुलसीराम सिलावट, पूर्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर, ओमप्रकाश सकलेचा आदि उपस्थित थे।

### वाटर पार्क बदलते दौर में अनुपम उपहार



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इंदौर स्वच्छता की राजधानी है। इंदौर में यह वृहद् वाटर पार्क बदलते दौर में अनुपम उपहार होगा। इंदौर अद्वितीय और आदर्श नगर है। वाटर पार्क यहां की नई पहचान बनेगा। डॉ. यादव ने वाटर पार्क प्रारंभ करने के लिए मालपानी समूह को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मनुष्य का जल से गहरा संबंध है। पृथ्वी की उत्पत्ति से ही जीव जन्तु और मनुष्य जल के साथ जीवन व्यतीत करते हैं। स्नान से भी वही सुख मिलता है, जो माता-पिता के सानिध्य से प्राप्त होता है। हताशा और निराशा या कष्ट की स्थिति में मनुष्य के दुःख जल के संपर्क से दूर हो जाते हैं। राजेश संजय और मालपानी समूह के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री का कार्यक्रम में भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।




### चल नहीं पा रहा एडीजी का पावर..

पुलिस मुख्यालय की महत्वपूर्ण शाखा में पदस्थ एक एडीजी इन दोनों काफी परेशान हैं। समस्या यह है कि उनका पावर अपनी ही शाखा में नहीं चल पा रहा। पुलिस मुखिया से उनकी पटरी भी नहीं बैठ पा रही। उनके पत्रों को वरिष्ठ कार्यालय से क्वेश्चन मार्क लगाकर लौटा दिया जाता है। इसके पहले वह जहां-जहां पदस्थ रहे हैं,उनका खासा रुतबा रहा है। स्थिति यह है कि वह अपनी शाखा से जुड़ा कोई प्रस्ताव भी तैयार करते हैं तो वह ज्यादा आगे तक नहीं जा पाता, अब यही बात उन्हें अखर रही है। इसीलिए अब एडीजी ने शाखा से रवानगी का मन बना लिया है और वह अपने लिए उचित ठिकाना ढूंढ रहे हैं। जांच एजेंसियों का भी उनके पास अच्छा-खासा अनुभव है लेकिन दुविधा यह है कि वो पहले इसमें पदस्थ रह चुके इसलिए वहां दोबारा जा पाना मुश्किल है। लिहाजा वो फ्रंट लाइन की पदस्थापना के लिए प्रयासरत हैं।

### फिट होने के बाद भी कर रहे बाबूगिरी

ट्रैफिक संचालनालय में पदस्थ एक युवा अफसर इन दिनों अपना समय काट रहे हैं। लंबे समय से वह फील्ड में अपनी पदस्थापना करने के लिए प्रयासरत हैं, लेकिन उनका कोई आका नहीं है, इसलिए वह हर बार विफल हो जाते हैं। उनका मानना यह है कि वो अभी पूरी तरह फिट हैं, इसलिए फील्ड में बहुत अच्छा काम कर सकते हैं। कई बार उन्होंने आला अफसरों के सामने गुजारिश भी की, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। साहब का कहना है कि फील्ड में कई अनफिट लोग भी जमे हुए हैं, लेकिन फिट लोगों को बाबू बनाकर रखा है। साहब की सलाह है कि फील्ड में युवा लोगों को पदस्थ करना चाहिए, जो अपना सौ प्रतिशत दे सकें, लेकिन तबादले बिना जोड़-तोड़ के नहीं होते। यहां तो उपयुक्त पोस्टिंग चाहिए तो आपका कोई न कोई आका होना जरूरी है। बिना सिफारिश के कुछ नहीं हो सकता।

### विधायक की लताड़ से थाना प्रभारी खफा

राजधानी के एक थाना प्रभारी विधायक की लताड़ से खफा हो गए। दरअसल, थाने पर विधायक ने औचक निरीक्षण कर लिया। विधायक ने पहले उनकी चौकी का निरीक्षण किया था। जब चौकी पर कर्मचारियों के आमद और रवानगी का रिकार्ड नहीं मिला तो वह थाने पहुंचे थे। उन्हें चौकी से बताया गया था कि चौकी प्रभारी थाने गए हैं और वहीं रिकार्ड भी मिल जाएगा। अब विधायक चौकी से थाने पहुंच गए। वहां पता चला कि चौकी प्रभारी नहीं पहुंचे और वे कहां हैं, यह भी नहीं पता। चौकी प्रभारी के अलावा 11 पुलिसकर्मी चौकी से कहां थे, यह तक थाने के रिकार्ड में पता नहीं चला। इससे नाराज विधायक ने थाना प्रभारी को जमकर लताड़ लगाई। विधायक की लताड़ से थाना प्रभारी खफा हैं और अब रिकार्ड मेंटेन करने में लगे हैं।

### गेट पर शासकीय वाहन लगाकर साहब ने किया जाम

राजधानी के एक थाना प्रभारी इलाके में भ्रमण करने में माहिर हैं। मंगलवार को उनके इलाके में हाट बाजार लगा हुआ था। रात करीब साढ़े 9 बजे थाना प्रभारी अपने शासकीय वाहन से पहुंचे और परिसर के मुख्य गेट के सामने अपना वाहन लगा दिया। वे परिसर के अंदर जाने वाली सड़क पर खड़े होकर कॉलोनी के गार्ड से बातचीत करने लगे, जबकि उनका ड्राइवर गाड़ी में बैठा था। गाड़ी के बगल में मुख्य सड़क पर मवेशी बैठ गया। जिसे न तो ड्राइवर ने हटाया और न ही साहब ने हटाया। थाना प्रभारी लोगों से बातचीत करते रहे और सड़क पर जाम की स्थिति बनती रही। किसी की इतनी हिम्मत नहीं थी कि साहब का वाहन हटवा दें। साहब भी बातों में इतने व्यस्त कि सड़क पर लग रहा जाम और लोगों की परेशानी का ध्यान तक नहीं रहा।

प्रशांत शुक्ला/प्रकाश भोमरकर

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश संगठन महामंत्री ने किया शुभारंभ

### प्रदेश भर में 10 से 15 अगस्त तक चलेगा हर घर तिरंगा अभियान

## खंडेलवाल ने कहा, प्रदेश के हर घर में तिरंगा लहराएं, इस अभियान में जुट जाएं कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने बुधवार को 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय में केंद्र का शुभारंभ किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने केंद्र में भुगतान कर तिरंगा खरीदा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर 'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत प्रदेश के हर घर में तिरंगा शान से लहराए, इस अभियान में कार्यकर्ता जुट गए हैं।

10 अगस्त से 15 अगस्त तक प्रदेशभर में 'हर घर तिरंगा अभियान' चलाया जाएगा। 'हर घर तिरंगा अभियान' एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है। 10 अगस्त से 14 अगस्त तक मंडल स्तर पर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। 14 अगस्त को भारत विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर मौन जुलूस निकालने के साथ प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष उषा अग्रवाल सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

*'हर घर तिरंगा अभियान' के तहत भाजपा प्रदेश कार्यालय में हुआ केंद्र का शुभारंभ*




### अभियान को उत्सव की तरह मनाया जाए

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देश में प्रदेशभर में 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारंभ 10 अगस्त से किया जा रहा है। 'हर घर तिरंगा अभियान' एक यूनिक फेस्टिवल बन चुका है। प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने प्रदेश की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं से 'हर घर तिरंगा अभियान' को एक उत्सव की तरह मनाने की अपील की है। पार्टी के युवा मोर्चा और महिला मोर्चा के नेतृत्व में प्रदेश भर में 10 से 14 अगस्त तक 'तिरंगा यात्रा' का आयोजन किया जाएगा। स्वच्छता अभियान के बाद पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ युद्धवीरों, शहीदों और देश की सेवा में प्राण न्यौछावर करने वाले पुलिसकर्मियों के घर पहुंचकर परिजनों को सम्मानित किया जाएगा।

### युवा पीढ़ी को बताएंगे विभाजन की विभीषिका

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष खण्डेलवाल ने कहा कि अभियान के तहत 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर सभी जिलों में मौन जुलूस निकाला जाएगा। बैठकों का आयोजन कर देश के विभाजन के समय पीड़ितों के परिजनों से भेंट करने के साथ प्रदर्शनी और अन्य माध्यमों से युवाओं को देश के विभाजन की विभीषिका से अवगत कराया जाएगा। इसके साथ ही हर घर तिरंगा अभियान के तहत प्रदेश भर के सभी घरों में तिरंगा पहुंचे और शान से लहराए, इसके लिए भी पार्टी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता जुटेंगे।*



• खून की कमी • पेडू में दर्द • कमर कटना • तनाव • चिड़चिड़ापन

90 वर्षों से महिलाओं की No.1 औषधि व टॉनिक

• कमज़ोरी • हथेली व तलवों में जलन • खून साफ़ करे • रूप निखारे

आदि में सहायक



पूरे माह रहें एक्टिव, फिट व स्वस्थ

हेमपुष्पा

Helpline: 011-23261111


# हमीदिया अस्पताल में गुलियन बैरे सिंड्रोम से पीड़ित युवक को चार महीने बाद आया होश

## डॉक्टरों की मेहनत लाई रंग, प्रदेश का पहला मामला, जब कोई मरीज चार महीने तक वेंटीलेटर पर रहकर हुआ ठीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

हमारा भाई पूरी तरह से ठीक था। करीब चार महीने पहले उसके पैरों में कमजोरी होने लगी। हम जब तक हमीदिया पहुंचे, तब तक हाथ भी पूरी तरह से सुन्न पड़ गए थे।

डॉक्टरों ने जांच के बाद बताया कि यह लक्षण दुर्लभ गुलियन बैरे सिंड्रोम के हैं। भाई की स्थिति ऐसी थी कि कुछ ही घंटे में उसका पूरा शरीर ही सुन्न पड़ गया। अस्पताल में उसे तत्काल वेंटीलेटर सपोर्ट पर रखा गया। करीब चार महीने बाद वेंटीलेटर हटाया गया है। डॉक्टरों की लगातार मेहनत के बाद भाई के ठीक होने की उम्मीद बढ़ गई है। यह कहना है 26 साल के अभिषेक के भाई का। उन्होंने बताया कि अस्पताल के डॉक्टरों से ही भाई को नई जिंदगी मिली। हमीदिया अस्पताल प्रबंधन का दावा है कि प्रदेश में यह पहला मौका है, जब कोई मरीज इतने दिन तक वेंटीलेटर पर रहा। अभिषेक को 17 अप्रैल को अचानक हमीदिया में भर्ती कराया गया था। लगातार चार महीने 11 दिन तक वेंटीलेटर पर रहने के बाद बुधवार को उसे वेंटीलेटर से मुक्त किया गया।



### ठीक होने में लगेगा लंबा वक्त

डॉ. मनीराम के मुताबिक अभिषेक के शरीर में अभी भी कमजोरी है। एक भुजा की ताकत वापस आ गई है। श्वसन तंत्र भी काम करने लगा है। वे अपनी गर्दन भी संभाल सकते हैं। हालांकि पूरी तरह ठीक होने में उन्हें लंबा समय लगेगा।

### इलाज महंगा, एक इंजेक्शन 20 हजार का

जीबीएस एक ऑटो इम्युन सिस्टम नष्ट होने लगता है। इससे शरीर के कुछ हिस्सों या पूरे शरीर की मांसपेशियां कमजोर हो जाती हैं। इसका इलाज महंगा है। डॉक्टरों के मुताबिक मरीजों को आमतौर पर इम्युनोग्लोबुलिन इंजेक्शन का कोर्स करना होता है। निजी अस्पताल में इसके एक इंजेक्शन की कीमत 20 हजार रुपए है। इसके 20 से लेकर 50 इंजेक्शन तक लग सकते हैं।

### यह हैं लक्षण

*इस बीमारी में कमजोरी महसूस होती है, जो पैरों से शुरू होकर छाती और सिर तक जा सकती है। हाथों, पैरों या शरीर के अन्य हिस्सों में झनझनाहट या सुन्न होने का एहसास हो सकता है। गंभीर मामलों में, सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। मरीजों को मांसपेशियों की पूर्ण या आंशिक रूप से लकवा मारने की समस्या हो सकती है। आंतों और मूत्र प्रणाली की समस्या भी इस बीमारी के शिकार लोगों में देखी जाती रही है।*

### फेफड़े और दिल तक पहुंच गई थी बीमारी

मरीज की बीमारी फेफड़े और हार्ट तक फैल गई थी। इससे मरीज को न केवल सांस लेने में दिक्कत हो रही थी, बल्कि दिल की धड़कन भी बहुत कम हो गई थी। जीबीएस के चलते अभिषेक नर्व कंडक्शन स्टडी में शुद्ध मोटर न्यूरोपैथी पाई गई, जिससे निदान की पुष्टि हुई। न्यूरोलॉजी विभाग की सलाह पर इंट्रावीनस इम्यूनोग्लोब्युलिन की पूरी खुराक दी गई। रोगी को वेंटिलेटर-एसोसिएटेड निमोनिया भी हुआ, जिसके लिए एंटीबायोटिक्स दिए गए।

डॉ. आरएस मनीराम, हमीदिया अस्पताल

---

**अगला सिस्टम 12 को बनेगा**

## *कल बादल-हल्की बौछारों की संभावना, बनेगा नया सिस्टम प्रदेश में ज्यादा असर नहीं*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शुक्रवार को बांग्लादेश से लगे बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है। यह बांग्लादेश के ऊपर सक्रिय होने के साथ ही धीरे-धीरे उत्तर और पश्चिम की ओर आगे बढ़ेगा। मध्य प्रदेश में एंट्री लेने के बाद इसके काफी कमजोर होने के संकेत हैं। इससे मप्र के कुछ हिस्सों में को छोड़कर शेष प्रदेश में बादल, बौछारों और तेज हवाओं, गरज चमक के साथ बूंदाबांदी होने का अनुमान है। भोपाल में भी बादलों के साथ हल्की बौछारें हो सकती हैं।

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी मौसम आमतौर पर शुष्क रहेगा, जिससे तापमान में बढ़त होगी। शुक्रवार के बाद कुछ जिलों में बारिश होने से इन जिलों में पारा घट-बढ़ के साथ थमा रहेगा। भोपाल में भी मामूली बढ़त की उम्मीद है। इससे गर्मी और उमस बढ़ सकती है। शुक्ला के अनुसार इस सिस्टम के बाद 12 अगस्त को नया सिस्टम सक्रिय होगा, जिससे भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में मध्यम और कुछ जिलों में तेज से भारी बारिश हो सकती है। राजधानी में दिन का पारा दशमलव 7 डिग्री बढ़कर 32.7 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.2 डिग्री अधिक है। शहर की हवा में सुबह 81 और शाम को 58 फीसदी नमी दर्ज हुई। शाम की नमी में सोमवार की अपेक्षा 3 फीसदी की कमी रही है।

---

### तहसीलदार वर्ग के 1100 अफसरों की कलम बंद हड़ताल शुरू

# कुर्सियों से गायब मिले तहसीलदार 500 से अधिक पेशियां आगे बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

## *तहसील का काम, वीआईपी ड्यूटी में बंटवारे का मामला*

## *अफसरों की ड्यूटी गैर न्यायालीन काम में लगाई*

तहसील का काम और वीआईपी ड्यूटी में बंटवारे को लेकर बुधवार से राजधानी सहित प्रदेश के 11 सौ से अधिक तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसएलआर और एएसएलआर कलमबंद हड़ताल पर चले गए हैं।

जिसके तहत वह कुर्सी पर तो बैठेंगे, लेकिन काम नहीं करेंगे। इधर, राजधानी के तहसील दफ्तरों में यह अफसर दफ्तरों से गायब रहे, जिससे बाबुओं ने 500 से अधिक पेशियों को आगे बढ़ाया।




### आपदा प्रबंधन से जुड़े कामों के अलावा दूसरा कोई काम नहीं करेंगे

राजधानी में आठ अफसरों की ड्यूटी गैर न्यायालीन काम में लगाई गई है, जिससे न्यायालीन काम देखने वाले अफसरों को सुबह साढ़े दस बजे से शाम छह बजे तक तहसील दफ्तरों में ही बैठना है। मध्यप्रदेश राजस्व अधिकारी (कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा) संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि तहसीलों के काम से दूरी बनाई गई है। सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार जिला मुख्यालय में मौजूद हैं और आपदा प्रबंधन से जुड़े कामों के अलावा दूसरा कोई काम नहीं करेंगे। जब तक शासन न्यायिक और गैर न्यायिक विभाजन को लेकर की जा रही मांगों को नहीं मान लेता है, तब तक हमारा विरोध जारी रहेगा। मालूम हो कि प्रदेश में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसएलआर और एएसएलआर की संख्या 11 सौ से अधिक है।


**रोजाना 500 से ज्यादा मामलों में सुनवाई**

*जिले में तीन तहसील कोलार, बैरसिया और हुजूर हैं, जबकि पांच वृत्त संत हिरदाराम नगर, एमपी नगर, टीटी नगर, शहर और गोविंदपुरा शामिल हैं। इन सभी तहसील और वृत्त में नामांतरण, सीमांकन, फौती नामांतरण, मूल निवासी, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, ईडब्ल्यूएस सहित करीब 500 से अधिक मामले आते हैं। इसके अलावा हर दिन ढाई सौ से अधिक प्रकरणों में तहसीलदार, नायब तहसीलदार सुनवाई करते हैं।*

---

### न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वॉयर पर घोषणा

## एम्स की डॉ. रुपिंदर कौर को मिला बायो मेडिकल रिसर्च लीडर ऑफ द ईयर अवॉर्ड






हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के मेडिसिन विभाग की प्रमुख और रिसर्च की एसोसिएट डीन डॉ. रुपिंदर कौर कंवर को बायोमेडिकल रिसर्च लीडर ऑफ द ईयर (इंडिया) सम्मान मिला है।

यह सम्मान उन्हें फॉचुर्ना ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स (इंडिया एडिशन) के तहत दिया गया है। इसके साथ ही डॉ. कंवर का नाम दुनिया के सबसे प्रभावशाली 100 लीडर्स की सूची फॉचुर्ना ग्लोबल 100 द पावर लिस्ट 2025 में भी आया है। जिसकी घोषणा न्यूयॉर्क के टाइम्स स्क्वॉयर में की गई। दरअसल यह सूची हेल्थकेयर और बायोमेडिकल इनोवेशन में दुनिया भर के टॉप 100 लीडर्स को सम्मानित करती है।

### भारत को हेल्थकेयर इनोवेशन में वैश्विक लीडर बनाना लक्ष्य

*इस उपलब्धि पर डॉ. रुपिंदर कौर ने कहा है कि यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि एम्स भोपाल और भारतीय बायोमेडिकल रिसर्च समुदाय का है। हमारा लक्ष्य है कि हम भारत को हेल्थकेयर इनोवेशन में वैश्विक लीडर बनाएं। फॉचुर्ना ग्लोबल एक्सीलेंस अवॉर्ड्स को सबसे विश्वसनीय अंतरराष्ट्रीय सम्मान माना जाता है। इसका चयन पूरी तरह पारदर्शी प्रक्रिया और विशेषज्ञ जूरी द्वारा किया जाता है। टाइम्स स्क्वायर पर नाम आने से एम्स भोपाल की ग्लोबल पहचान और मजबूत हो गई है। यह सम्मान डॉ. रुपिंदर को उनकी दूरदर्शिता, वैल्यू-बेस्ड लीडरशिप और ट्रांसलेशनल मेडिसिन को आगे बढ़ाने के प्रयासों के लिए दिया गया। फॉचुर्ना मैगजीन ने उन्हें भारत में ट्रांसलेशनल मेडिसिन को नई दिशा देने वाली पहली वैज्ञानिक बताया है।*

---

# कोलार के निजी स्कूल में आपस में बच्चे भिड़े, एक की आंख में चोट, लगे 5 टांके

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के कोलार रोड स्थित विद्यांचल एकेडमी में बच्चों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। स्कूल में बुधवार सुबह करीब 8.30 बजे बच्चों के बीच आपस में झगड़ा हो गया और एक बच्चे को आंख में चोट आ गई।

इस दौरान क्लास में टीचर मौजूद नहीं थे। घटना के बाद प्रबंधन ने परिजनों सूचना दी, जिसके बाद बच्चे को अस्पताल ले जाया गया। जहां उसे आंख पास 5 टांके लगाए गए हैं। अभिभावक के अनुसार, बच्चे को स्कूल में डेढ़ घंटे तक कोई प्राथमिक उपचार नहीं दिया। वे पहले मामले को दबाना चाहते थे, लेकिन जब बच्चे की चोट से खून लगातार आता रहा तो उन्होंने 10 बजे फोन किया। बताया गया कि बच्चा खुद खेलते हुए गिर गया, लेकिन बच्चे ने डर के कारण पहले यह कहा, बाद में बताया कि उसे मारा गया है।



इससे नाराज परिजन ने सीएम हेल्पलाइन और 112 पर कॉल कर शिकायत की। इसके बाद प्रबंधन ने अभिभावक को जानकारी दी कि बच्चे क्लास में आपस में लड़ गए थे, जिसमें बच्चे को यह चोट आई है। मामले में स्कूल प्रबंधन से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके कार्यालय का नंबर बंद आया।

---

मां खाना बनाने में व्यस्त थीं और पिता ठेकेदार से बातचीत में, तभी हो गया हादसा

# निर्माणाधीन मकान की दूसरी मंजिल से गिरी पांच साल की मासूम, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित राजधानी परिसर में निर्माणाधीन मकान की छत से गिरकर पांच साल की मासूम घायल हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार कामिनी बंसल पिता श्रवण बंसल (5) मूलतः दमोह की रहने वाली थी।



उसके पिता श्रवण बंसल मिस्त्री का काम करते हैं। परिवार यहां राजधानी परिसर में निर्माणाधीन मकान में रह रहा था और मजदूरी करता था। सोमवार शाम कामिनी की मां खाना बना रही थी और पिता ठेकेदार से बातचीत कर रहे थे। इसी बीच कामिनी खेलते-खेलते से छत से नीचे गिर गई। पड़ोस में रहने वाले लोगों ने परिजन को बताया था कि कामिनी नीचे घायल अवस्था में पड़ी है। परिजन उसे उठाकर अस्पताल ले गए। वहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। परिजन ने बताया कि निर्माणाधीन मकान दो मंजिल का है। हादसे के समय वह पहली मंजिल से गिरी या दूसरी मंजिल से इसकी जानकारी किसी को नहीं है। परिजन में कामिनी सबसे छोटी बेटी थी, जबकि बड़ा भाई और बहन है।

---

### दोषी छात्रों के अभिभावकों से शपथ-पत्र भी लिया जाएगा

# *आरजीपीवी: रैंगिंग, मारपीट मामले में 8 छात्र हॉस्टल से निष्कासित, एक छात्र को छह महीने के लिए किया बाहर*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 2 अगस्त की देर रात हॉस्टल के छात्रों के बीच हुई मारपीट और रैगिंग के मामले में बुधवार को लगातार दूसरे दिन एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक हुई।

बैठक में निर्णय लेकर जांच में घटना के दोषी पाए गए 8 छात्रों को हॉस्टल से निष्कासित किया गया है। इनमें से एक छात्र को छह महीने के लिए संस्था से बाहर भी किया गया है, जबकि एक छात्र को हॉस्टल से निष्कासन के साथ ही परीक्षा परिणाम भी रोका गया है। आरजीपीवी यूआईटी के निदेशक के आदेश के अनुसार संस्था के बीटेक, द्वितीय वर्ष के एक छात्र आदर्श पाण्डेय ने संस्था परिसर में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास स्थित पुलिया के पास 2 अगस्त को रात में यूजीसी एंटी रैगिंग हेल्पलाइन को शिकायत की गई थी। बुधवार को हुई एंटी रैगिंग समिति की बैठक में प्रकरण में दोषी पाए गए 8 छात्रों पर कार्रवाई की गई है। संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि इन छात्र को चेतवनी पत्र जारी करते हुए इनके अभिभावकों से यह शपथ पत्र प्राप्त लें कि संबंधित छात्र भविष्य में किसी अनुशासनहीन गतिविधि में शामिल नहीं होंगे।

### एंटी रैगिंग कमेटी की बैठक लिया निर्णय, एक का रिजल्ट रोका




दो अन्य छात्र, जिनमें गुरप्रीत सिंह, एसओए, फिफ्थ ईयर और देव दाहिया, एसओआईटी द्वितीय वर्ष को मारपीट की घटना में सक्रिय भूमिका के कारण इनका छात्रवास के कक्ष आवंटन निरस्त करते हुए संस्था से छह माह के लिए निष्काषित किया गया है। साथ ही छात्र गुरप्रीत सिंह का परीक्षा परिणाम भी रोका गया है।

**मारपीट और रैगिंग मामले में इन छात्रों को हॉस्टल से निष्कासित किया**

मामले में आदर्श पाण्डेय, प्रवीण कुमार सिंह, राजीव पाण्डेय, बी.टेक द्वितीय वर्ष, आर्यन चौराल्या, देव शर्मा, प्रद्युम्न सोनी, बी.आर्क पंचम वर्ष को तत्काल प्रभाव से हॉस्टल से निष्कासित किया गया है।

---

## *बिना हेलमेट दिया पेट्रोल, स्टॉक में गड़बड़ी तीन पंपों पर होगा केस*

**भोपाल।** पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पेट्रोल देने की जांच में जुटी टीम को बैरसिया क्षेत्र के दो पेट्रोल पंपों में बड़ी गड़बड़ी मिली है। जिसके तहत श्रीदेव कृपा फूल्स पंप भोजापूरा बैरसिया में पंप संचालक बिना हेलमेट के पेट्रोल दे रहा था, जबकि टीम को एक्सप्लोसिव का लाइसेंस भी नहीं दिखाया गया। इसी तरह बीआर पेट्रोल पंप बैरसिया के स्टॉक में गड़बड़ी, जिसमें करीब नौ लाख रुपए का पेट्रोल डीजल अधिक मिला। जिसे जब्त किया गया है।

जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन ने बताया कि टीम शहर में बिना हेलमेट के पेट्रोल देने वाले पंपों की जांच कर रही है, जिसके तहत चार दिन पहले टीम जब बैरसिया पहुंची, तो श्रीदेव कृपा फूल्स पंप भोजापुरा, बीआर पेट्रोल पंप बैरसिया और राजधानी फ्यूल्स किसान सेवा केंद्र पिपलिया में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल दिया जा रहा था। जिसके तहत कलेक्टर के निर्देश पर तीनों पंप संचालकों पर एफआईआर कराई जा रही है।


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

**भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में लिपिक संवर्ग में कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) की भर्ती**

भारतीय स्टेट बैंक में नियमित आधार पर कनिष्ठ सहयोगी (ग्राहक सहायता और विक्रय) के पद पर नियुक्ति के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

**रिक्तियों की संख्या :**
**नियमित: 5180 + बैकलॉग: 403**

पात्रता मानदंड (आयु, शैक्षणिक योग्यता, आदि), आवश्यक शुल्क, ऑनलाइन आवेदन करने एवं ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current_openings** पर विज्ञापन क्र. **CRPD/CR/2025-26/06** के अंतर्गत लिंक उपलब्ध हैं. प्रत्याशियों को परामर्श दिया जाता है कि वे विस्तृत विज्ञापन देखें और आवेदन करने एवं शुल्क भुगतान करने से पहले अपने पात्रता मानदंडों और अन्य विवरणों को सुनिश्चित कर लें.

• **ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क के भुगतान की तिथि: 06.08.2025 से 26.08.2025 तक.**

अधिक जानकारी के लिए **"CONTACT US" → "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो ऊपर उल्लिखित बैंक की आधिकारिक वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current_openings** पर उपलब्ध है.

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 06.08.2025

**महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)**

## जैकेट का शेष

### कुबेरेश्वर धाम में ...

(फिरोजाबाद) की मौत हो गई थी। बुधवार को हरियाणा की सुनीता हाईवे पर गिरकर घायल हो गई, वहीं मथुरा की पूजा सैनी और नागपुर की मनीषा भी भीड़ में गिरकर बेहोश हो गईं। तीनों को अस्पताल पहुंचाया गया है। मंगलवार की भगदड़ में भी 10 अन्य श्रद्धालु घायल हुए थे। इनमें कुछ की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है। इधर, सीहोर कलेक्टर बाला गुरु के और एसपी दीपक शुक्ला ने श्रद्धालुओं की मौत को स्वास्थ्य कारणों से हुई प्राकृतिक मौत बताया। प्रशासन ने कहा कि कोई भगदड़ नहीं हुई, बल्कि दोनों की हालत पहले से ही खराब थी। हालांकि यह बयान श्रद्धालुओं और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुभवों से मेल नहीं खाता।

### ट्रंप ने भारत पर...

घोषणा की गई थी। इसके पीछे की वजह ट्रंप ने रूस से तेल खरीदना बताया था। ट्रंप द्वारा साइन के गए आदेश के अनुसार, यह टैरिफ 21 दिनों के भीतर प्रभाव में आएगा, यानी 27 अगस्त 2025 से भारत से अमेरिका भेजे जाने वाले सामानों पर लागू होगा। हालांकि, वे वस्तुएं जो इस तारीख से पहले रवाना हो चुकी होंगी और 17 सितंबर 2025 से पहले अमेरिका पहुंच जाएंगी, उन्हें इस शुल्क से छूट मिलेगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह टैरिफ अन्य सभी शुल्कों और टैक्स के अतिरिक होगा और कुछ खास मामलों में छूट भी दी जा सकती है। ट्रंप प्रशासन ने संकेत दिया है कि यदि कोई और देश भी रूस से परोक्ष या सीधे तौर पर तेल आयात करता है, तो उस पर भी इसी तरह की कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही, यदि रूस या कोई अन्य प्रभावित देश अमेरिका की नीतियों के अनुरूप कदम उठाता है, तो इस आदेश में बदलाव भी संभव है।

**झड़प के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्राः** इस दौरान जयशंकर ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले का मुद्दा उठाते हुए कहा था कि सदस्य देशों को संगठन के मूल उद्देश्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए और आतंकवाद के खिलाफ किसी भी तरह की नरमी नहीं बरतनी चाहिए। जून 2020 में गलवान घाटी में हुई झड़प के बाद जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा है। उन्होंने कहा था कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ आतंकी हमला जानबूझकर जम्मू-कश्मीर की पर्यटन अर्थव्यवस्था को कमजोर करने और धार्मिक तनाव पैदा करने के मकसद से किया गया था। विदेश मंत्री ने एससीओ से अफगानिस्तान को विकास सहायता बढ़ाने का आह्वान किया था। जयशंकर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय, खासकर एससीओ सदस्य, को विकास सहायता बढ़ानी चाहिए। भारत इस दिशा में निश्चित रूप से कदम उठाएगा। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों के बीच परिवहन सुविधाओं और संपर्क को बेहतर बनाने की भी जरूरत पर जोर दिया था।

**ट्रंप की डेडलाइन खत्म होने से पहले अमेरिकी दूत पहुंचे रूसः** ट्रंप ने बीते कुछ दिनों में रूस के खिलाफ जुबानी हमले तेज कर दिए हैं। बीते महीने यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए रूस को 50 दिन की मोहलत देने के बाद ट्रंप ने इस डेडलाइन की समय सीमा को कम करते हुए 10 दिन कर दिया था। ट्रंप ने रूस को जंग न रोकने पर 100 फीसदी टैरिफ लगाने की धमकी भी दी है। इन सब के बीच ट्रंप के खास राजदूत स्टीव विटकॉफ बुधवार को रूस पहुंचे। यहां उन्होंने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात भी की है। रूसी राष्ट्रपति और विटकॉफ के बीच यह मुलाकात ट्रंप के डेडलाइन खत्म होने से महज 2 दिन पहले हुई है और इसीलिए इसे काफी अहम माना जा रहा है। क्रेमलिन ने बताया है कि स्टीव विटकॉफ ने व्लादिमीर पुतिन के साथ एक बैठक की है।

### ब्राजीली राष्ट्रपति...

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में जाने पर विचार कर रहा है। लूला ने यह भी कहा कि भले ही ट्रंप से उनकी बातचीत न हो, लेकिन वे नवंबर में होने वाले कॉप-30 क्लाइमेट समिट में ट्रंप को न्योता जरूर भेजेंगे। ट्रंप ने पिछले महीने एक बयान में कहा था कि ब्राजील में फ्री इलेक्शन पर हमला हो रहा है और अमेरिकी लोगों की अभिव्यक्ति की आजादी को कंट्रोल किया जा रहा है। इस वजह से 1 अगस्त 2025 से ब्राजील से अमेरिका आने वाले सभी उत्पादों पर 50% टैरिफ लगाया जाएगा।

### पीएम मोदी का दौरा...

पहले पीएम मोदी 30 अगस्त को जापान दौरा पर पहुंचेंगे। यहां वो भारत-जापान शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। साफ है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वार के बीच एससीओ एक मंच होगा, जिसके जरिए भारत, चीन और रूस ट्रंप को अपनी ताकत दिखाएंगे। एससीओ सदस्य देशों के साथ चर्चा में क्षेत्रीय सुरक्षा, आतंकवाद और व्यापार पर चर्चा होगी। भारत-चीन संबंधों में स्थिरता और संवाद बहाल करने के प्रयास किए जाएंगे। शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ अनौपचारिक मुलाकात की संभावना है। हालांकि, पीएम मोदी की जापान और चीन की यात्रा के बारे में अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इससे पहले अक्टूबर 2024 में प्रधानमंत्री मोदी की शी जिनपिंग से कजान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान मुलाकात हुई थी। इसके बाद दोनों देशों के बीच सीमा तनाव कम करने के प्रयासों में तेजी आई थी। वहीं पिछले महीने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की।

### अमेरिकी राष्ट्रपति का...

जो कदम उठाए हैं। वैसे ही कदम कई दूसरे देश भी अपने राष्ट्रीय हित में उठा रहे हैं। रणधीर ने ये भी कहा कि मामले पर हम पहले ही अपनी स्थिति साफ कर चुके हैं। जिसमें भारत ने बताया है कि उसका उक्त तेल आयात पूरी तरह से बाजार कारकों और देश के कुल करीब 140 करोड़ भारतीयों की ऊर्जा सुरक्षा की पूर्ति करने के उद्देश्य से जुड़ा हुआ है।

### पीएम के कार्यक्रम...

कि मैंने यह प्रमाणपत्र अश्विनी वैष्णव और जितिन प्रसाद के साथ स्वीकार किया। 2018 में शुरू हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के तनाव से मुक्त करना, उन्हें आत्मविश्वास देना और शिक्षकों और अभिभावकों को यह समझाना है कि बच्चों को केवल अंक की दौड़ में मत झोंको, बल्कि उनके सपनों में सहभागी बनो।

### प्रेमी के साथ जंगल...

जंगल की ओर खींच कर ले गए। इस दौरान आरोपियों ने उसके प्रेमी को पकड़ लिया और सिर पर डंडे से वार भी किया।

### न्यायिक-गैर न्यायिक...

सरकार द्वारा किए गए न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों के बंटवारे का लोकतांत्रिक ढंग से विरोध कर रहे हैं। राजस्व कार्यालयों में इस फैसले का सीधा असर जनता पर पड़ रहा है, क्योंकि नामांतरण, सीमांकन, जाति प्रमाणपत्र, आय प्रमाणपत्र, फसल नुकसान के आवेदन सहित कई काम रुके हुए हैं। इंदौर सहित ग्वालियर, जबलपुर और अन्य जिलों में अधिकारी विभागीय वाहन और डिजिटल डोंगल लौटाकर काम बंद करने की चेतावनी दे चुके हैं। इस मौके पर राज्य संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान ने साफ किया कि वे ना तो हड़ताल कर रहे हैं और ना ही सामूहिक अवकाश पर हैं, लेकिन सरकार के एक फैसले के विरोध में काम से विरत रहेंगे। धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि राजस्व विभाग के न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यों के बीच शासन द्वारा किया गया विभाजन पूरी तरह अनुचित है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले से विभाग के करीब आधे अधिकारियों को उनके मूल राजस्व कार्यों से अलग कर दिया गया है, जिससे व्यवस्थाएं गड़बड़ा रही हैं।

### बदमाशों ने दिनदहाड़े ...

आया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह शराब ठेकेदार का मुनीम ऑफिस से अपने स्कूटर में 33 लाख रुपए लेकर निकला और यूनियन बैंक शब्द प्रताप आश्रम की शाखा में जमा करने जा रहा था। तभी दो बाइकों पर सवार होकर आए बदमाशों ने उसे घेर लिया और उसके सीने पर कट्टा अड़ाकर लूट की घटना को अंजाम दिया। शराब ठेकेदार जगदीश शिवहरे का कहना है कि मुनीम आसाराम कुशवाह उनके यहां लगभग 15 साल से काम करता है और लंबे समय से वह बैंक में रकम जमा करता रहा है। दिनदहाड़े लूट की घटना के बाद पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गई है और सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। वहीं ग्वालियर आईजी अरविंद सक्सेना का कहना है कि विनोद शिवर शराब कारोबारी है और उनके घर वाले ऑफिस से मुनीम आसाराम कुशवाह लगभग 30 लाख की रकम लेकर बैंक में जमा करने जा रहा था। इस दौरान यह घटना घटी। शहर में सभी जगह नाकाबंदी कर दी है। बदमाशों तक पहुंचाने की कोशिश की जा रही है। वहीं मुनीम से भी पूछताछ की जा रही है।

### आरएसएस अपने...

ने कहा कि इसमें 100 वर्षों की यात्रा के दौरान संघ की भूमिका एवं अनुभवों के साथ ही भविष्य में जिन क्षेत्रों में संघ और स्वयंसेवकों को आगे बढ़ना है इस पर भी सरसंघचालक अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। साथ ही पंच परिवर्तन पर संघ की सोच और इसमें समाज की अपेक्षित सहभागिता की योजनाओं पर भी चर्चा होगी।

### संघर्षग्रस्त विश्व को...

में धर्म जागरण न्यास के नए भवन का उद्घाटन करते हुए भागवत ने कहा कि हमारा धर्म दुनिया की विविधता को स्वीकार करने की बात करता है। आज संसार में शांति से रहने के लिए यही शिक्षा जरूरी है। मोहन भागवत ने कहा कि आज के संघर्षग्रस्त विश्व को हिंदू धर्म की आवश्यकता है, क्योंकि यह एक सार्वभौमिक धर्म है, जो विविधता को स्वीकार करने की शिक्षा देता है।

## पेज एक का शेष

### सीपीसीबी ने सुप्रीम...

स्थिति ठीक नहीं बताई गई है। पानी में 100 गुना से ज्यादा आयरन मिला है। यहां का पानी न सिर्फ पीने बल्कि सब्जी और फसलों के पैदावार के लिए भी ठीक नहीं है। रिपोर्ट में आग की वजह को डिटेल में बताया गया है। ऐसी स्थिति के चलते निगम का कार्य संतोषजनक नहीं है। अभी आदमपुर खंती में 10 से 12 लाख टन कचरे का ढेर पड़ा है। नियम के अनुसार, रोज जितना कचरा आ रहा है, उतना ही खत्म भी हो। इस बात की जांच की गई। यह मामला नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) से जुड़ा है। पर्यावरणविद् डॉ. सुभाष सी. पांडे ने कहा कि आदमपुर खंती में आग लगने की घटनाओं को लेकर एनजीटी में मार्च 2023 में याचिका दाखिल की थी। इस पर 31 जुलाई-23 को नगर निगम पर 1 करोड़ 80 लाख रुपए का जुर्माना लगाया था। एनजीटी के इस आदेश के खिलाफ निगम ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई थी। जिस पर 16 मई-25 को सुनवाई हुई थी। इसमें निगम की ओर से जुर्माने की राशि माफ किए जाने की मांग रखी गई थी।

### अब घर बैठे मिलेगा...

संशोधन विधेयक 2025 में। विधेयक पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने कहा कि इस विधेयक में जो व्यवस्था की जा रही है, उसके बाद टैक्स की चोरी रुकेगी क्योंकि वाहनों पर बकाया टैक्स पर 4 गुना जुर्माना लगाया जाएगा। मंत्री के जवाब और चर्चा के बाद विधेयक ध्वनिमत से पारित कर दिया गया।

**कांग्रेस ने कहा- जुर्माना बढ़ने से बढ़ेगा भ्रष्टाचारः** विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस ने बकाया टैक्स वसूली और भ्रष्टाचार को लेकर सवाल उठाए। कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने आरोप लगाया कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर संभागों में लगभग 2500 रुपए करोड़ टैक्स बकाया है और सरकार इसे वसूल नहीं पा रही। दिनेश गुर्जर ने कहा कि चेक पोस्ट खत्म होने के बाद अवैध ओवरलोड और शराब तस्करी बढ़ी है। यदि जुर्माना बढ़ेगा, तो लोग इसे देने से बचने के लिए भ्रष्टाचार की राह पकड़ेंगे। भंवर सिंह शेखावत ने कहा कि परिवहन विभाग के ऑफिस एजेंटों के भरोसे चल रहे हैं। लोग टैक्स का बढ़ा हुआ पैसा नहीं देंगे।

**ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया को फेसलेस बनाई जाएगीः** परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा कर चोरी रोकने और व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने की है। उन्होंने बताया कि बसों में क्षमता से अधिक सवारियों को बैठाने पर 1000 रुपए प्रति सीट का जुर्माना तय किया गया है। मालवाहक वाहनों में निर्धारित सीमा से अधिक माल ढोने पर 1000 रुपए प्रति टन की दर से पैनाल्टी वसूली जाएगी। सबसे अहम बदलाव कि अब ड्राइविंग लाइसेंस की प्रक्रिया को फेसलेस बनाकर इसे घर पर डिलीवर करने की योजना लागू की जाएगी। विधेयक पारित होने पर मंत्री ने खुशी जताई और कहा कि यह संशोधन न केवल राजस्व बढ़ाने में मदद करेगा, बल्कि अव्यवस्थाओं पर भी लगाम लगाएगा।

### सेंट्रल गाइडलाइन...

और 10 लाख तक कीमत वाले वाहनों पर मप्र में सबसे कम टैक्स लागू है। पहले केवल 4 फीसदी पैनाल्टी लगती थी, वह भी दूरी के अनुसार। नई व्यवस्था में न केवल 4 फीसदी जुर्माना जारी रहेगा, बल्कि पुराना बकाया होने पर चार गुना अधिक राशि भी वसूली जाएगी।

### मध्यप्रदेश में टैक्स...

बनवाने की प्रक्रिया को फेसलेस और घर पहुंच सेवा के तहत पासपोर्ट की तर्ज पर शुरू किया जाएगा। मंत्री सिंह ने जानकारी दी कि राज्य के परिवहन विभाग को वर्ष 2024 में अक्टूबर माह तक 2510 रुपए करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ है। इससे यह स्पष्ट है कि सरकार की सख्त निगरानी और नीतियों से राजस्व संग्रहण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

### विधानसभा की कार्यवाही...

लिए स्थगित करने की घोषणा की। उन्होंने सदन में हुए काम काज की जानकारी दी और सहयोग के लिए सत्तापक्ष खास कर विपक्ष को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों के सहयोग से ही सदन सुचारू चल सका।

### 225 से अधिक जवानों...

ज़मीन पर तैनात हैं। जिला प्रशासन के अनुसार अभी भी मलबे में धराली के 8 स्थानीय युवक, 2 नेपाली मूल के व्यक्ति और सेना के 10 जवान लापता हैं। उन्हें ढूंढने के लिए बचाव अभियान जारी है। राज्य सरकार की मांग पर केंद्र सरकार ने चंडीगढ़, सरसावा और आगरा से 02 चिनूक और 2 एमआई - 17 हेलिकॉप्टर, बुधवार तड़के ही जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर उपलब्ध करा दिए। सड़क यातायात बहाल करने के लिए चिनूक हेलिकॉप्टर से भारी मशीनरी भी पहुंचाई जा रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मौसम की चुनौतियों के बीच ग्राउंड जीरो पर पहुंचे और प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया। इसके साथ ही उन्होंने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित लोगों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना।

### होम व कार लोन ईएमआई...

बनाए रखा है। इसका मतलब है कि केंद्रीय बैंक आर्थिक स्थिति के हिसाब से नीतिगत दर में समायोजन को लेकर लचीला बना रहेगा। रेपो वह ब्याज दर है, जिस पर वाणिज्यिक बैंक अपनी तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए केंद्रीय बैंक से कर्ज लेते हैं। रेपो दर के यथावत रहने से घर, कार समेत अन्य खुदरा कर्ज पर ब्याज में बदलाव होने की संभावना नहीं है।

मल्होत्रा ने कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए विकास दर का अनुमान 6.5 प्रतिशत पर बरकरार रखा गया है। महंगाई पर बोलते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के लिए इसके अनुमान को 3.7 प्रतिशत से घटाकर 3.1 प्रतिशत कर दिया। फरवरी 2025 से, आरबीआई नीतिगत दरों में 100 आधार अंकों की कटौती कर चुका है। जून में अपनी पिछली नीति समीक्षा में, उसने रेपो दर को 50 आधार अंकों की कटौती करके 5.5 प्रतिशत कर दिया था।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन...

2:45 बजे पर जारी करेंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव का कहना है कि महिलाएं मेरी बहने हैं यह मेरा मान है, सम्मान है, बहनों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आए इसके लिए मध्यप्रदेश सरकार कृत संकल्पित है।

### ट्रक की टक्कर से ...

मुताबिक दो युवक जबलपुर से कटनी अपने घर लौट रहे थे तभी तेज रफ्तार ट्रक सवार ने एक्टिवा को इतना जोरदार टक्कर मारी कि दोनों युवकों का सिर धड़ से अलग हो गया। मामले की जानकारी लगते ही झिंझरी चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत ने बताया कि सड़क हादसे में दो युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक संदीप विश्वकर्मा को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक को जब्त करते हुए उसे थाना परिसर खड़ा करवाया है। मृतक की पहचान बरही थाना क्षेत्र के उबरा ग्राम निवासी आदित्य चतुर्वेदी (24) और शुभम मिश्रा (24) के रूप में हुई। दोनों एक्टिवा से पीरबाबा की ओर जा रहे थे, इसी दौरान सामने से आ रहे ट्रक ने उन्हें टक्कर मार दी। ट्रक की रफ्तार बहुत तेज थी। दोनों शव एक दूसरे से करीब 50 मीटर दूर जाकर गिरा तो वही एक्टिवा के परखच्चे उड़ गए। वहीं मृतक शुभम के चाचा शंकर मिश्रा ने बताया कि आदित्य चतुर्वेदी और भतीजा शुभम मिश्रा जबलपुर में रहकर आईएएस की तैयारी करते थे। 9 तारीख को रक्षाबंधन पर्व है तो दोनों पर्व के लिए ग्राम उबरा लौट रहे थे। तभी सड़क हादसे का शिकार हो गए।

### हथिनी महादेवी को...

स्थित उनके आश्रय गृह में स्थानांतरित करने का अनुरोध नहीं किया था, बल्कि वह सिर्फ अदालत द्वारा नियुक्त प्राप्तकर्ता आश्रय गृह के रूप में काम कर रहा था। गौरतलब है कि 36 वर्षीय मादा हाथी महादेवी, जो तीन दशकों से भी अधिक समय से कोल्हापुर के श्री जिनसेन भट्टारक पट्टाचार्य महास्वामी जैन मठ में रह रही थी, पिछले सप्ताह एक अदालती फैसले के बाद हथिनी माधुरी को बेहतर देखभाल के लिए वनतारा के राधे कृष्ण मंदिर हाथी कल्याण ट्रस्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। एक गैर-सरकारी संगठन द्वारा महाराष्ट्र वन विभाग और सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त उच्चाधिकार प्राप्त समिति (एचपीसी) के समक्ष उसके बिगड़ते स्वास्थ्य और मानसिक पीड़ा पर चिंता व्यक्त किए जाने के बाद, बॉम्बे उच्च न्यायालय ने 16 जुलाई को इस हथिनी को गुजरात के जामनगर स्थित वनतारा के केंद्र में रखने का आदेश दिया था।

### वनतारा ने कभी...

और वनतारा की भूमिका केवल देखभाल, पशु चिकित्सा सहायता और पुनर्वास केंद्र के रूप में आवास प्रदान करने तक सीमित रही। वनतारा ने कभी भी इस स्थानांतरण की पहल नहीं की, न ही इसकी सिफारिश की, और न ही धार्मिक प्रथाओं या भावनाओं में हस्तक्षेप करने का कोई इरादा था।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION* College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
**Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोप्र्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910


Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद



सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।




18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R- 03/08/25 to 13/08/25

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम MOHMMAD IQBAL MANSOORI था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर IKBAL MANSURI हो गया है। अतः अब मुझे मेरे सही नाम IKBAL MANSURI से ही जाना व पहचाना जाए। Address :- 556, CHARCH MOHALLA ,UMRETH VTC UMRETH P O UMRETH SUB DIST PARASIA DIST CHHINDWARA M.P. 480441

### नाम परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम RAFEEQ AHMED था। जो कि मेरे पासपोर्ट में दर्ज है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर QARI RAFEEQ AHMED KHAN ASADI हो गया है। अतः अब मुझे मेरे सही नामQARI RAFEEQ AHMED KHAN ASADI से ही जाना व पहचाना जाए। Address :- C-196 NEW OQAAF COLONY ,MASJID SIKANDER JAHAN, BAGH FARHAT AFZA BHOPAL -462023



Ratnawala
www.ratnawala.com
रत्नवाला समय से पहले - किस्मत से ज्यादा
हम पुराने पहने हुए रत्न नहीं बेचते हैं
PRATEESH SAXENA Gemologist & Govt. Valuer
◆ शुद्ध - प्रामाणिक असरदार रत्न उपलब्ध
◆ रत्न तराशने की फैक्ट्री
◆ अनुभवी ज्योतिषाचार्य से सलाह
◆ ग्रहों के अनुसार उपयुक्त रत्न की सलाह
विश्वास का साथ सेवा के 30+ वर्ष
जब हुबहू नकली रत्न बन सकते हैं तो कागज का नकली "टेस्टिंग सर्टिफिकेट भी बन सकता है। सजग रहें
89-89-678-678
City Trade Center, 141, Malviya Nagar, Bhopal
ज्योतिषम्™

### नाम परिवर्तन

सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम RAJNEESH KUMAR NAMDEO था। जो मेरे मार्कशीट में लिखा है। किंतु अब मैंने अपना नाम बदलकर RAJNISH KUMAR NAMDEV कर लिया है। मैं अब RAJNISH KUMAR NAMDEV नाम से जाना जाता हूं के नाम से जानी/पहचानी जाती हूं। आगे से मुझे समस्त दस्तवेज़ों में RAJNISH KUMAR NAMDEV के नाम से जाना जाए. ADDRESS : H.NO.07,LAXMI PARISAR PHASE-2,NEAR SHAHPURA THANA BAWADIYA KALAN ,SALIYA BHOPAL 462026

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

– व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष:** मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

**वृष:** व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

**मिथुन:** भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

**कर्क:** क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**सिंह:** नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**कन्या:** धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**तुला:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक:** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**धनु:** पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर:** आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ:** कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

## शब्द पहेली - 5951

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | | 5 | 6 | | 7 | 8 |
| 9 | | 10 | | 11 | 12 | | 13 | 14 | | |
| | 15 | 16 | | 17 | 18 | | 19 | 20 | | |
| 21 | | 22 | | 23 | | 24 | 25 | | 26 | 27 |
| 28 | 29 | | 30 | | 31 | | 32 | 33 | | |
| | 34 | 35 | | 36 | | 37 | | 38 | 39 | |
| 40 | | 41 | 42 | | 43 | | 44 | | 45 | 46 |
| 47 | 48 | | 49 | 50 | | 51 | | 52 | | |
| | 53 | 54 | | 55 | 56 | | 57 | | 58 | |
| 59 | | 60 | 61 | | 62 | 63 | | 64 | | 65 |
| 66 | | 67 | | | 68 | | | 69 | | |

**बाएँ से दाए**
1.उम्मीद,आशा-2
3.जी,चित्त-2
5.भस्म,खाक-2
7.जाल,फंदा-2
9.चिंतन,सोचना-3
11.ठाठ-बाट-2
13.क्रिकेट में बनते हैं-2
15.एक राशि-3
17.काया,बदन-2
19.एक विदेशी शराब-2
22.बोलने का तरीका-3
24.शालीन,सभ्य-2
26.बल,ताकत-2
28.भैंस जैसा एक पशु-2
30.पुत्री की पुत्री-3
32.कोर्ट में प्रस्तुत दावा-2
34.मोटा आटा-2
36.जुड़वा-3
38.आनंदित-2
41.नौकर,गुलाम-2
43.बूंद-3
45.लक्ष्मी,विष्णुप्रिया -2
47.जंगल,कानन-2
49.मेहंदी-2
51.दृष्टि,निगाह-3
53.बुरी आदत -2
55.बुढ़ापा -2
57.नमस्कार,प्रणाम -3
60.खुमार,सरूर -2
62.भीगा हुआ -2
64.पक्षाघात-3
66.चुनौती-2
67.ऋण,उधार -2
68.भूमि,जमीन-2
69.चस्का,बुरी आदत-2

**ऊपर से नीचे**
1.फलों का राजा-2
2.साजन,बलमा-3
4.खुमार-2
6.खच्चर,गधा-2
8.वहम,संदेह-2
10.अनुकृति-3
12.झुका हुआ-2
14.आदमी-2
16.वास करना-3
18.आकाश-2
20.घमंड-2
21.बदन-2
23.जातिवाद-3
25.पिघले पत्थर-2
27.रोग,-2
29.हाथ,टैक्स-2
31.लवण-3
33.ताकत-2
35.वचन-2
37.प्रयत्न-3
39.स्थिति -2
40.नवीन-2
42.सच्चा-2
44.राजा-3
46.हार-2
48.टौंटी-2
50.गुमान-2
52.पासों का खेल-3
54.काया-2
56.रात्रि-2
58.हुबहू-3
59. समय-2
61.सब्जी-2
63.गाड़ी-2
65.गैस-2

**शब्द पहेली- 5950 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स | र | ग | ना | | आ | म | रा | य | |
| फि | | न | ज | ला | | फि | क | र | | त |
| त | ल | | ल | य | | स | र | | ला | ल |
| र | ह | ना | | क | हा | र | | ज | ल | बा |
| त | र | सा | ना | | ति | | ज | ल | च | र |
| | | | र | ह | म | दि | ल | | | |
| ब | ग | दा | द | | ता | | न | ज | रा | ना |
| र | म | ल | | स | ई | स | | प | ह | रा |
| ग | ला | | स | दा | | ल | स | | त | य |
| द | | ग | ली | चा | | बा | न | र | | ण |
| | का | श्त | का | र | | र | म | जा | न | |

■ मंगल[redacted]किशोर

## सूडोकु नवताल - 5961

★★★✯✩ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | | | | 9 | 6 | | |
| | | | | | | 1 | 4 | |
| | | | 2 | 8 | | | | |
| | | | 8 | | | | 5 | 2 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| 1 | 4 | | | | 3 | | | |
| | | | | 4 | 1 | | | |
| | 2 | 5 | | | | | | |
| | | 3 | 7 | | | | | 4 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5960 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## आरबीआई के फैसले पर व्यापार और उद्योग जगत के लोग बोले

# समझदारी से भरा है आरबीआई का रेपो रेट को बरकरार रखने का फैसला

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



भारतीय रिजर्व बैंक की मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक में रेपो रेट को 5.5 परसेंट पर ही बरकरार रखने के फैसले का व्यापार जगत और उद्योग जगत लोगों ने स्वागत किया है और कहा कि आरबीआई का यह बेहद ही समझदारी भरा कदम है। गौरतलब है कि आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने बुधवार को कमेटी के सभी सदस्यों की सर्वसम्मति से लिए गए नतीजे की घोषणा की। उन्होंने बताया कि कमेटी ने पॉलिसी पर अपनी रूख को भी 'न्यूट्रल' बनाए रखा है।

### पूरे साल अपनाई गईं उदार नीतियां



इस पर भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहाकि दुनियाभर में टैरिफ बढ़ने के चलते आरबीआई ने रेपो रेट को स्थिर रखने का जो फैसला लिया है, वह समझदारी भरा कदम है। पूरे साल अपनाई गई उदार नीतियों की वजह से लोन लेना सस्ता हुआ है और बाजार में नकदी भी बढ़ी है।

### आरबीआई संतुलित रुख अपनाए रखेगा



मध्यप्रदेश अनाज,दलहन तिहलन व्यापारी संघ सिंरोज मंडी के अध्यक्ष समीर भार्गव ने कहा कि कमर्शियल सेक्टर में यह फैसला फाइनेंशियल क्लैरिटी लाएगा और लोन की लागत स्थिर रहने से खासकर ऑफिस और मिक्स्ड-यूज प्रोजेक्ट्स में निवेशकों की रुचि बढ़ सकती है। उम्मीद है कि आरबीआई आगे भी ऐसा संतुलित रुख अपनाए रखेगा जिससे सभी सेगमेंट में लंबी अवधि का विकास जारी रह सकें।

### यह फैसला संतुलित और सतर्क रुख को दर्शाता है



भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के कार्यकारणी सदस्य सुगंधीलाल रोहित जैन ने कहाकि वर्तमान आर्थिक हालात को देखते हुए रेपो रेट को उसी स्तर पर बनाए रखने का आरबीआई का फैसला एक संतुलित और सतर्क रुख को दर्शाता है।

### भविष्य की सोच के साथ आरबीआई ने उठाया कदम



हिमांशु फ्लोर मिल्स के संचालक प्रमोद जैन हिमांशु ने कि रेपो रेट को 5.5 परसेंट पर स्थिर रखने का आरबीआई का फैसला एक स्थिर और भविष्य की सोच के साथ लिया गया कदम है। रियल एस्टेट सेक्टर के लिए ऐसी नीति में निरंतरता खरीदारों और डेवलपर्स दोनों में लंबे समय का भरोसा पैदा करती है। इससे लोन लेना आसान बना रहता है, निवेश को बढ़ावा मिलता है और त्योहारों से आगे भी ग्रोथ बनी रहती है। इस सेक्टर के लिए स्थिरता बहुत जरूरी है क्योंकि यह भरोसे और स्पष्टता पर ही टिका होता है।

### यथावत बनाए रखने के फैसले की सराहना



भोपाल लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के उपाध्यक्ष शैलेन्द्र जैन ने कहाकि हम आरबीआई के रेपो रेट को यथावत बनाए रखने के फैसले की सराहना करते हैं क्योंकि इससे रियल एस्टेट सेक्टर को वह आवश्यक स्थिरता मिलती है, जिसकी मौजूदा परिस्थितियों में सबसे अधिक जरूरत है। यह स्थिर आर्थिक माहौल न केवल खरीदारों के आत्मविश्वास को बढ़ाता है, बल्कि हमें भी उच्च गुणवत्ता वाले, विशिष्ट और टिकाऊ लग्जरी प्रोजेक्ट्स के निर्माण के लिए प्रोत्साहित करता है।

### स्थिर रेपो रेट से मध्यमवर्गीय होमबायर्स की अपेक्षाएं अधूरी



भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो रेट को 5.5 फीसदी पर स्थिर बनाए रखने का निर्णय ऐसे समय पर आया है जब वैश्विक आर्थिक अस्थिरता और घरेलू मांग दोनों को संतुलन की आवश्यकता है। यह निर्णय संकेत देता है कि आरबीआई फिलहाल स्थिरता को प्राथमिकता दे रहा है, लेकिन यह न तो मांग को गति देने वाला है, न ही मझोले और टियर-2 शहरों के लिए प्रेरक। यह बात शहरी मामलों के जानकार और क्रेडाई भोपाल के अध्यक्ष मनोज मीक ने कही। मीक ने कहा कि विगत कटौतियों ने भोपाल जैसे उभरते शहरी केंद्रों में आवासीय मांग को सशक्त किया है। भोपाल जैसे शहरों में जहां पहली बार घर खरीदने वालों की बड़ी आबादी है और आवासीय मांग पिछले कुछ वर्षों में नीतिगत भरोसे पर टिकी रही है, ब्याज दरों में राहत की अपेक्षा थी। यह निर्णय उस जनसांख्यिकीय वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता, जो मिड-इनकम शहरों और अफोर्डेबल हाउसिंग का असली आधार हैं।

### अगर दर में कटौती होती तो नए खरीदारों के लिए साबित होता वरदान

उन्होंने कहाकि त्योहारों के मौसम में यदि कोई अगला दर कट आता है, तो यह नए खरीदारों के लिए वरदान साबित होगा, आत्मनिर्भर भारत की शहरी आवास नीति को भी बल मिलेगा। इससे हमारे जैसे राज्यों में निर्माण गतिविधि और रोजगार दोनों को संबल मिलेगा। मीक ने आरबीआई से नीतिगत आग्रह करते हुआ कहाकि अगली मौद्रिक समीक्षा में कम से कम 50 बेसिस पॉइंट की कटौती की जानी चाहिए। मिड-सेगमेंट और अफोर्डेबल हाउसिंग पर आधारित स्थानीय बैंकों के लिए ब्याज सब्सिडी योजना लाई जानी चाहिए। क्रेडाई जैसे संगठनों से लगातार नीतिगत फीडबैक लेने की प्रणाली विकसित होनी चाहिए।

## जियो ने जून में जोड़े सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक

# जियो ने मप्र-छग में 14 लाख से ज्यादा घरों को हाइ-स्पीड इंटरनेट से जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सबसे बड़ी फिक्सड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए ) सर्विस प्रोवाइडर कंपनी रिलायंस जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ टेलीकॉम सर्किल में सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहक जोड़े है। टेलीकॉम रेगुलेट्री अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ट्राई) की जून 2025 की रिपोर्ट में एक बार फिर जियो ने मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा मोबाइल और ब्रॉडबैंड ग्राहकों को जोड़ा है। जून 2025 में रिलायंस जियो से 4.2 लाख मोबाइल ग्राहक जुड़े हैं। वहीं, जियो फाइबर और एफडब्ल्यूए जियो एयर फाइबर ब्रॉडबैंड सर्विस को 46 हजार से ज्यादा ग्राहकों ने अपनाया है। जबकि समान अवधि में एयरटेल के 16 हजार ब्रॉडबैंड ग्राहक बढ़े।

### जियो की मोबाइल ग्राहक 4.6 करोड़ और ब्रॉडबैंड ग्राहक 14.4 लाख से अधिक



ट्राई के आंकड़ों के मुताबिक मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ में सभी टेलीकॉम कंपनियों के मोबाइल ग्राहकों की संख्या 8.1 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। वहीं, फिक्सड वायरलेस एक्सेस (एफडब्ल्यूए) और वायरलाइन ब्राडबैंड उपभोक्ता 26 लाख से ज्यादा है। इसमें जियो की मोबाइल ग्राहक 4.6 करोड़ और ब्रॉडबैंड ग्राहक 14.4 लाख से कहीं अधिक है। साथ ही मार्केट शेयर पर गौर करें तो मोबाइल उपभोक्ता में बाजार हिस्सेदारी 57 फीसदी और ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवा प्रदाता में मार्केट शेयर 54.9 प्रतिशत है। जियो के पास मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ सर्किल में मौजूद कुल 5जी क्षमता का 70 फीसदी से ज्यादा हिस्सा है। जो कि दोनों प्रदेश के सभी 88 जिलों में उपलब्ध है। रिलायंस जियो की उन्नत स्टैंडअलोन ट्रू5जी सेवा की पहुंच दोनों राज्यों के शहरी क्षेत्र के साथ गांव-गांव तक है। इसी वजह से उद्यमियों के साथ सुदूर इलाके में रहने वाले ग्रामीण उपभोक्ता की ब्रॉडबैंड सेवा के लिए पहली पसंद रिलायंस जियो की फाइबर और एयर फाइबर सर्विस है।


इण्डियन ओवरसीज़ बैंक
Indian Overseas Bank
(भारत सरकार का उपक्रम A Govt. of India Undertaking)
आपकी प्रगति का सच्चा साथी Good people to grow with
www.iob.in

एम.पी. नगर शाखा : 12 एस.बी.आई. कालोनी, जोन-2, एम.पी. नगर, भोपाल
फोन : 0755-2578842/2558983
Email:iob1115@iob.in

**अचल संपत्ति के विक्रय हेतु ई-नीलामी सूचना**

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले को, जमानतदार को और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का **कब्जा इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार)** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को ''जहां है, जैसा है, ''जो है जैसा है'' और जो कुछ भी है'' के आधार पर **ऋणी-मेसर्स माय व्हील्स प्रा. लि. पंजीकृत कार्यालय स्थित -6,7, मालवीय नगर, भोपाल (म.प्र.) 462001 एवं आउटलेट स्थित 50, निशांत कालोनी, लिंक रोड, भोपाल (म.प्र.) 462003 एवं उनके जमानतदार- (1) श्रीमती मंजू गर्ग पत्नि स्व. श्री सौरभ गर्ग (2) श्री ऋषभ गर्ग पुत्र स्व. श्री सौरभ गर्ग (3) सुश्री पंखुड़ी गर्ग पुत्री स्व. श्री सौरभ गर्ग (सभी क्र. 1 से 3 मेसर्स माय व्हील्स प्रा. लि. के डायरेक्टर एवं जमानतदार है तथा सभी स्व. श्री सौरभ गर्ग (बंधककर्ता) के कानूनी उत्तराधिकारी है तथा सभी निवासी : ई-7/88, एसबीआई कालोनी, सांई बोर्ड के पास, अरेरा कालोनी, हुजूर, आर.एस. नगर, भोपाल (म.प्र.) 462016)** से **इण्डियन ओवरसीज़ बैंक (सुरक्षित लेनदार)** की **₹ 25,19,79,168/-** (रु. पच्चीस करोड़ उन्नीस लाख उन्यासी हजार एक सौ अड़सठ मात्र) (दिनांक **04.08.2025** को) की बकाया राशि एवं उस पर अप्रभारित ब्याज / संविदात्मक दर से देय ब्याज एवं अन्य खर्चे तथा अन्य वैधानिक /विधिक खर्च की वसूली हेतु दिनांक **25 अगस्त 2025** को बेचा जाएगा।

**आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि नीचे वर्णित व्यक्तिगत अनुसूचित संपत्ति के लिए नीचे दी गई है।**

**1 व्यावसायिक प्लाट्स (सी-1) स्थित खसरा नंबर 281/2/2, 281/1/2, 281/2/1, 282/1/1, 291, 292, 311, 376, 377, 378, 373, 374, 305, 306, 307 और 309 के भाग स्थित 'माय सिटी' गांव - कालापानी, पी.एच. नंबर 08, कोलार रोड, तहसील- हुजूर, जिला- भोपाल (म.प्र.), जिसका कुल प्लॉट क्षेत्रफल 149.35 वर्गमीटर है। संपत्ति मालिक - स्वर्गीय सौरभ गर्ग (कानूनी उत्तराधिकारियों द्वारा प्रतिनिधित्व) का है, जैसा कि नीचे दी गई अनुसूची के अनुसार हैः**

**अनुसूची-1: प्लॉट संख्या सी-1 (कार्नर व्यावसायिक प्लॉट)**

| चर्तुसीमाएं एवं क्षेत्रफल | आरक्षित मूल्य, धरोहर राशि एवं बिड वृद्धि राशि |
|---|---|
| पूर्वः प्लॉट नं. सी-88, सी-89 एवं सी-90<br>पश्चिमः सड़क, उत्तरः सड़क<br>दक्षिणः प्लॉट नं. सी-2<br>क्षेत्रफल- 149.35 वर्गमीटर | आरक्षित मूल्यः रु. 27,15,000/-<br>धरोहर राशिः रु. 2,71,500/-<br>बिड वृद्धि राशि : रु. 10,000/- |

**ई-नीलामी की दिनांक एवं समय : दिनांक 25-08-2025 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक**

**नोटः टीडीएस लागू *पचास लाख और उससे अधिक की अचल संपत्ति की बिक्री/हस्तांतरण के मामले में, ट्रांसफरी को लागू आयकर के रूप में प्रतिफल के 1% के बराबर राशि का भुगतान करना होगा।**

**विक्रय की विस्तृत नियम एवं शर्ते हेतु निम्नवर्णित वेबसाइट / वेबपेज पोर्टल की लिंक देखें : https://baanknet.com (2) www.iob.in**

नोट - यह नोटिस प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6)/ नियम 9 (1) के अन्तर्गत ई-नीलामी आयोजित करने हेतु उक्त ऋणी / उधारकर्ता / जमानतदारों को सूचना भी है।

**स्थान : भोपाल**
**प्रकाशन दिनांक : 04.08.2025**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**इण्डियन ओवरसीज़ बैंक**



खबर संक्षेप


### वी ने लांच किया रैडएक्स फैमिली प्लान

**मुंबई।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी (वोडाफोन आइडिया) ने रैडएक्स फैमिली प्लान के लांच की घोषणा की है। यह भारत का एकमात्र फैमिली पोस्टपेड प्लान है, जो अनलिमिटेड 4जी एवं 5जी डेटा और इंटरनेशनल रोमिंग के साथ प्रीमियम ट्रैवल, लाईफस्टाइल एवं एंटरटेनमेन्ट के फायदे देता है। पोस्टपेड सेगमेन्ट में उद्योग जगत का लीडर होने के नाते, वी अपने उपभोक्ताओं को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं प्रदान करता रहा है।

### एक्सिस बैंक ने शुरू की 'लॉक एफडी' सुविधा

**मुंबई।** एक्सिस बैंक ने पहली बार एक सुविधा 'लॉक एफडी' शुरू करने की घोषणा की, जिसे ग्राहकों की टर्म डिपॉज़िट को बढ़ती डिजिटल धोखाधड़ी से बचाने के लिए तैयार किया गया है। यह नए किस्म का फीचर, बैंक के मोबाइल ऐप 'ओपन' साथ-साथ उसकी सभी शाखाओं में उपलब्ध है। यह ग्राहकों को मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग जैसे डिजिटल माध्यमों से सावधि जमा को समय से पहले बंद होने से रोकने में मदद करता है।

### टूरिज्म फाइनेंस का मुनाफा 20 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** टूरिज्म फाइनेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है। कंपनी कुल आय 65.82 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 59.85 करोड़ रुपए और शुद्ध लाभ 30.56 करोड़,कंपनी के शुद्ध लाभ मार्जिन में 46.43 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। कंपनी के त्रैमासिक वित्तीय प्रदर्शन भविष्य को लेकर आशावादी है।

### टाइटन के शुद्ध लाभ में 42.6 फीसदी की ग्रोथ

**हैदराबाद।** सॉफ्टवेयर डेवलोपमेन्ट में ग्लोबल लीडर, टाइटन इंटेक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में 4.97 करोड़ रुपए का नेट सेल्स दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की 4.82 करोड़ की तुलना में अधिक है। इस अवधि के दौरान, एबिटा 20.9 फीसदी बढ़कर 1.62 करोड़ हो गया, जो बेहतर ओपरेशनल एफिशियन्सी को दर्शाता है।

### स्टील एक्सचेंज का 296 फीसदी उछला मुनाफा

**मुंबई।** स्टील एक्सचेंज इंडिया लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अनिर्दिष्ट वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। पहली तिमाही में कंपनी की कुल आय 304.95 करोड़ रुपए रही। एबिटडा 36.35 करोड़ और एबिटडा मार्जिन में 11.92 फीसदी की वृद्धि दर्ज हुई। इस प्रकार कंपनी का शुद्ध लाभ 10.23 करोड़ रुपए दर्ज हुआ।

## सीआईआई मध्यप्रदेश ने नई दिल्ली में सांसदों के साथ किया संवाद

# मध्यप्रदेश की 2047 तक के अर्थव्यवस्था की परिकल्पना शीर्षक का प्रस्तुत किया एक श्वेतपत्र



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) मध्यप्रदेश ने नई दिल्ली में राज्य के सांसदों के साथ एक विशेष संवाद सत्र का आयोजन किया गया। इस उच्च स्तरीय बैठक का उद्देश्य मध्यप्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को लेकर जनप्रतिनिधियों और उद्योग जगत के बीच सहयोग को सशक्त बनाना रहा। इस सत्र का संचालन सीआईआई मध्यप्रदेश के उपाध्यक्ष सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने किया। उन्होंने राज्य के समग्र विकास के लिए जन-निजी भागीदारी की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश सरकार की सक्रिय नीतियों, प्रचुर संसाधनों और औद्योगिक क्षमताओं के चलते राज्य तेज़ी से प्रगति की ओर अग्रसर है। सत्र में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से 12 से अधिक सांसदों ने भाग लिया और निवेश, पर्यटन, खाद्य प्रसंस्करण, एमएसएमई , कौशल विकास तथा क्षेत्रीय औद्योगीकरण जैसे विषयों पर विचार साझा किए। सांसदों ने विशेष रूप से यह सुझाव दिया कि सीआईआई राज्य के सभी ज़िलों की औद्योगिक क्षमताओं और उपलब्ध कच्चे माल का एक विस्तृत अध्ययन करे, जिससे स्थानीय स्तर पर उपयुक्त उद्योगों की पहचान कर टारगेटेड निवेश को बढ़ावा दिया जा सके।

### मप्र की बेहतर आधारभूत संरचना और निजी निवेश को बढ़ाने पर दिया जोर

*सत्र के दौरान, सीआईआई ने 2047 तक मध्यप्रदेश की अर्थव्यवस्था की परिकल्पना शीर्षक से एक श्वेतपत्र भी प्रस्तुत किया, जिसमें राज्य की अर्थव्यवस्था को वर्तमान 170 अरब अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर वर्ष 2047 तक 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने की रणनीतिक रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। सांसदों ने यह भी सुझाव दिया कि मध्यप्रदेश की पर्यटन संभावनाओं को सशक्त प्रचार, बेहतर आधारभूत संरचना और निजी निवेश के माध्यम से आगे बढ़ाया जाए। इसके अतिरिक्त कृषि उत्पादन आधारित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों को प्रोत्साहन देने पर भी बल दिया गया।*

### सीआईआई प्रदेश के हर ज़िले की औद्योगिक विशेषताओं का शुरू करेगा अध्ययन

*सीआईआई ने सांसदों को आश्वस्त किया कि उनके सुझावों पर प्राथमिकता से कार्य किया जाएगा। चतुर्वेदी ने कहा कि सीआईआई प्रदेश के हर जिले की औद्योगिक विशेषताओं को समझने के लिए अध्ययन शुरू करेगा और राज्य व केंद्र सरकार के साथ मिलकर इन सिफारिशों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा।*

## मध्यप्रदेश पड़ोसी राज्यों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहा

# अनाज कारोबारी बोले- राज्यों से खरीदे जाने वाले दलहनों पर मुख्यमंत्री दें मंडी टैक्स में छूट

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश का दलहन प्रोसेसिंग जिसकी भूमिका पहले देशभर में प्रमुख थी, अब पिछड़ गई है। तुवर को छोड़कर का बाकी आयातित दलहनों पर मंडी टैक्स होने से मध्यप्रदेश पड़ोसी राज्यों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पा रहा है। जिसके चलते मध्यप्रदेश से दलहन उद्योगों का पलायन शुरू है। अतः मध्यप्रदेश सहित केंद्र सरकार के आग्रह है कि आयातित सभी दलहनों पर मध्यप्रदेश के दलहन प्रसंस्करण उद्योगों को मंडी टैक्स में छूट दी जाए। ताकि उन्हें अपने उद्योग को बढ़ाने के लिए संजीवनी मिल सकें। यह बात भोपाल ग्रेन मर्चेंट एवं ऑयल सीड्स एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी और प्रवक्ता संजीव जैन ने कही। अध्यक्ष हरीश ज्ञानचंदानी ने कहाकि मध्यप्रदेश करीब 1500 दलहन प्रसंस्करण उद्योग है। लेकिन आयातित दलहनों पर मंडी टैक्स का अधिभार होने के बोझ तले दबे हुए है और अपने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र, राजस्थान से प्रतिस्पर्धा की क्षमता से बाहर है। अतः दूसरे राज्यों से खरीदे जाने वाले दलहनों पर मंडी टैक्स के छूट दी जाए। ताकि दूसरे राज्यों के सापेक्ष मध्य प्रदेश के दाल-दलहन उद्योग की प्रतिस्पर्धी क्षमता में बढ़ोत्तरी हो सके। ज्ञानचंदानी ने कहा कि मसूर, चना एवं उड़द जैसे महत्वपूर्ण दलहनों पर लागू मंडी शुल्क को वापस लिया जाना आवश्यक है और साथ ही साथ इस छूट को स्थानीय दाल मिल उद्योग को सहयोग-समर्थन देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश की औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन रणनीति में शामिल किया जाना चाहिए। इससे दाल मिलर्स को कुछ राहत मिल सकेगी।

### व्यापारियों की मांग पर दें ध्यान

*अनाज, दलहन -तिलहन व्यापारी संघ सिरोंज मंडी के अध्यक्ष समीर भार्गव का कहना है कि मध्य प्रदेश के दाल उद्योग को महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों से मसूर एवं उड़द सहित अन्य दलहनों की खरीदी करने के लिए विवश होना पड़ता है। हालांकि मध्य प्रदेश चना, उड़द एवं मसूर का अग्रणी उत्पादक राज्य है मगर स्थानीय उत्पादन दाल मिलों की प्रोसेसिंग क्षमता को पूरा नहीं कर पाता है। इन दलहनों पर मंडी शुल्क लागू होने से न केवल मिलर्स पर आर्थिक भार बढ़ता है बल्कि मार्केट फीस का दोहरा भुगतान भी करना पड़ता है। पहला भुगतान उस समय होता है जब दूसरे राज्यों से दलहन मध्य प्रदेश की सीमा में प्रवेश करता है और दूसरा भुगतान पुनः स्थानीय स्तर पर करना पड़ता है। अतः दलहन उद्योग से जुड़े व्यापारियों ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री से मांग की है कि दलहनों पर मंडी टैक्स की छूट प्रदान की है। क्योंकि मौजूदा समय मध्य प्रदेश की दाल मिलों को सख्त प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि दूसरे राज्यों से दलहन मंगाने पर परिवहन खर्च ऊंचा बैठता है और डीजल की कीमतों में भी बढ़ोत्तरी हो गई है।*


**सार्वजनिक सूचना**
**(असल दस्तावेज गुम हो जाने के संबंध में)**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार आर.ए. स्टीवन पुत्र स्व. श्री जी. स्टीवन एवं उषा स्टीवन पुत्री स्व. श्री एन.डी. स्टीवन निवासी म.नं. 86, शंकर गार्डन, अयोध्या एक्सटेंशन, बायपास रोड भोपाल, के स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पति मकान नंबर-ई.डब्ल्यू.एस. 179, पटेल नगर मण्डीदीप, जिला रायसेन का मूल पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 16.04.2004 जिसका पुस्तक क्रमांक- अ-1, ग्रंथ क्रमांक 1202, दस्तावेज क्रमांक 26 एवं लीज अनुबंध पत्र, एवं संबंधित असल दस्तावेज गुम गये है जिसकी लिखित सूचना दिनांक 02.08.2025 को थाना अयोध्या नगर जिला-भोपाल में दे दी गई है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित असल दस्तावेज जिस किसी को भी प्राप्त हो वो मेरे कार्यालय में सम्पर्क कर प्रदान करने की कृपा करे। एव सर्वसाधारण को यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित दस्तावेजो के आधार पर मेरे पक्षकार के अतिरिक्त किसी भी अन्य से किसी भी प्रकार लेन-देन, क्रय विक्रय, ऋण बंधक इत्यादि का संव्यवहार नहीं करें। अन्यथा की अवस्था में किया गया संव्यवहार मेरे पक्षकार एवं उसकी स्वामित्व की सम्पति पर बंधनकारी नहीं होगा

भवदीय सुभाष धोते एडवोकेट
एम.ए. डबल और एल.एल.एम.
अधिवक्ता और कानूनी सलाहकार
कार्यालय पताः- 506, ऑलिव 59-डी, ई-8 एक्सटेंशन, बावड़िया कलां, भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत - 462026 मो:9425079041



**पश्चिम मध्य रेल** (वाणिज्य शाखा)

No.: C/BPL/NFR/E-Auction/2025/13    Date: 04/08/2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक पश्चिम मध्य रेल भोपाल द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के ठेके स्थापित करने हेतु जगह के आवंटन हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है। ई-ऑक्शन के केट्सलोग्स आईआरईपीएस पोर्टल (www.ireps.gov.in) पर उपलब्ध है। केट्सलोग्स की जानकारी इस प्रकार है।

| Sr. No. | Catalogue Number | Type of Contract | Lot No./Bid No. | Contract Period | Date and time of close of e-auction |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | C-BPL-PNU-25-1 | PNU | PnU-BPL-BPL-Tol-1-25-1 | 3 Years | 14.08.2025 at 15:30 hrs |
| 02 | C-BPL-NFR-ADVT-2 | Publicity | ADVT-EFF-152630-3-25-1 | 3 Years | 18.08.2025 at 15:30 hrs |
| | | | AADVT-EFF-278835-1-25-1 | 3 Years | 18.08.2025 at 15:40 hrs |
| | | | ADVT-EFF-271268-2-25-2 | 3 Years | 18.08.2025 at 15:50 hrs |
| | | | ADVT-EFF-171194-3-25-1 | 3 Years | 18.08.2025 at 16:00 hrs |
| | | | ADVT-EFF-169339-2-25-1 | 3 Years | 18.08.2025 at 16:10 hrs |
| | | | ADVT-BPL-BPL-OH-140-25-1 | 3 Years | 18.08.2025 at 16:20 hrs |
| | | | ADVT-BPL-SVPI-OSN-180-25-2 | 3 Years | 18.08.2025 at 16:30 hrs |
| | | | ADVT-BPL-GUNA-OSN-181-25-2 | 3 Years | 18.08.2025 at 16:40 hrs |
| | | | ADVT-BPL-HD-OSN-179-25-2 | 3 Years | 18.08.2025 at 16:50 hrs |
| 03 | C-BPL-NFR-ATM | ATM | ATM-BPL-BPL-Gen-30-25-2 | 5 Years | 18.08.2025 at 15:30 hrs |
| | | | ATM-BPL-ET-Gen-33-25-1 | 5 Years | 18.08.2025 at 15:40 hrs |
| | | | ATM-BPL-ET-Gen-32-25-1 | 5 Years | 18.08.2025 at 15:50 hrs |
| 04 | C-BPL-NFR-FLEX | Publicity | ADVT-BPL-HD-OSN-157-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 15:30 hrs |
| | | | ADVT-BPL-BAQ-OSN-155-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 15:40 hrs |
| | | | ADVT-BPL-MDDP-OSN-159-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 15:50 hrs |
| | | | ADVT-BPL-BPF-OSN-161-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 16:00 hrs |
| | | | ADVT-BPL-SVPI-OSN-152-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 16:10 hrs |
| | | | ADVT-BPL-SHRN-OSN-158-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 16:20 hrs |
| | | | ADVT-BPL-ODG-OSN-160-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 16:30 hrs |
| | | | ADVT-BPL-TBN-OSN-162-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 16:40 hrs |
| | | | ADVT-BPL-SFY-OSN-97-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 16:50 hrs |
| | | | ADVT-BPL-ASKN-OSN-154-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 17:00 hrs |
| | | | ADVT-BPL-GUNA-OSN-153-25-1 | 3 Years | 19.08.2025 at 17:10 hrs |
| 05 | C-BPL-NFR-WR | Publicity | ADVT-Int-127899-169-24-1 | 3 Years | 21.08.2025 at 15:30 hrs |
| | | | ADVT-Int-58196-5-24-1 | 3 Years | 21.08.2025 at 15:40 hrs |

संपूर्ण जानकारी, अनुबंध की सामान्य शर्तें एवं अनुबंध की विशेष शर्तें www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। प्रतिभागी पोर्टल पर जाकर विवरण प्राप्त कर सकते है। कृते मंडल रेल प्रबंधक(वा) पश्चिम मध्य रेल भोपाल 355/2025



बिजनेस न्यूज


### सूर्या फाउंडेशन ने कन्या शिक्षा परिसर में मनाया रक्षाबंधन का पर्व



**भोपाल।** सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर में रक्षाबंधन का पर्व परंपरागत रूप में हर्ष, उल्लास एवं आत्मीयता के वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह रहे। जिनकी उपस्थिति से आयोजन की गरिमा और भावनात्मकता दोनों ही बढ़ गई। छात्राओं ने अपने हाथों से मंत्री डॉ. शाह, जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक अरविंद कुशवाहा तथा सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर के प्रबंधक सत्येंदर शर्मा को राखी बांधी एवं स्नेहपूर्ण आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर मंत्री डॉ. शाह ने कहा कि सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित यह संस्थान बालिकाओं के सर्वांगीण विकास की दिशा में सराहनीय कार्य कर रहा है। इस अवसर पर मंत्री ने पद्मश्री जयप्रकाश, संस्थापक सूर्या फाउंडेशन तथा संपूर्ण प्रबंधन टीम के प्रति कृतज्ञता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सूर्या फाउंडेशन न केवल शिक्षा, बल्कि नैतिकता और राष्ट्रनिर्माण की दिशा में भी अनुकरणीय योगदान दे रहा है।

### बालाक्सी के राजस्व में 21 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** बालाक्सी फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड ने 31 मार्च 2025 को समाप्त तिमाही और वित्त वर्ष के लिए अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणाम घोषित किए हैं। कंपनी ने मजबूत संचालन और रणनीतिक प्रगति का प्रदर्शन किया है। कंपनी के समेकित राजस्व में साल दर साल 21 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई, जो अफ्रीका और लैटिन अमेरिका में जोरदार प्रदर्शन के चलते संभव हुआ। महंगाई के दबाव के बावजूद कंपनी की लाभप्रदता मजबूत रही और अच्छे ग्रॉस मार्जिन से उत्पाद पोर्टफोलियो की मजबूत प्राइसिंग पावर झलकती है।

### कोटक और इंडिगो ने लांच किए पावर्ड को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स

**मुंबई।** कोटक महिंद्रा बैंक और इंडिगो ने मिलकर एक आकर्षक को-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड्स की श्रृंखला को फिर से लांच किया है। ये कार्ड्स इंडिगो एयरलाइंस के नए लॉयल्टी प्रोग्राम, इंडिगो ब्लूचिप द्वारा पावर्ड है। चाहे आप बार-बार यात्रा करने वाले हों या अपनी अगली छुट्टी की योजना बना रहे हों, ये कार्ड आपके रोजमर्रा के खर्च को यात्रा पुरस्कारों में बदलने के लिए डिजाइन किए गए हैं। अशोक वासवानी, एमडी और सीईओ ने कहा कि यह साझेदारी एक साझा लक्ष्य पर आधारित है। रोजमर्रा की बैंकिंग को और फायदेमंद बनाना और यात्रा को सभी के लिए आसान करना।


**खंड-1**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**कार्यालय - सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम, मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 6314/ई-टेंडरिंग/2025-26, दिनांक 01/08/2025

उपसंचालक, सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, नर्मदापुरम द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्रमांक | कार्य का विवरण | | मात्रा | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | GI casing pipe (per meter) | ISI marked G.I. casing pipe (Plain) medium class in 4 to 7 meters length one end fitted with socket as per I.S.: 1239 (Part-2) 1992 with IV th revision (Up-todate amendments). 200 mm Diameter | 300 m | 18000/- | 5000/- |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क ऑनलाइन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर प्रकाशन दिनांक से दिनांक 20.08.2025 बजे शाम 5.00 बजे तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते है।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल https://www.mptenders.gov.in/ पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।

जी -16818/25    स्वच्छता ही सेवा
उपसंचालक
सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम



**बैंक ऑफ़ इंडिया**

आंचलिक कार्यालयः भोपाल अंचल
फोन : 0755-2555169, 2556770

**आधिपत्य सूचना**
(अचल संपत्ति) नियम-8 (1)

जबकि, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन एवं प्रतिभूति-हित-का प्रवर्तन अधिनियम 2002 अन्तर्गत एवं धारा 13(12) सहपठित प्रतिभूहित हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बैंक ऑफ इंडिया के प्राधिकृत अधिकारी ने निम्न वर्णित दिनांक को मांग सूचना पत्र को जारी किया जिसमें निम्नवर्णित ऋणी एवं जमानतदार को नोटिस में निम्न वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्चों सहित नोटिस प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था।

ऋणी द्वारा राशि के भुगतान नहीं करने पर ऋणी एवं आमजनता को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उपरोक्त कथित एक्ट की धारा 13 (4) सहपठित उक्त कथित नियम के नियम 8 के अधीन निम्न हस्ताक्षरकर्ता ने निम्नवर्णित संपत्तियों का कब्जा निम्नवर्णित दिनांक को ले लिया गया है। उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।

ऋणी एवं जमानतदार को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतः एतद् द्वारा निम्नवर्णित संपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है कि इस संपत्ति से संबंधित कोई भी व्यवहार निम्न वर्णित राशि के लिए **बैंक ऑफ इंडिया की हमीदिया रोड शाखा** के निर्मित प्रभार के अध्यधीन होगा।

| ऋणी एवं संपत्ति मालिक जमानतदार का नाम | मांग नोटिस दिनांक / कब्जा दिनांक / नोटिस के अनुसार राशि | बंधक रखी संपत्ति के विवरण एवं संपत्ति के बंधककर्ता का नाम |
|---|---|---|
| **हमीदिया रोड शाखा : भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्रीमती शीतल शर्मा पत्नि श्री रामकृष्णा शर्मा**<br>पताः एचआईजी फ्लैट नंबर 101, प्रथम तल, ब्लॉक-सी, अभिषेक अपार्टमेंट-2, प्लॉट नंबर डी, विनायक परिसर, गुलमोहर, ग्राम बावड़िया कलां, जिला भोपाल (म.प्र.) | 14.05.2025<br>04.08.2025<br>+ दिनांक 28.02.2025 को<br>₹ 21,38,050.63<br>+ ब्याज एवं अन्य खर्च | संपत्ति का समस्त भू भाग आवासीय संपत्ति एचआईजी फ्लैट नं. 101, प्रथम तल, ब्लॉक-सी, अभिषेक अपार्टमेंट-2, प्लॉट क्रमांक डी, विनायक परिसर, गुलमोहर, ग्राम बावड़िया कलां, भोपाल (म.प्र.) क्षेत्रफल 102.23 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं- पूर्व- डुप्लेक्स, पश्चिम- रोड नीचे, उत्तर- ब्लॉक-बी, दक्षिण- फ्लैट क्रमांक 102 |

स्थान : भोपाल, दिनांक : 04-08-2025    प्राधिकृत अधिकारी बैंक ऑफ इंडिया

चिंतन

# संवेदनशील पहाड़ी क्षेत्रों की रक्षा करे सरकार

उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में कुदरत का कहर जान-माल पर भारी पड़ रहा है। यह पहली बार नहीं है। वर्ष 2013 में केदारनाथ में आए जल प्रलय से न लोगों ने, न स्थानीय वासियों ने और न ही सरकारों ने कोई सबक लिया है। केदारनाथ में आई जल प्रलय 2004 की सुनामी के बाद भारत की सबसे भीषण त्रासदी थी। उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश के पहाड़ी क्षेत्र में कभी ग्लेशियर फटता है, कभी बादल फटता है, कभी भारी वर्षा होती है, जिसके चलते प्रलयकारी बाढ़, भूस्खलन आदि की घटनाएं बढ़ रही हैं। वर्ष 2019, 2021, 2022 में बड़ी आपदाएं आ चुकी हैं। पर्वतीय इलाकों में आपदाएं अब अधिक तेज और बार-बार हो रही हैं। हमें सोचने की जरूरत है कि हर स्तर पर प्रकृति से खिलवाड़ क्यों जारी है? केदारनाथ, उत्तरकाशी क्षेत्र उत्तराखंड के संवदेनशील हिमालयी क्षेत्र हैं, जो भौगोलिक दृष्टिकोण से बेहद नाजुक और आपदा वाले क्षेत्र माने जाते हैं। मौसम व पर्यावरण विज्ञानियों के मुताबिक, उत्तरकाशी के धराली और आसपास के क्षेत्र 2012 और 2019 में भी प्राकृतिक आपदाओं की चपेट में आए थे। आधुनिक समय में बिना उचित भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण के, इन जगहों पर अतिक्रमण हुआ है। विशेषज्ञों का सुझाव है कि जियोलोजिकल और जियोस्पैशियल तकनीक के माध्यम से ऐसे संवेदनशील स्थानों का सर्वेक्षण करके इन्हें 'लाल निशान' के रूप में चिन्हित करना होगा। पर्यावरणविद् कह रहे हैं कि हिमालयी ऊंचाई वाले क्षेत्रों में तापमान तेजी से बढ़ रहा है। केदारनाथ आपदा के बाद 200 मीटर नदी किनारे निर्माण रोकने का नियम बना, लेकिन उसका भी उल्लंघन किया जाता रहा है। पर्यटन से जुड़ा आर्थिक लालच, वैकल्पिक पुनर्वास की कमी और स्थानीय मजबूरियां लोगों को बार-बार खतरे वाले इलाकों में लौटने पर मजबूर करती हैं। 'जर्नल ऑफ जियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया' में पिछले महीने प्रकाशित 1970 से 2021 तक के आंकड़ों के विश्लेषण पर आधारित एक अध्ययन उत्तराखंड में 2010 के बाद अत्यधिक वर्षा और सतह पर जल प्रवाह की घटनाओं में भारी वृद्धि की पुष्टि करता है। खड़ी ढलानें, कटाव के लिहाज से बेहद संवेदनशील नाजुक संरचनाएं और 'मेन सेंट्रल थ्रस्ट' जैसे 'टेक्टोनिक फॉल्ट' इलाके को अस्थिर बनाते हैं। नवंबर 2023 में 'नेचुरल हजार्ड्स जर्नल' में प्रकाशित एक अध्ययन में उत्तराखंड में 2020 से 2023 के बीच आई आपदाओं से जुड़े डेटा का विश्लेषण किया गया, जिससे राज्य में मानसून के महीनों के दौरान 183 घटनाएं घटने की बात सामने आई। इनमें से 34.4 फीसदी घटनाएं भूस्खलन, 26.5 फीसदी आकस्मिक बाढ़ और 14 फीसदी बादल फटने की थीं। मौसमी आपदाओं पर विज्ञान और पर्यावरण केंद्र के एटलस से पता चलता है कि जनवरी 2022 से मार्च 2025 के बीच 13 हिमालयी राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में 822 दिन चरम मौसमी घटनाएं दर्ज की गईं, जिनमें 2,863 लोगों की मौत हुई। प्राकृतिक कारक मानवीय गतिविधियों के कारण और तीव्र हो गए हैं। जलवायु परिवर्तन से क्षेत्र के ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं, जिससे उफनाती हिमनदी झीलों के रूप में नये खतरे पैदा हो रहे हैं। उत्तराखंड में 1,260 से अधिक हिमनद झीलें हैं, जिनमें से 13 को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) ने उच्च जोखिम वाली हिमनद झील और पांच को बेहद खतरनाक हिमनद झील के रूप में वर्गीकृत किया है। आज जब उत्तराखंड व हिमाचल प्रदेश आपदा से जूझ रहे हैं, तो सवाल यह उठता है कि क्या वैज्ञानिकों की ओर से दी गई चेतावनियों और सुझावों पर ध्यान दिया जाएगा?



पुण्यतिथि विशेष

प्रो. आरके जैन "अरिजीत"

# टैगोर : वो दीप जो उजाला बन गया

रवींद्रनाथ टैगोर न केवल कवि, साहित्यकार या संगीतज्ञ थे, अपितु एक युग-नायक थे, जिनके दर्शन ने मानवता को नवीन पथ प्रदर्शित किया, जिनकी कृतियों ने हृदय को छुआ, और जिनके जीवन ने सत्य, सौंदर्य और प्रेम का अमर संदेश विश्व-वसुंधरा पर प्रसारित किया। टैगोर का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो प्रत्येक मानव को प्रेरणा देती है कि वह अपनी सृजनशक्ति को प्रज्वलित करे, प्रकृति से प्रेम करे और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को आत्मसात करे। उनकी पुण्यतिथि केवल स्मृति का दिन नहीं, अपितु एक अटल संकल्प है। उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित होगी, जब हम उनके विचारों को जीवंत रखकर उनके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर हों।

रवींद्रनाथ टैगोर का नाम एक ऐसी दीपशिखा है, जो भारत के सांस्कृतिक, साहित्यिक और आध्यात्मिक क्षितिज पर युग-युगांतर तक देदीप्यमान रहेगी। वे न केवल कवि, साहित्यकार या संगीतज्ञ थे, अपितु एक युग-नायक थे, जिनके दर्शन ने मानवता को नवीन पथ प्रदर्शित किया, जिनकी कृतियों ने हृदय को छुआ, और जिनके जीवन ने सत्य, सौंदर्य और प्रेम का अमर संदेश विश्व-वसुंधरा पर प्रसारित किया। उनकी पुण्यतिथि, 7 अगस्त 1941, केवल एक तिथि नहीं, वरन एक पावन स्मृति है, उनके विचारों को पुनर्जागृत करने, उनकी शिक्षाओं को आत्मसात करने और उनके स्वप्नों को मूर्त रूप देने का। टैगोर का जीवन एक ऐसी गाथा है, जो प्रत्येक मानव को प्रेरणा देती है कि वह अपनी सृजनशक्ति को प्रज्वलित करे, प्रकृति से प्रेम करे और मानवता के प्रति अपने उत्तरदायित्व को आत्मसात करे।

कोलकाता के जोड़ासांको ठाकुर बाड़ी में 1861 में जन्मे रवींद्रनाथ एक ऐसे परिवार में पले-बढ़े, जहां कला, साहित्य और दर्शन की सुगंध हर सांस में बसी थी। उनके पिता देवेंद्रनाथ टैगोर ब्रह्म समाज के प्रखर विचारक थे, और परिवार का वातावरण विचारों की स्वतंत्रता से सराबोर था। छोटी आयु में ही रवींद्रनाथ ने कविता की रचना शुरू कर दी थी। पारंपरिक स्कूली शिक्षा उन्हें बांध नहीं सकी; उन्होंने विश्व साहित्य, संगीत और प्रकृति के अध्ययन में स्वयं को डुबो दिया। यह स्वतंत्रता उनकी रचनात्मकता का आधार बनी, जिसने उन्हें एक कवि से कहीं अधिक एक दार्शनिक, चित्रकार, शिक्षाविद् और समाज सुधारक बनाया। टैगोर की साहित्यिक यात्रा का सर्वोच्च शिखर था गीतांजलि, वह काव्य संग्रह जिसने उन्हें 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार दिलाया। यह सम्मान केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं था, बल्कि यह भारत की बौद्धिक शक्ति का वैश्विक मंच पर उद्घोष था। वे पहले एशियाई थे, जिन्हें यह पुरस्कार मिला, जिसने उपनिवेशवादी मानसिकता को गहरी चुनौती दी। गीतांजलि की कविताएं मानव और ईश्वर के बीच एक आध्यात्मिक संनाद हैं। इनमें भक्ति की गहराई, प्रेम की कोमलता और जीवन की नश्वरता का ऐसा चित्रण है जो हृदय को गहरे तक उद्वेलित करता है। टैगोर ने केवल कविता ही नहीं, बल्कि गोरा, घरे बाइरे, चोखेर बाली जैसे उपन्यासों, काबुलीवाला और डाकघर जैसे नाटकों, और असंख्य कहानियों व निबंधों के माध्यम से भारतीय समाज की जटिलताओं, मानवीय संवेदनाओं और सामाजिक कुरीतियों को उजागर किया। रवींद्रनाथ टैगोर केवल एक साहित्यकार नहीं, अपितु एक दूरदर्शी समाज सुधारक थे, जिनकी शिक्षा के प्रति दृष्टि आज भी प्रासंगिकता की प्रखर ज्योति है। 1901 में, उन्होंने शांतिनिकेतन में एक प्रयोगात्मक विद्यालय की नींव रखी, जो कालांतर में विश्वभारती विश्वविद्यालय के रूप में अमर हुआ। यहाँ उन्होंने भारतीय गुरुकुल पद्धति और आधुनिक पश्चिमी शिक्षा का अलौकिक समन्वय रचा। उनका विश्वास था कि शिक्षा का लक्ष्य केवल उपाधि नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास है। प्रकृति की गोद में, संगीत, कला और नाट्य के माध्यम से उनकी शिक्षा पद्धति विद्यार्थियों में सृजनशीलता, संवेदनशीलता और नैतिकता का बीज बोती थी। विश्वभारती आज भी उनकी इस दृष्टि का सजीव प्रतीक है, जो शिक्षा को आत्मा की जागृति का पावन साधन मानता है। उनका राष्ट्रवाद भी उनकी विचारधारा



की भाँति अनन्य था। टैगोर अंधराष्ट्रवाद के प्रखर विरोधी थे, उनका विश्वास था कि सच्चा राष्ट्रप्रेम मानवतावाद की उदात्त प्रेरणा से उपजता है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम का समर्थन किया, किंतु हिंसा का सदा विरोध किया। 1919 के जलियांवाला बाग नरसंहार के पश्चात, उन्होंने 'नाइटहुड' की उपाधि अस्वीकार कर उपनिवेशवाद के विरुद्ध साहसी सांस्कृतिक विद्रोह का परचम लहराया। उनकी रचना "एकला चलो रे" स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा का मंत्र बनी, जो साहस और आत्मनिर्भरता का अमर संदेश देती है। टैगोर का दर्शन था कि सच्ची स्वतंत्रता केवल बाह्य बंधनों से मुक्ति नहीं, अपितु अंतर्मन की जागरूकता और नैतिक साहस से प्राप्त होती है। टैगोर की संगीतमय प्रतिभा उनकी सृजनशीलता का एक अनुपम रत्न थी, जो सौंदर्य और भाव की अनंत गहराइयों में समाया है। उन्होंने लगभग 2,230 गीतों की रचना की, जिन्हें रवींद्र संगीत के रूप में अमरत्व प्राप्त है। इन गीतों में प्रकृति का अलौकिक सौंदर्य, प्रेम की नाजुक संवेदनाएं, भक्ति की गहन तन्मयता और देशप्रेम की प्रचंड ज्वाला समाहित है। भारत का राष्ट्रगान ₹जन गण मन₹ और बांग्लादेश का 'आमार सोनार बांग्ला' उनकी कालजयी रचनाएं हैं, जो उनके वैश्विक प्रभाव की सशक्त गवाही देती हैं। श्रीलंका का राष्ट्रगान भी उनकी प्रेरणा से ओतप्रोत है। उनके गीत, जैसे 'पूरबोई गगने डोले', प्रकृति और मानव हृदय के बीच एक गहन संनाद रचते हैं। इनकी लय और शब्द आज भी असंख्य हृदयों को आल्हादित और प्रेरित करते हैं। उनकी चित्रकला उनकी बहुआयामी प्रतिभा का एक और अनमोल आयाम थी। जीवन के उत्तरार्ध में, उन्होंने लगभग 3,000 चित्रों का सृजन किया, जिनमें भारतीय लोककला, आदिवासी रेखांकन और प्रतीकात्मकता का अद्भुत समन्वय झलकता है। उनकी कला केवल सौंदर्य का आलंकारिक प्रदर्शन नहीं, अपितु उनके दर्शन और भावनाओं का दृश्यात्मक साकार रूप थी। प्रत्येक रंग और रेखा मानो उनकी कविता का ही सजीव विस्तार हो। उनकी चित्रकारी में मानव मन की जटिलताएं और प्रकृति का रहस्यमयी आकर्षण जीवंत हो उठता है, जो दर्शक को एक गहन चिंतन और सौंदर्यबोध की यात्रा पर ले जाता है। जब 7 अगस्त 1941 को रवींद्रनाथ टैगोर ने इस नश्वर संसार को अलविदा कहा, तो एक युग का सूर्यास्त हुआ, किंतु उनकी रचनाएं, उनके दर्शन और उनकी शिक्षाएं आज भी सूर्य की भांति प्रखर और जीवंत हैं। उनकी पुण्यतिथि हमें उनके असाधारण जीवन से प्रेरणा ग्रहण करने का पावन अवसर प्रदान करती है। वे हमें सिखाते हैं कि साहित्य केवल शब्दों का आलंकारिक संयोजन नहीं, अपितु आत्मा को प्रज्वलित करने का अलौकिक साधन है। उनकी शिक्षा पद्धति हमें स्मरण कराती है कि सच्चा ज्ञान वही है, जो मानव को संवेदनशील और जागरूक बनाए। उनकी देशभक्ति हमें यह बोध कराती है कि प्रेम, नैतिकता और मानवता ही सच्चे राष्ट्रवाद की अटल नींव हैं। आज, जब हम आधुनिकता की अंधी दौड़ में अपनी सांस्कृतिक जड़ों से विलग हो रहे हैं, टैगोर की शिक्षाएं एक दीपस्तंभ की भांति मार्गदर्शन करती हैं। वे हमें प्रकृति से जुड़ने, आत्मनिरीक्षण करने और मानवता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने की प्रेरणा देते हैं। उनकी पुण्यतिथि केवल स्मृति का दिन नहीं, अपितु एक अटल संकल्प है, उनके विचारों को जीवन में उतारने और उनके स्वप्नों को साकार करने का। जैसा कि टैगोर ने स्वयं कहा, "मृत्यु का अर्थ दीपक बुझाना नहीं, बल्कि इसलिए बुझाना है क्योंकि प्रभात का नवीन प्रकाश उदित हो चुका है।" उनका यह प्रकाश आज भी हमारे मध्य देदीप्यमान है, जो हमें सत्य, सौंदर्य और प्रेम के पथ पर अनंत यात्रा के लिए प्रेरित करता है। उनकी स्मृति को सच्ची श्रद्धांजलि तभी अर्पित होगी, जब हम उनके विचारों को जीवंत रखकर उनके दिखाए मार्ग पर दृढ़ता से अग्रसर हों।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

लापरवाही

डॉ. घनश्याम बादल



# धराली में प्राकृतिक आपदा से तबाही का जिम्मेदार कौन

अपने नैसर्गिक एवं नयनाभिराम प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध उत्तरकाशी गंगोत्री मार्ग पर पर्यटकों का बेहद पसंदीदा हॉल्ट कैंप धराली आज सन्नाटे से घिरा है। वहां पर बसे हुए सत्तर-अस्सी परिवारों में से अधिकांश के घर, दुकानें व होम स्टे तबाह हो गए हैं एवं वहां का बाजार भी खत्म हो गया है। वहां स्थित शिव मंदिर को भी भारी क्षति पहुंचने का अनुमान है। अस्सी गंगा एवं भागीरथी नदियों के तटीय क्षेत्र में बसा हर्षिल घाटी का यह सुंदर गांव पांच अगस्त की दोपहर 1:45 पर अचानक ही भारी चीखों एवं चीत्कारों से गूंज उठा, जब अस्सी गंगा एवं सुक्खी टॉप से भारी मात्रा में मलबा एवं चट्टानें अचानक नीचे की तरफ लुढ़कने लगीं। पहाड़ों पर अक्सर होने वाले क्लाउडबर्स्ट यानी बादल फटने की घटनाओं के बाद इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं लेकिन इतना भयावह दृश्य शायद उत्तरकाशी में 2019 में आए भूकंप के बाद पहली बार देखने को मिला है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार केवल 34 सेकंड में ही सब कुछ तबाह हो गया। हर्षिल घाटी में सेना के शिविर के जवान भी अपनी रक्षा इस प्राकृतिक तबाही से नहीं कर पाए और मिली रिपोर्ट के अनुसार 11 जवान अभी तक लापता हैं। सैकड़ो लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। यद्यपि वहां पर स्थित सैन्यकर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने हिम्मत करके 130 लोगों को मलबे से बाहर भी निकाल लिया है। एनडीआरफ और एसडीआरएफ तथा तिब्बत पुलिस एवं सेना के जवान लगातार वहां पहुंचने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन 24 घंटे बाद तक भी सहायता के लिए तैनात एवं भेजी गई टीमें घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रही हैं क्योंकि धराली, हर्षिल एवं भटवाड़ी जैसी जगहों को जोड़ने वाली अधिकांश सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं तथा नदी में भारी मात्रा में गाद एवं कीचड़ समा गया है। मौसम की खराबी के चलते हेलीकॉप्टर से भी पर्याप्त सहायता नहीं पहुंचाई जा पा रही है। उत्तराखंड का उत्तरकाशी जिला पहले से ही अति संवेदनशील क्षेत्रों में शामिल रहा है। यहां न केवल 2019 में प्रचंड भूकंप आया था बल्कि बहुत पहले से ही बादल फटने एवं भूस्खलन की घटनाएं होती रही हैं। यहां का इतिहास बताता है कि सन् 1750 में भी यहां पर भागीरथी नदी एवं उसके आसपास के क्षेत्र में बहुत बड़ा बादल विस्फोट हुआ था और तब भी सैकड़ो जानें चली गईं थीं। बीच-बीच में बादल फटने एवं भूस्खलन तथा भारी वर्षा या बर्फबारी की वजह से पारिस्थितिकी का क्षतिग्रस्त होना जारी रहा लेकिन 1978 में यहां पर एक बार फिर से बादल फटने से भारी तबाही मची। कह सकते हैं कि नदियों के इस प्रवाह क्षेत्र पर मनुष्यों ने कब्जा कर लिया और शायद इसी गुस्से में प्रकृति ने अपना इलाका फिर से खाली करा लिया है। यह अजीब संयोग है कि 1978 में भी 5 अगस्त को ही यहां पर ऐसी तबाही मची थी। उसके बाद 2023 एवं 2024 में भी यहां बादल फटने एवं अतिवृष्टि का तांडव देखने को मिला लेकिन न सरकार चेती, न ही वहां बसने वाले लोगों अथवा प्रशासन ने सुरक्षा के अच्छे प्रबंध किए। इसका नतीजा आज सैकड़ों लोगों को अपना जीवन गंवाकर भुगतना पड़ा है। विकास की अंधी दौड़ के सबसे ज्यादा शिकार पहाड़ी क्षेत्र ही हुए हैं। वहां तक सुविधाएं एवं सड़क पहुंचाने के लिए बिना किसी खास भू सर्वेक्षण या विशेषज्ञों की राय लिए पहाड़ों का काटना लंबे समय से चल रहा है। पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए इन क्षेत्रों को सुगम बनाने के लिए भी तथा अपनी स्वार्थ पूर्ति या दूसरी वजहों से भी लगातार वनों का कटान जारी रहा है जिसके चलते हुए देवदार या चीड़ अथवा साल के वृक्ष जिनकी जड़ें गहराई तक जाकर मिट्टी को जकड़ लेती थी खत्म होते गए और पहाड़ अंदर से दरदरा और भुरभुरा होता चला गया। इससे भी ज्यादा ख़राब बात यह हुई कि वहां पर लोगों को रोज़गार दिलाने के अवैज्ञानिक तरीके अपनाए गए और पहाड़ों पर बहुमंजिली इमारतों के रूप में सीमेंट एवं लोहे के सरियों का वज़न और बढ़ा दिया गया। रही-सही कमी पर्यटकों की बढ़ती हुई संख्या के चलते हुए प्लास्टिक एवं दूसरे पर्यावरण प्रदूषण ने पूरी कर दी। नतीज़ा एक बार फिर भारी तबाही एवं जान-माल की क्षति के रूप में सामने आया है। बचाव राहत एवं सुरक्षा के उचित कदम समय से नहीं उठाए जाते हैं जिसकी वज़ह से वहां के निवासियों को भीषण प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ता है। सवाल केवल धराली, भटवाड़ी या हिमाचल के मंडी, धर्मशाला अथवा दूसरे इलाकों में हुए जान-माल के नुकसान मात्र का नहीं है। असली मुद्दा तो यह है कि यह अवैज्ञानिक तरीके का विकास और सरकारों की लापरवाही या अनदेखी अथवा मानकों के उल्लंघन की प्रवृत्ति कब तक लोगों की जान लेती रहेगी?

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

**अब समय है कि हम अपने बच्चों की रुचि व मानसिक स्थिति का मूल्यांकन करें**

# पढ़ाई कोई नहीं मजबूरी...पर डिग्री से पहले जिंदगी जरूरी



डॉ. प्रमोद शंकर सोनी

देशभर में छात्रों की आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। इसे प्रणालीगत विफलता मानते हुए कोर्ट ने सभी स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग संस्थानों और छात्रावासों के लिए 15 बिंदुओं की गाइडलाइन जारी की है। इनमें मानसिक स्वास्थ्य, काउंसलिंग, शिकायत निवारण और संस्थागत जवाबदेही जैसे पहलू शामिल हैं। सच तो यह है कि जीवन का अर्थ है उमंग, सृजन और अपनी क्षमता का पूर्ण प्रयोग। लेकिन आज का शैक्षणिक माहौल ऐसा बन चुका है कि बच्चे अपनी रुचि के बजाए दबाव में आकर फैसले लेते हैं। समाज, परिवार और साथियों का दबाव उन्हें भ्रमित कर देता है। मेरी बेटी, जो लेखन और भाषा में प्रतिभाशाली थी, 10वीं के बाद पियर प्रेशर में आकर बायोलॉजी स्ट्रीम में चली गई। जहां कुछ महीनों में ही वह पढ़ाई से जूझने लगी, उसका आत्मविश्वास कम हो गया। पूर्व के शतरंज बैडमिंटन,संगीत जैसे रुचिकर गतिविधियों से उसका मन हट गया, और नीट का नाम सुनते ही वह भयभीत हो जाती। जब मैंने उससे 11 वीं के रिजल्ट के बाद उसका मन पढ़ा तो जाना वह इस विषय को बेरुची से पढ़ रही है। आखिरकार, 12 वीं में उसने अपना विषय बदलकर साइकोलॉजी और ह्यूमैनिटीज चुनी। अब वह पूरी रुचि और आत्मविश्वास से पढ़ रही है। यह कहानी इस बात का उदाहरण है कि बच्चे अपनी रुचि के अनुसार ही आगे बढ़ें। वास्तव में, लाखों बच्चे नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं की तैयारी में जुट जाते हैं, जबकि उनकी इच्छाएं अलग हैं। खासकर मेडिकल या इंजीनियरिंग जैसे क्षेत्रों में, जिनमें प्रवेश के बाद लंबा और कठिन सफर शुरू होता है। कई बार छात्र अपने मन के विरुद्ध चयन कर लेते हैं, फिर भारी तनाव और अवसाद में डूब जाते हैं। कई संवेदनशील छात्र इस दबाव को सह नहीं पाते और आत्महत्या कर लेते हैं। ग्रामीण या हिंदी माध्यम से आए छात्रों के साथ भी यही समस्या देखी जाती है। वे योग्यता रखते हुए भी भाषा और माहौल के दबाव में हार मान जाते हैं। कोचिंग संस्थान भी कई बार सिर्फ परिणाम की मशीनरी बन जाते हैं, जहां बच्चे प्रोजेक्ट बनकर रह जाते हैं। हम बच्चों को उनकी रुचि और प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ने का मौका दें। बस उन्हें पहचानने और प्रोत्साहित करने की जरूरत है। अब समय है कि बच्चों की रुचि और मानसिक स्थिति का मूल्यांकन करें। उन्हें उनकी प्रतिभा के अनुसार आगे बढ़ने का अवसर दें, न कि केवल दौड़ में बनाए रखने के लिए। हर बच्चा एक अनमोल रत्न है, उसे उसकी प्रकृति और प्रतिभा के अनुरूप तराशने की जरूरत है।

*(स्वतंत्र लेखक व होम्योपैथिक चिकित्सक )*

सटाका




## आज की पाती

### हिरोशिमा परमाणु बम के सबक

6 अगस्त 1945 का वो काला दिन जब अमेरिकी वायुसेना ने हिरोशिमा, जोकि जापान में है, पर परमाणु बम जिसे लिटिल बॉय कहा जाता है, गिराकर हजारों लोगों को मौत के नींद सुला दिया था। उसके जख्मों को अभी भी दुनिया नहीं भुला पाई है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति ट्रुमन उस समय हुए युद्ध के दौरान जापान की युद्ध क्षमता को चौपट करना चाहते थे, इसलिए भी अमेरिका ने परमाणु बम से हिरोशिमा और नागासाकी पर हमले किए थे। इस हमले की कोई भी वजह रही हो, लेकिन ऐसे युद्धों और हमलों को बढ़ावा देना बहुत ही गलत है। यह प्राणी जाति के विनाश के बीज हैं। युद्ध हमेशा हानिकारक ही सिद्ध हुए हैं। मुट्ठीभर सत्ताधारियों की ईगो ने जब भी कोई युद्ध छेड़ा है तो इसमें बेकसूर और निहत्थे लोग ही मारे गए हैं।

*- संजीव भट्ट, राजनांदगांव*

## X ट्रेंड f

### भावपूर्ण श्रद्धांजलि



सौम्यता व सादगी की प्रतिमूर्ति, ओजस्वी वक्ता, पूर्व विदेश मंत्री, 'पद्म विभूषण' सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। राष्ट्र प्रथम के ध्येय और जनसेवा के संकल्प के साथ सुषमा जी ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश सेवा में समर्पित कर दिया।

-जे.पी. नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### मजबूत सार्वजनिक सुरक्षा



ईआरएसएस-112 प्रणाली के अंतर्गत नए पीसीआर वाहन अब मंड्रेम, मोपा, वालपोई, कुनकोलिम और कैनाकोना में परिचालन में हैं, जिससे तीव्र प्रतिक्रिया और मजबूत सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है।

- डॉ. प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा

### बचाव कार्य में सहयोग



उत्तरकाशी के धराली में हुई इस भयावह त्रासदी से प्रभावित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। मैं उत्तराखंड में 'आप' के साथियों से अपील करता हूं कि राहत और बचाव कार्य में प्रशासन का पूरा सहयोग करें, ज़रूरतमंदों की हर संभव मदद करें।

-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली

### वित्तीय संबंध उजागर




बार-बार की धमकियों के बावजूद प्रधानमंत्री मोदी का राष्ट्रपति ट्रंप के सामने खड़े नहीं हो पाने का कारण अदाणी के खिलाफ चल रही अमेरिकी जांच है। एक धमकी मोदी, एए और रूसी तेल सौदों के बीच वित्तीय संबंधों को उजागर करने की है।

- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

करंट अफेयर


## रूस इंटरनेट सेंसर लगा लोगों को दुनिया से अलग कर रहा




रूस में यूट्यूब वीडियो का डाउनलोड नहीं होना, किसी लोकप्रिय स्वतंत्र मीडिया वेबसाइट पर जाने पर सिर्फ खाली पेज दिखाई देना, मोबाइल फोन का इंटरनेट घंटों या दिनों तक बंद रहना अब सामान्य बात हो गई है। ये सब किन्हीं तकनीकी कारणों से नहीं हो रहा है बल्कि सरकार की लोगों को स्वतंत्र जानकारी तक पंहुचने से रोकने की कार्रवाई का नतीजा है। अधिकार समूहों और विशेषज्ञों ने यह आरोप लगाया है। अधिकार समूहों के मुताबिक रूस में ऑनलाइन जानकारी एकत्र करना निराशाजनक, जटिल और यहां तक कि खतरनाक भी हो सकता है। उन्होंने कहा कि सुचारु इंटरनेट तक पहुंच और कई साइट के बाधित होने की वजह इन मंचों को क्रेमलिन के पूर्ण नियंत्रण में लाने के लिए अधिकारियों द्वारा जानबूझकर किया गया बहुआयामी और दीर्घकालिक प्रयास है। अधिकार समूहों के मुताबिक अधिकारियों ने प्रतिबंधात्मक कानून बनाए और उन वेबसाइट और मंच पर प्रतिबंध लगा दिया जो उनके निर्देशों का पालन नहीं करते। 'ऑनलाइन ट्रैफिक' की निगरानी और उसमें हेरफेर करने के लिए तकनीक को और भी बेहतर बनाया गया है। हालांकि 'वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क' (वीपीएन) ऐप्स का उपयोग करके प्रतिबंधों को दरकिनार करना अब भी संभव है।

ऑफ बीट

## किशोरावस्था में सुने संगीत से भावुक क्यों हो जाते हैं



आपकी स्मृति की अतल गहराइयों में, आपके मस्तिष्क ने आपकी किशोरावस्था के संगीत की एक 'प्लेलिस्ट' बना रखी है। जिंदगी भले ही आगे बढ़ गई हो लेकिन इस बात की प्रबल संभावना है कि उस संगीत को सुनकर दिल और दिमाग के तार झनझना उठेंगे। खैर, मस्तिष्क और भावनाओं से जुड़ी किसी भी चीज की तरह, इसके बारे में पक्के तौर पर कह पाना मुश्किल है लेकिन इसका कुछ संबंध विकास से और कुछ हद तक किशोरावस्था के वर्षों में होने वाले प्रमुख तंत्रिका संबंधी बदलावों से हो सकता है। बदलते हार्मोन मस्तिष्क के भावनात्मक केंद्र कहे जाने वाले 'लिम्बिक' सिस्टम' को अत्यधिक सक्रिय कर देते हैं। इससे किशोर भावनात्मक रूप से संवेदनशील हो जाते हैं और उनमें तीव्र मनोदशा परिवर्तन देखे जा सकते हैं। साथ ही, हम अपने माता-पिता पर कम निर्भर होने लगते हैं। यह बढ़ता स्वावलंबन अपने साथियों के साथ घनिष्ठ संबंध बनाने की जरूरत को बढ़ा देता है। हमें बहुत जल्दी दूसरों के जज्बातों को समझना सीखना होगा और सुरक्षित या असुरक्षित चीजों की गहरी यादें विकसित करनी होंगी। एक प्रागैतिहासिक किशोर की दुनिया की कल्पना कीजिए। अब वह बच्चा संपूर्ण रूप से माता-पिता पर आश्रित नहीं है।

**अपने विचार**

**हरिभूमि कार्यालय**

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**

पर भेज सकते हैं।

## पीएम मोदी ने 'कर्तव्य भवन' की तस्वीरें शेयर की

# अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को संकल्प और प्रयासों का प्रतीक बताया

यह न केवल हमारी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक तेजी से पहुंचाने में मददगार बनने वाला है बल्कि इससे देश के विकास को भी एक नई गति मिलेगी, इसे राष्ट्र को समर्पित कर गौरवान्वित हूं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर बने 'कर्तव्य भवन' का उद्घाटन कर दिया है। उन्होंने 'कर्तव्य भवन' से जुड़ी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर की। उन्होंने इस अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर को देश के विकास और जनसेवा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। पीएम मोदी ने एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, कर्तव्य पथ पर 'कर्तव्य भवन' जन-जन की सेवा के प्रति हमारे अटूट संकल्प और निरंतर प्रयासों का प्रतीक है। यह न केवल हमारी नीतियों और योजनाओं को लोगों तक तेजी से पहुंचाने में मददगार बनने वाला है, बल्कि इससे देश के विकास को भी एक नई गति मिलेगी। इस भवन को राष्ट्र को समर्पित कर बहुत ही गौरवान्वित हूं।




### राजधानी दिल्ली में कर्तव्य पथ पर बने 'कर्तव्य भवन' का किया उद्घाटन

### निर्माण में लगे श्रमयोगियों की तारीफ की

प्रधानमंत्री ने एक अन्य पोस्ट में 'कर्तव्य भवन' के निर्माण में लगे श्रमयोगियों की तारीफ की। इसे गढ़ने वाले हमारे श्रमयोगियों की अथक मेहनत और संकल्प-शक्ति का आज देश साक्षी बना है। उनसे संवाद कर अत्यंत प्रसन्नता हुई है।

### पर्यावरण संरक्षण को किया रेखांकित

पीएम ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने एक पौधा भी लगाया। पीएम ने लिखा, कर्तव्य भवन' के निर्माण में पर्यावरण संरक्षण का पूरा ध्यान रखा गया है।

### 'कर्तव्य भवन-3' सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना का हिस्सा

'कर्तव्य भवन-3' सेंट्रल विस्टा पुनर्विकास परियोजना का हिस्सा है और यह आगामी कई सामान्य केंद्रीय सचिवालय भवनों में पहला होगा, जिसका उद्देश्य विभिन्न मंत्रालयों को एक ही छत के नीचे लाना है। महत्वपूर्ण मंत्रालय पुराने भवनों में कर रहे हैं, जो 1950 से 1970 के दशक के हैं।

### आज करेंगे स्वामीनाथन शताब्दी सम्मेलन का उद्घाटन

हरित क्रांति के जनक प्रो. एमएस स्वामीनाथन के जन्मशती के अवसर पर 7 अगस्त को नई दिल्ली में एमएस स्वामीनाथन शताब्दी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। एवरग्रीन रिवॉल्यूशन -बायो हैप्पीनेस का मार्ग थीम पर आधारित यह 3 दिवसीय सम्मेलन प्रो.वामीनाथन की विरासत को सम्मानित करेगा, जिन्होंने भारत को खाद्यान्न के मामले में आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने में अहम योगदान दिया।

### डाक टिकट-सिक्का भी जारी करेंगे

9 अगस्त तक चलने वाले इस सम्मेलन में वैश्विक विशेषज्ञ, नीति निर्माता, और हितधारक टिकाऊ कृषि और 'एवरग्रीन रिवॉल्यूशन' के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने पर विचार-विमर्श करेंगे। पीएम मोदी प्रो. स्वामीनाथन के सम्मान में एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी करेंगे।

**टिकाऊ कृषि के भविष्य पर रहेगा फोकस**

डॉ. सौम्या स्वामीनाथन, एमएसएसआर एफ की चेयरपर्सन ने बताया कि यह सम्मेलन टिकाऊ कृषि के भविष्य को वैश्विक स्तर पर होगा।

### भारत की हरित क्रांति के शिल्पकार थे प्रो. स्वामीनाथन

डॉ. स्वामीनाथन का जन्म 7 अगस्त, 1925 को तमिलनाडु के कुंभकोणम में हुआ। 28 सितंबर, 2024 को 98 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया।



हरित क्रांति के शिल्पकार इस महान कृषि वैज्ञानिक के जन्म के 2025 में 100 साल पूरे हो रहे हैं। वर्ष 2004 में गठित राष्ट्रीय किसान आयोग ने 2006 तक कुल 5 रिपोर्ट्स प्रस्तुत कीं। इसकी सबसे चर्चित सिफारिश थी एमएसपी को सी2 लागत पर तय किया जाए, ताकि किसानों को न्यायोचित मूल्य मिल सके।

## खबर संक्षेप

### 3 बेटियों का गला रेता खुद की काटी गर्दन

**नमक्कल।** तमिलनाडु के नमक्कल जिले के वेप्पगौंडनपुथुर गांव से एक रौंगटे खड़े कर देने वाली घटना सामने आई है। एम. गोविंदराज ने 3 नाबालिग बेटियों की बेरहमी से गला काटकर हत्या कर दी और फिर खुद अपना गला रेतकर आत्महत्या कर ली। उसने पत्नी और बेटे को अलग कमरे में बंद कर दिया था।



### पूर्व मंत्री स्वामी पर भरे चौराहे पर किया हमला

**कानपुर।** पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य का साथस मोटल चौराहा पर स्वागत हो रहा था। इस दौरान दो युवकों ने उनके साथ मारपीट की। इसके बाद समर्थकों ने दोनों युवकों को पीटा। पुलिस ने पिटाई करने वाले दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है। सीओ सदर अमित सिंह ने कहा पकड़े गए युवकों की अभी पहचान नहीं हुई है।



### एल्विश के खिलाफ ट्रायल की कार्यवाही पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर एल्विश यादव को बड़ी राहत देते हुए उनके खिलाफ चल रही सांप के जहर से जुड़ी आपराधिक कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने यूपी सरकार और शिकायतकर्ता को नोटिस देकर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई तक निचली अदालत में सुनवाई नहीं होगी।



### कीड़ा नाली में ही अच्छा लगता है: प्रेमानंद

**वृंदावन।** संत प्रेमानंद महाराज ने ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है। उन्होंने अपने सत्संग में कहा कि बुरे आचरण करने वालों को उपदेश अच्छे नहीं लगते। नाली का कीड़ा नाली में ही अच्छा लगता है, उसे अमृत कुंड में डालोगे तो अच्छा नहीं लगेगा। आजकल सही रास्ते पर चलना बड़ा कठिन काम है।



## संसद में विपक्ष के हंगामे के बीच केंद्रीय मंत्री रिजिजू की दो टूक

# चुनाव आयोग एक स्वायत्त संस्था, लोकसभा में एसआईआर पर नहीं की जा सकती चर्चा

बुधवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर लोकसभा में चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। सदन में चर्चा की अनुमति नहीं दे सकते।




**मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन, सदन में चर्चा की अनुमति नहीं दी जा सकती**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (सर) के खिलाफ विपक्ष संसद में चर्चा की मांग कर रहा है। इस पर कई दिनों से हंगामा जारी है। बुधवार को केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर लोकसभा में चर्चा नहीं हो सकती क्योंकि यह मामला सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है और नियम ऐसे मुद्दों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं देते जो अदालत में लंबित हैं।बुधवार को भी बिहार में एसआईआर के खिलाफ विपक्ष ने संसद में जमकर हंगामा किया, जिसके चलते दोपहर दो बजे सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित करनी पड़ी।

### ऐसे मामलों की नहीं हो सकती संसद में बहस



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने कहा कि लोकसभा के नियम न्यायालय में विचाराधीन मामलों पर सदन में चर्चा की अनुमति नहीं देते। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव आयोग जैसी स्वायत्त संस्थाओं के कामकाज पर संसद में चर्चा नहीं हो सकती। उन्होंने सदस्यों से प्रमुख विधेयकों के पारित होने के दौरान बहस में भाग लेने का आग्रह किया।

**सुप्रीम कोर्ट में चल रही सुनवाई**

सरपर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। कोर्ट इस मामले पर 12 अगस्त को सुनवाई कर सकता है। कोर्ट ने सर के खिलाफ याचिका दायर करने वाली राजनीतिक पार्टियों से भी 8 अगस्त तक जवाब दाखिल करने को कहा है। चुनाव आयोग ने मीडिया में एक पोस्ट में बताया कि किसी भी राजनीतिक पार्टी ने 6 अगस्त (सुबह 9 बजे) तक एसआईआर को लेकर कोई आपत्ति दायर नहीं की है।

### खरगे बोले

### 'सर' पर संसद में चर्चा चाह रहा विपक्ष, सरकार नकार रही

कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को कहा कि विपक्षी पार्टियां बिहार में चल रही 'विशेष गहन पुनरीक्षण' (एसआईआर) यानी मतदाता सूची की विशेष गहन समीक्षा पर संसद में चर्चा की मांग कर रही हैं, लेकिन सरकार इस पर चर्चा के लिए तैयार नहीं है। खरगे ने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस मुद्दे पर चर्चा से इनकार करती है, तो इसे ऐसा माना जाएगा कि वह लोकतंत्र और संविधान को नहीं मानती। उन्होंने कहा कि सर पर चर्चा बेहद जरूरी है ताकि हर भारतीय नागरिक के मतदान के अधिकारों की रक्षा की जा सके। खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार एसआईआर पर चर्चा से बच रही है, जिससे शक पैदा होता है कि वह जानबूझकर इस मुद्दे को नजरअंदाज कर रही है।



#### विपक्ष की चिंता

विपक्षी दलों का कहना है कि बिहार में सर की प्रक्रिया पारदर्शी नहीं है, और इससे कई लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए जा सकते हैं, जिससे उनके वोट देने का अधिकार छिन सकता है। इसी वजह से वे इस पर संसद में खुली बहस चाहते हैं। खरगे ने यह भी कहा कि कि अगर सरकार वाकई में लोकतांत्रिक मूल्यों को मानती है, तो उसेइस पर खुलकर चर्चा करनी चाहिए।

**बिहार में हटाए गए 65 लाख मतदाताओं के नाम**

### शीर्ष कोर्ट ने चुनाव आयोग से शनिवार तक मांगी जानकारी

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को चुनाव आयोग (ईसी) को निर्देश दिया है कि वह बिहार के ड्राफ्ट वोटर लिस्ट से हटाए गए करीब 65 लाख मतदाताओं की पूरी जानकारी 9 अगस्त तक पेश करे। यह जानकारी उन राजनीतिक दलों के साथ-साथ एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) नाम की एनजीओ को भी दी जाए, जिसने इस मुद्दे पर याचिका दाखिल की है। बिहार में 24 जून को 'विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान (सर)' शुरू किया था।



#### जो नाम हटाए गए जानकारी दें

जस्टिस सूर्यकांत, उज्जल भुयान और एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने चुनाव आयोग से कहा कि हमें हर उस वोटर की जानकारी चाहिए जिसका नाम हटाया गया है। ये देखें कि किस आधार पर नाम हटे हैं। वहीं एनजीओ की तरफ से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि, 'राजनीतिक पार्टियों को हटाए गए वोटरों की लिस्ट दी गई है,लेकिन जानकीर नहीं है।

**एडीआर ने की मांग**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स ने मांग की है कि 65 लाख हटाए गए नामों की पूरी सूची प्रकाशित की जाए। हर नाम के साथ यह भी बताया जाए कि उसे क्यों हटाया गया, कारण साफ हो।

### बिहार एसआईआर: ईसी का दावा,6 दिन बीतने के बाद भी एक भी नाम कटे, वोटर की आपत्ति नहीं

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** संसद के अंदर इस बात को लेकर बवाल हो रहा है कि बिहार मतदाता पुनरीक्षण पर चर्चा हो। विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं कि वोटरों के नाम काटे जा रहे हैं। इसके उलट संबंधित दलों के एक भी प्रतिनिधि ने अब तक उस लिस्ट पर आपत्ति नहीं दर्ज की है जिन्हें चुनाव अधिकारियों ने किसी न किसी वजह से वोटर लिस्ट से अलग किया है। इनकी संख्या कुल 65 लाख बताई जा रही है। चुनाव आयोग के आधिकारिक सूत्रों ने इस बात की पुष्टि की है कि कांग्रेस, राजद, वामदल या अन्य किसी दल के किसी प्रतिनिधि ने अब तक 6 दिन बीत जाने के बाद एक भी ऐसे वोटरों के प्रति आपत्ति दर्ज नहीं की है जिनका नाम काटा गया है। चुनाव आयोग ने बाकायदा एक्स पर पोस्ट कर ऐसे विपक्षी नेताओं के फोटो जारी किए जिन्हें स्थानीय चुनाव अधिकारियों ने वोटर लिस्ट से काटे गए वोटरों की बूथ के क्रम से लिस्ट मुहैया कराये हैं। इस बात की तस्दीक अलग अलग दलों के जिलाध्यक्षों, महासचिवों या सचिवों ने भी किया है।

बिहार में आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों के बीच चुनाव आयोग ने 1 अगस्त को राज्य की प्रारूप मतदाता सूची जारी कर दी है। इस सूची को लेकर आयोग की स्पष्ट और दोहराई गई मंशा है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटे नहीं और कोई भी अयोग्य व्यक्ति जुड़ने न पाए। इसके लिए आयोग ने सभी मतदाताओं और राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे सूची की सावधानीपूर्वक जाँच करें और दावे, आपत्तियाँ समय सीमा के भीतर दर्ज करें।

हैरानी की बात यह है क आज तक किसी भी राजनीतिक दल




ने एक भी दावा या आपत्ति दर्ज नहीं की है। जबकि ये वही दल हैं जो चुनावों के समय सूची में गड़बड़ियों को लेकर अक्सर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे हैं। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यह प्रारूप सूची का चरण है, जिसका मकसद नागरिकों और राजनीतिक संगठनों को सुधार के अवसर देना है, ताकि अंतिम सूची में कोई त्रुटि न रह जाए। विदित हो कि दावे और आपत्तियां दर्ज करने के लिए एक अगस्त से समय शुरू हो चुका है। अंतिम तिथि 31 अगस्त मुकर्रर की गई है। बिहार विधानसभा चुनाव के लिए फाइनल मतदाता सूची 15 अक्टूबर को जारी करने की मियाद निर्धारित की गई है। दावे, आपत्तियाँ, ऑनलाइन पोर्टल (वोटर पोर्टल डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन) माध्यम से या विकास खंड कार्यालयों, बीएलओ के पास जाकर जमा की जा सकती हैं।

चुनाव आयोग ने तब से विशेष अभियान चलाकर वोटर लिस्ट की गुणवत्ता सुधारने का बीड़ा उठाया है, जिसमें अब नागरिकों की आधार से वोटर आईडी लिंकिंग, माइग्रेशन अपडेट, और डुप्लीकेसी हटाने की कोशिशें भी शामिल हैं। ईसीने आम लोगों से अपील की है कि वे अपने नाम की स्थिति की जांच करें, यदि नाम सूची में नहीं है या उसमें कोई त्रुटि है तो 31 अगस्त तक दावा या आपत्ति दर्ज करें। सियासी दलों से अपेक्षा है कि वे कार्यकर्ताओं को इस प्रक्रिया में सक्रिय करें, ताकि मतदाता सूची सटीक और निष्पक्ष बन सके।

**देश के लिए खुशखबर**

### 1 नहीं, 3-3 वंदे भारत को पीएम दिखाएंगे हरी झंडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में सभी राज्यों में अब वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं। इससे न सिर्फ यात्रियों का समय बचता है, बल्कि उन्हें अच्छी सुविधाएं भी ट्रेन में मिलती है। अब रेल यात्रियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। अब एक नहीं, बल्कि 3-3 नए रूटों पर वंदे भारत ट्रेनें 31 अगस्त को लॉन्च होने जा रही हैं। खुद पीएम मोदी इन ट्रेनों को हरी झंडी दिखाएंगे। केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह जानकारी दी है। प्रधानमंत्री जिन 3 नई वंदे भारत को लॉन्च करने जा रहे हैं, उसमें एक बेंगलुरु-बेलगावी वंदे भारत है। इसके अलावा, नागपुर के अजनी से पुणे और अमृतसर से श्रीमाता वैष्णोदेवी कटरा के लिए चलाई जाएगी। पीएम मोदी रविवार को कर्नाटक दौरे पर हैं और वहीं से हरी झंडी दिखाएंगे।



# संसद में 'एसआईआर' चर्चा नहीं तो सड़क पर निकलेंगे विपक्षी दल, 11 को निर्वाचन भवन तक विरोध मार्च निकालने की तैयारी

**विजय चौक पर पत्रकार वार्ता में बोले खरगे**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

इंडिया गठबंधन ने बिहार में मतदाता सूची की एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया के मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग दोहराते हुए 11 अगस्त को चुनाव आयोग तक मार्च निकालने का ऐलान किया है। विजय चौक पर पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत इंडिया गठबंधन के वरिष्ठ नेताओं ने चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही इस प्रक्रिया को दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, गरीबों, वंचितों, आदिवासियों, मनरेगा कर्मियों और प्रवासी मजदूरों के वोट काटे जाने की साजिश बताया। विपक्ष ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के इस तर्क को खारिज कर दिया कि इस मुद्दे पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती।

मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा के पूर्व सभापति जगदीप धनखड़ द्वारा 21 जुलाई, 2023 को दिए गए एक बयान का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा था कि सदन को दुनिया की किसी भी विषय पर बहस करने का अधिकार है। खरगे ने कहा कि सभी विपक्षी दल एकजुट होकर एसआईआर प्रक्रिया पर संसद में चर्चा चाहते हैं, लेकिन सरकार इसके किए तैयार नहीं है। उन्होंने विपक्ष की मांग दोहराई कि अन्य मुद्दों की तरह एसआईआर पर भी विपक्ष को अपनी बात कहने का अवसर मिलना चाहिए। एसआईआर के पीछे के उद्देश्य पर कड़ी आपत्ति जताते हुए राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि एसआईआर के जरिए लोगों की नागरिकता पर सवाल



उठाया जा रहा है। किसी का वोट छीनना उसकी नागरिकता छीनने के बराबर है। मतदान का अधिकार हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार संसद में इस मुद्दे पर चर्चा नहीं कराती है, तो यह माना जाएगा कि वह न तो लोकतंत्र में विश्वास करती है और न ही संविधान में। खरगे ने कहा कि चुनाव आयोग भाजपा के इशारे पर विभिन्न राज्यों में अलग-अलग तरीकों से वोटों की हेराफेरी का काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग द्वारा महाराष्ट्र में मतदाताओं की संख्या बढ़ाई गई, जबकि कर्नाटक में अलग तरह से धांधली की गई और अब बिहार में वोटरों के नाम काटे जा रहे हैं।

वहीं कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि चुनाव आयोग खुद लोकतंत्र के मूलभूत सिद्धांत पर सवाल उठा रहा है और सुप्रीम कोर्ट की सलाह भी नहीं मान रहा है। उन्होंने प्रश्न किया कि अगर चुनाव आयोग एकतरफा रूप से आम नागरिकों के वोटिंग अधिकार छीन लेता है, तो वे अपनी भावनाएं कहां व्यक्त करेंगे?

## सुप्रीम कोर्ट ने डीएमके सरकार को दी राहत

**मद्रास हाईकोर्ट का आदेश पलटा**

# मुख्यमंत्री के नाम के इस्तेमाल के खिलाफ दायर याचिका अनुचित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को तमिलनाडु की डीएमके सरकार को राहत देते हुए मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को पलट दिया। हाईकोर्ट ने 31 जुलाई को आदेश में डीएमके सरकार को कल्याणकारी योजनाओं में वर्तमान और पूर्व मुख्यमंत्रियों के नाम और तस्वीरों का इस्तेमाल न करने को कहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने पर अन्नाद्रमुक नेता सीवी षणमुगम को फटकार लगाई। शीर्ष अदालत ने कहा कि मुख्यमंत्री के नाम के इस्तेमाल के खिलाफ दायर याचिका अनुचित और कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है।



### सांसद पर जुर्माना, 7 दिन में 10 लाख रुपए जमा करें

सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु की राजनीति से जुड़ी एक अहम याचिका पर बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया जिसमें मुख्यमंत्री स्टालिन के नाम से चल रही योजनाओं पर रोक लगाई गई थी। एआईएडीएमके सांसद सी वी शन्मुगम को फटकार लगाते हुए 10 लाख रुपए का जुर्माना भरने का आदेश दिया।चीफ जस्टिस बी आर गवई की बेंच ने कहा कि कोर्ट को राजनीतिक विवाद सुलझाने का मंच नहीं बनाया जा सकता। कोर्ट ने सांसद को 7 दिन के भीतर जुर्माना जमा करने को कहा और यह राशि गरीबों के कल्याण पर खर्च करने के निर्देश दिए।

**अतिथियों के आमंत्रण कार्ड पर होगा 'ऑपरेशन सिंदूर का लोगो'**

# आजादी की जश्न में छाया रहेगा 'ऑपरेशन सिंदूर'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अगले सप्ताह 15 अगस्त को लालकिले पर मनाई जाने वाली आजादी की 79वीं वर्षगांठ का जश्न बाकी के सालों की तुलना में काफी अलग होने वाला है। क्योंकि 2025 के शुरुआती महीनों में ही भारत ने दशकों से उसकी जमीन पर आतंकवाद का खूनी खेल खेलने वाले पाकिस्तान को सशस्त्र सेनाओं के ऑपरेशन सिंदूर नामक विशेष अभियान के जरिए चारों खाने चित कर दिया है। जिसे देखते हुए सरकार ने यह निर्णय लिया है कि इस बार 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह में देश के इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़े सैन्य पराक्रम की अमिट छाप पड़नी चाहिए। इसी के मद्देनजर जश्न-ए-आजादी के लालकिले पर प्रत्यक्ष रूप से गवाह बनने वाले 4 हजार से अधिक विशेष अतिथियों को दिए जाने वाले निमंत्रण कार्ड पर ऑपरेशन सिंदूर का 'लोगो यानी प्रतीक चिन्ह' लगा हुआ नजर आएगा। यह जानकारी सूत्रों ने दी है।

**सेना के इन अधिकारियों ने तैयार किया लोगो**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में लश्कर-ए-तैयबा के मुखौटा संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) द्वारा किए गए आतंकी हमले के जवाब में भारत की सेना और वायुसेना ने 7 मई की मध्यरात्रि के बाद ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के जरिए पाकिस्तान और उसके अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकियों के 9 ठिकानों को चंद मिनटों में मटियामेट कर दिया था। जिसमें कुल करीब 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इसके तुरंत बाद भारतीय सेना ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्टर के साथ एक मार्मिक संदेश साझा किया।



### 96 शहरों में सैन्य बैंड परफॉर्म करेंगे

लालकिले पर मुख्य समारोह की शाम सेना, वायुसेना, नौसेना, तटरक्षकबल, केंद्रीय अर्धसैन्यबलों और राष्ट्रीय कैडेट कोरके बैंड भी बड़े पैमाने पर अपनी परफॉरमेंस देंगे। इस बार सैन्य बैंड्स के यह कार्यक्रम देश के कुल 96 शहरों में 142 जगहों पर आयोजित किए जाएंगे। 11 और 13 अगस्त को समारोह से जुड़ी हुई फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। 11 अगस्त को ही रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ लालकिले का दौरा करेंगे और वहां भाग लेने वाले एनसीसी के कैडेटों और माई भारत के वालिंटियर्स को स्मृति चिन्ह प्रदान करेंगे।

### इन 30 श्रेणियों से होंगे विशेष अतिथि

समारोह का हिस्सा बनने के लिए 30 श्रेणियों में कुल 4 हजार 852 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। इनमें स्पेशल ओलंपिक-25 का भारत का दस्ता, खेला इंडिया पैरा गेम्स के स्वर्ण पदक विजेता, इंटरनेशनल स्पोर्ट्स इवेंट के विजेता, इंटरनेशनल योग दिवस के वॉलिंटियर और इंस्ट्रक्टर, बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले किसान, सरपंच,युवा लेखक, 50 स्वच्छता वर्कर, आंगनबाड़ी कर्मी, हेल्पर, सुपरवाइजर, बाल कल्याण संस्थान और मिशन शक्ति के प्रोजेक्ट अधिकारी शामिल रहेंगे।

## खबर संक्षेप



### एरिजोना में क्रैश हुआ विमान, 4 की मौत


**एरिजोना।** अमेरिका के एरिजोना राज्य में नावा जो नेशन क्षेत्र में मंगलवार को एक छोटा मेडिकल ट्रांसपोर्ट विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और उसमें आग लग गई। इस हादसे में विमान में सवार चार लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी नावा जो जनजाति के अधिकारियों ने दी। इस दुर्घटना में शामिल विमान बीचक्राफ्ट किंग एयर 300 था, जो सीएसआई एविएशन कंपनी का था। यह विमान न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क शहर से उड़ा था और उसमें दो पायलट व दो स्वास्थ्य कर्मी सवार थे।

### भारत में 84,000 गेमिंग खातों की जानकारी लीक



**नई दिल्ली।** ऑनलाइन गेम खेलने के बढ़ते चलन के बीच वैश्विक साइबर सुरक्षा और डिजिटल गोपनीयता कंपनी कैस्परस्की ने कहा कि गत वर्ष भारत में 84,000 से ज्यादा ऑनलाइन गेमिंग खातों की जानकारी लीक हुई है। पिछले साल दुनियाभर में 1.10 करोड़ यूजरों की निजी जानकारी लीक होने की घटनाएं सामने आई थीं। रिपोर्ट के अनुसार एशिया-प्रशांत क्षेत्र में यूजरों की जानकारी लीक होने की सबसे ज्यादा 1,62,892 घटनाएं थाईलैंड में हुईं। जबकि, सिंगापुर में सबसे कम 4,262 ऐसी घटनाएं सामने आईं।

### आर्मी बेस में फायरिंग 5 सैनिक घायल



**जॉर्जिया।** अमेरिका के जॉर्जिया में यूएस आर्मी बेस फोर्ट स्टीवर्ट में फायरिंग की घटना में 5 अमेरिकी सैनिकों को गोली लगने की पुष्टि हुई है। घटना के बाद सेना, पुलिस और राहत एजेंसियों की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। हमलावर ने आर्मी बेस पर अंधाधुंध फायरिंग की। घायल सैनिकों को विन आर्मी कम्युनिटी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी की ये घटना सेकंड आर्मर्ड ब्रिगेड कॉम्बैट टीम के परिसर में सुबह 10:56 बजे हुई। हमलावर को सुबह 11:35 बजे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# दोनों देश यूक्रेन संघर्ष में भी रूस से खरीद रहे कई उत्पाद

## भारत ने यूएस-ईयू की आंकड़ों से खोली पोल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रूस से कारोबार को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार भारत पर भारी-भरकम टैरिफ और जुर्माना लगाने की धमकी दे रहे हैं। भारत ने बीते कुछ महीनों से लगातार अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का हवाला देते हुए रूस से तेल और हथियारों की खरीद को लेकर किसी भी दबाव में न झुकने की बात कही है।

भारत ने कहा कि अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) रूस-यूक्रेन संघर्ष जारी रहने के बावजूद रूस से अलग-अलग उत्पाद खरीद रहे हैं। भारत ने अमेरिका पर परमाणु कार्यक्रम के लिए उत्पाद खरीदने और ईयू पर ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए रूस से लगातार कारोबार जारी रखने की बात कही। वहीं, मंगलवार को ट्रंप ने कहा कि उन्हें इस बात की कोई जानकारी नहीं है कि अमेरिका रूसी रसायनों और उर्वरकों का आयात करता है। उन्होंने कहा कि मुझे इसके बारे में कुछ नहीं पता। हमें इसकी जांच करनी होगी।

### ◆ यूएस और रूस के बीच कारोबार 5.2 अरब डॉलर

### ◆ ईयू और रूस के बीच कारोबार 77.9 अरब डॉलर



### भारत और यूएस के बीच 130 अरब डॉलर का व्यापार

बीते कुछ वर्षों में भारत के लिए अमेरिका सबसे बड़ा आयातक रहा है। दोनों देशों के बीच वित्त वर्ष 2024 में करीब 130 अरब डॉलर का कारोबार हुआ है। इसमें से 87 अरब डॉलर का निर्यात भारत की तरफ से अमेरिका को होता है। वहीं, भारत कुल मिलाकर अमेरिका से 42 अरब डॉलर के उत्पादों का आयात करता है।

**यूएस खरीद रहा फर्टिलाइजर और केमिकल**

यूरोपीय संघ की तरह ही अमेरिका भी रूस से कारोबार में जुटा है। 2024 में अमेरिका-रूस का कारोबार करीब 5.2 अरब डॉलर का रहा है। अमेरिका ने अपने परमाणु उद्योग के लिए रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड और इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) उद्योग के लिए पैलेडियम खरीदना जारी रखा है।

### ईयू लंबे समय से रूस का ऊर्जा आयातक

*भारत ने कहा कि 2024 में ईयू और रूस का कारोबार करीब 77.9 अरब डॉलर था, जबकि इस दौरान भारत-रूस का कारोबार 68.7 अरब डॉलर था। यानी ईयू से 9.2 फीसदी कम। ईयू लंबे समय से रूस से सबसे बड़े ऊर्जा आयातकों में से एक रहा है। 2021 में ईयू और रूस का कारोबार करीब 297.4 अरब डॉलर का था। अकेले 2024 में यूरोप ने 1.64 करोड़ टन एलएनजी (लिक्विफाइड नेचुरल गैस) का आयात किया, जो कि उसके 2022 के 1.52 करोड़ टन आयात के पिछले रिकॉर्ड से 9 प्रतिशत ज्यादा है। मौजूदा समय में यूरोप जिन चीजों का आयात रूस से करता है, उसका दो-तिहाई हिस्सा तेल-गैस का है। इसके अलावा ईयू खाद्य पदार्थ, कच्चे पदार्थ, मशीनरी और परिवहन से जुड़े उपकरण भी रूस से खरीदता था।*

### ईयू को तेल निर्यात बंद होने से भारत को होगा नुकसान

दूसरी तरफ यूरोप की तरफ से हाल ही में फैसला किया गया है कि वह न तो रूस से खुद तेल खरीदेगा और न ही दूसरे देशों से रूस से लिए गए रिफाइन किए हुए तेल को खरीदेगा। इससे आने वाले समय में भारतीय रिफाइनरियों को बड़ा नुकसान होने की आशंका है। भारत ने जहां 2019 में यूरोप को 5.9 अरब डॉलर का तेल निर्यात किया था, तो इस वित्त वर्ष में उसने ईयू को 20.5 अरब डॉलर का तेल निर्यात किया। अगर भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया तो पश्चिम एशियाई देशों से तेल की मांग बढ़ जाएगी। यानी पहले से ही ओपेक में शामिल जो देश यूरोप को बढ़ी हुई मात्रा में तेल सप्लाई कर रहे हैं, उन पर भारत की तेल जरूरतों को पूरा करने का दबाव बनेगा।

## अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप की अचानक घोषणा से अमेरिका में बढ़ी हलचल

# उपराष्ट्रपति वेंस को बताया मागा का 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी

*कहा- वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे, विदेश मंत्री मार्को रूबियो हो सकते हैं वेंस के साथी*

डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनके मागा आंदोलन के 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी हो सकते हैं, जबकि विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी 'किसी न किसी रूप में' उनके साथ जुड़ सकते हैं। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उत्तराधिकारियों के बारे में बात करना 'बहुत जल्दी' है, लेकिन वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इस समय वे शायद सबसे पसंदीदा हैं

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने कार्यकाल के 6 महीने के अंदर ही उत्तराधिकारी की घोषणा करके हड़कंप मचा दिया है। ट्रंप ने अपने सबसे भरोसेमंद साथी और अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस को अपना मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (मागा) उत्तराधिकारी अभी से घोषित कर दिया दिया है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उपराष्ट्रपति वेंस उनके 'सबसे संभावित' मागा उत्तराधिकारी हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिया है कि उपराष्ट्रपति जेडी वेंस उनके मागा आंदोलन के 'सबसे संभावित' उत्तराधिकारी हो सकते हैं, जबकि विदेश मंत्री मार्को रुबियो भी 'किसी न किसी रूप में' उनके साथ जुड़ सकते हैं। हालांकि ट्रंप ने कहा कि उत्तराधिकारियों के बारे में बात करना 'बहुत जल्दी' है, लेकिन वेंस निश्चित रूप से बहुत अच्छा काम कर रहे हैं और इस समय वे शायद सबसे पसंदीदा हैं।



उपराष्ट्रपति जेडी वेंस



विदेश मंत्री मार्को रूबियो

### 40 वर्षीय वेंस ट्रंप के बेहद करीबी

40 वर्षीय जेडी वेंस ट्रंप के बेहद करीबी माने जाते हैं। वह पूर्व मरीन और 2023 से 2025 तक ओहायो के सीनेटर रहे हैं। वह ट्रंप प्रशासन के दूसरे कार्यकाल में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। रुबियो और वेंस उपराष्ट्रपति पद के लिए प्रतिस्पर्धा कर चुके हैं, लेकिन अब वे ट्रम्प की नीतियों को बढ़ावा देने के लिए करीब से काम कर रहे हैं। यह पहली बार है जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने वेंस को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में संकेत दिया है। ट्रंप ने मई में वेंस और रुबियो दोनों को संभावित उत्तराधिकारी के रूप में नामित किया था।

### रूबियो हो सकते हैं उपराष्ट्रपति के दावेदार

ट्रंप ने कहा कि विदेश मंत्री मार्को रूबियो भी किसी न किसी रूप में जेडी वेंस के साथ जुड़ सकते हैं। ट्रंप ने पहले 2028 के उत्तराधिकारी के लिए किसी भी समर्थन से इनकार किया था। फरवरी में ट्रंप ने कहा था कि वेंस 'बहुत सक्षम' हैं, लेकिन उन्हें प्रमुख उम्मीदवार के रूप में नामित करना अभी 'बहुत जल्दी' है।

### अचानक व्हाइट हाउस की छत पर पहुंचे ट्रंप

## करीब 20 मिनट बिताए, कहा टहलना सेहत के लिए अच्छा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को अचानक व्हाइट हाउस के पश्चिमी विंग की छत पर दिखाई दिए। ट्रंप सुबह में स्टेट डाइनिंग रूम से जुड़े एक दरवाजे से निकले। प्रेस ब्रीफिंग रूम और रोज गार्डन के ऊपर वाली छत पर चले गए। उन्होंने वहां करीब 20 मिनट बिताए और नीचे के मैदान का भी जायजा लिया, जिसमें हाल ही में बना रोज गार्डन का नया रास्ता और बाग-बगीचे का काम भी शामिल था। एक पत्रकार ने पूछा, 'सर, आप छत पर क्यों हैं?' इसके जवाब में ट्रंप ने कहा, 'थोड़ा टहल रहा हूं। ये सेहत के लिए अच्छा होता है।' ट्रंप के साथ कुछ लोग भी थे, जिनमें एक वास्तुकार जेम्स मैकक्रेरी शामिल थे, जो हाल ही में घोषित 20 करोड़ डॉलर की लागत वाली नई बॉलरूम परियोजना पर काम कर रहे हैं।



**पैसे खर्च करने का तरीका ढूंढ रहा**

*ट्रंप धीरे-धीरे चल रहे थे, छत और नीचे के इलाकों की तरफ इशारा करते हुए कुछ बातें कर रहे थे। कई बार वह प्रेस वालों की तरफ मुड़े और हाथ हिलाकर या हाथ से आवाज को जोरदार बनाकर सवालों के जवाब दिए। एक बार उन्होंने कहा कि वह 'देश के लिए पैसे खर्च करने का एक और तरीका' ढूंढ रहे हैं। जब एक पत्रकार ने पूछा कि आप क्या बनाने वाले हैं, तो ट्रंप ने मजाक में कहा, 'परमाणु मिसाइलें।'*

### अमेरिका के रक्षा सहयोग को लगा बड़ा झटका

# नाटो सहयोगी देश स्पेन व पुर्तगाल ने एफ-35 लड़ाकू विमान खरीदी डील की रद्द

यूरोपीय फाइटर जेट प्रोजेक्ट में शामिल होंगे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नाटो का भरोसेमंद सहयोगी स्पेन और पुर्तगाल ने एफ-35 विमानों को खरीदने की योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया है। स्पेन के सरकारी सूत्रों ने बताया कि अमेरिकी कंपनी लॉकहीड मार्टिन के एफ-35 विमानों की डील रद्द कर दी गई है। यह खबर अमेरिका के लिए बड़ा झटका है, क्योंकि एफ-35 को दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू विमान माना जाता है। लेकिन अब इसके खरीदारों की कमी साफ दिख रही है। स्पेन ने 2023 में अपने रक्षा बजट में नए लड़ाकू विमानों के लिए लगभग 7.24 अरब डॉलर का प्रावधान किया था।

माना जा रहा था कि यह राशि एफ-35 जैसे हाई-टेक विमानों की खरीद में इस्तेमाल होगी। लेकिन इस साल रक्षा क्षेत्र के लिए मिले अतिरिक्त 10.5 अरब यूरो को यूरोप में ही खर्च करने की स्पेन की योजना ने सारी तस्वीर बदल दी। सरकार ने साफ कर दिया कि वह अमेरिकी विमानों के बजाय यूरोपीय रक्षा उपकरणों पर ध्यान देगी। इस फैसले ने अमेरिका की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

**टैरिफ की धमकी को जवाब**

*स्पेन के समाजवादी पीएम पेड्रो सांचेज ने इस साल की शुरुआत में रक्षा खर्च को बढ़ाकर नाटो के तय 2% जीडीपी लक्ष्य को पूरा करने का वादा किया था। लेकिन जून में हुए नाटो सम्मेलन में उन्होंने खर्च को 5% तक बढ़ाने से साफ इनकार कर दिया। इस बात से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भड़क गए। ट्रंप ने स्पेन को चेतावनी दी कि अगर वह रक्षा खर्च नहीं बढ़ाता, तो उसके सामानों पर अतिरिक्त शुल्क लगाए जाएंगे। ट्रंप की यह धमकी स्पेन के फैसले को और पक्का करने का कारण बनी।*

**सर्वोत्तम विकल्प तलाशेंगे: पुर्तगाली रक्षा मंत्री**

*यूरोपीय देश पुर्तगाल ने भी एफ-35 स्टील्थ फाइटर जेट खरीदने से इनकार कर दिया है। पुर्तगाल, अमेरिकी जेट छोड़कर यूरोपीय फाइटर जेट प्रोजेक्ट में शामिल हो सकता है। पुर्तगाली रक्षा मंत्री नूनो मेलो ने अमेरिकी लड़ाकू विमान एफ-35 खरीदने की संभावनाओं को खारिज कर दिया है।*

## कनाडा में लगी प्रभु श्रीराम की 51 फीट ऊंची प्रतिमा




**टोरंटो।** कनाडा के मिसीसॉगा शहर में प्रभु श्रीराम की 151 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई है। यह उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची राम प्रतिमा है। इससे हिंदू श्रद्धालुओं में भारी उत्साह है। मिसीसॉगा शहर में रविवार को हजारों श्रद्धालुओं की मौजूदगी में भगवान राम की सबसे ऊंची प्रतिमा का भव्य अनावरण हुआ। आधार से उसकी ऊंचाई 51 फीट से भी ज्यादा ऊंची हो सकती है। इस प्रतिमा की स्थापना के साथ ही कनाडा जयश्रीराम के जयकारों से गूंज उठा।

### घाना में हेलिकॉप्टर क्रैश

## रक्षा और पर्यावरण मंत्री समेत 8 की मौत, एनएसए भी सवार, जांच शुरू

एजेंसी ▸▸ एक्रॉ

अफ्रीकी देश घाना में बुधवार को एक हेलिकॉप्टर क्रैश में आठ लोगों की मौत हो गई, जिनमें रक्षा मंत्री एडवर्ड ओमाने बोमाह और पर्यावरण मंत्री इब्राहिम मुर्तला मोहम्मद शामिल हैं। सरकार ने इस हादसे को राष्ट्रीय त्रासदी करार दिया है। दुर्घटना में घाना के कार्यवाहक उप राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वयक अल्हाजी मोहम्मद मुनिरु लिमुना, राष्ट्रीय जनतांत्रिक कांग्रेस के उपाध्यक्ष सैमुअल सरपोंग और पूर्व संसदीय उम्मीदवार सैमुअल अबोआग्ये की भी मौत हो गई है।



हेलिकॉप्टर में कुल पांच यात्री और तीन क्रू मेंबर थे। सेना ने बताया कि यह हेलिकॉप्टर राजधानी अकरा से सुबह 9:12 बजे उड़ा था और ओबुआसी नामक सोने की खदान वाले शहर जा रहा था। इस दौरान उसका संपर्क टूट गया। राष्ट्रपति जॉन महामा ने मृतकों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की का दावा

## भाड़े के चीनी-पाक सैनिक लड़ा रहा रूस ताजिकिस्तान व उज्बेकिस्तान कर रहे मदद

एजेंसी ▸▸ कीव

चीन और पाकिस्तान का एक और चरित्र यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने उजागर किया है। उन्होंने कहा कि चीन और पाकिस्तान के भाड़े के सैनिक रूसी सेना की तरफ से लड़ रहे हैं। रूस को ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों का भी समर्थन मिल रहा। यूक्रेन ने कहा कि वह एक क्रूर युद्ध से जूझ रहा है जिसने अनगिनत लोगों की जान ले ली है और लाखों लोगों को विस्थापित किया है। उत्तर कोरियाई सेना के रूस के समर्थन में



सीधे संघर्ष में उतरने की खबरें पुष्ट हुई हैं। जेलेंस्की ने खारकीव में अग्रिम पंक्ति के सैनिकों के दौरे पर अपने योद्धाओं से मुलाकात के वक्त यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में हमारे योद्धा चीन, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, पाकिस्तान व अफ्रीकी देशों के भाड़े के सैनिकों की भागीदारी की रिपोर्ट कर रहे हैं।

**रूसी ड्रोन्स में भारतीय पुर्जे**

*यूक्रेन ने दावा किया है कि रूसी अटैक ड्रोन्स में उसे भारत में बनाए गए पुर्जे मिले हैं। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की के चीफ ऑफ स्टाफ एंड्री यरमक ने कहा कि रूस को विदेशी पुर्जों की आपूर्ति रुकनी चाहिए, ताकि वो इनका इस्तेमाल यूक्रेनी लोगों की जान लेने में न कर पाए। एंड्री यरमक ने यह दावा ऐसे वक्त पर किया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर आरोप लगा रहे हैं कि भारत रूसी ऑयल खरीदकर रूस की मदद कर रहा है।*

### सीडीएस अनिल चौहान का बड़ा बयान

## पाक को जवाब देने 24 घंटे 365 दिन तैयार रहना होगा

### भारत की सैन्य तैयारी उच्च स्तर की हो

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने बड़ा बयान दिया है। मंगलवार को दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीएस चौहान ने कहा है कि भारत को पाकिस्तान की ओर से किए गए किसी भी तरह की हिंसक कार्रवाई का जवाब देने के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने ये भी कहा है कि आतंकवादी पाकिस्तान के किसी भी हिस्से में छिप नहीं सकते हैं। चौहान ने कहा कि पाकिस्तान के 'पूर्ण-आयामी प्रतिरोध सिद्धांत' को चुनौती देने की जरूरत है। उन्होंने जोर देते हुए कहा है कि भारत की सैन्य तैयारी उच्च स्तर की होनी चाहिए। सेना को चौबीसों घंटे और वर्ष के 365 दिन तैयार रहने की जरूरत है। सीडीएस चौहान ने कहा कि युद्ध और शांति के बीच बहुत कम अंतर है और ऐसा प्रतीत होता है कि युद्ध और शांति एक दूसरे में विलीन हो रहे हैं।



### प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट में चौंकाने वाला खुलासा, 24 देशों में किया गया सर्वे

## 24 में से 12 देशों ने अमेरिका को माना साझेदार

# 35 प्रतिशत लोगों ने भारत को बताया अमेरिका का साझेदार

*सूची में इजराइल सबसे ऊपर, भारत 12वें स्थान पर*

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिका को लेकर एक ही देश में रहने वाले लोगों की अलग-अलग राय है। कोई उसे अपना दोस्त मानता है, जबकि कोई उसे दुश्मन मानता है। इसको लेकर 24 देशों का एक सर्वे सामने आया है। अमेरिका ने दुनिया के कई देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की है। इस वजह से कई देश खासे नाराज हैं और राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले को गलत मान रहे हैं। इस बीच अमेरिकी प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट ने एक डाटा तैयार किया है, जिसमें बताया गया है कि दुनिया के कौन से देश अमेरिका को अपना साझेदार और खतरा मानते हैं। प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे के मुताबिक, 24 देशों में 12 देशों ने




अमेरिका को अपना साझेदार माना है। इस लिस्ट में सबसे ऊपर इजराइल है और टॉप 5 में कनाडा, यूके, जापान, और साउथ कोरिया शामिल हैं। सर्वे के मुताबिक, भारत भी अमेरिका को अपना साझेदार मानता है। इस मामले में भारत 12वें स्थान पर आता है। उससे ऊपर अर्जेंटीना, पोलैंड, इटली, ब्राजील, मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया और भारत हैं। सबसे ज्यादा चौंकाने वाली बात ये रही है कि सिर्फ 19 फीसदी लोगों ने रूस को भारत का साझेदार बताया और 35 फीसदी लोगों ने अमेरिका के हक में अपनी बात कही है।

### कइयों का मानना चीन उनके देश के लिए बड़ा खतरा

*सर्वे में शामिल 10 यूरोपीय देशों में से 8 में रूस को सबसे आम खतरा बताया है। फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड, स्वीडन और यूनाइटेड किंगडम में लगभग आधे या उससे ज़्यादा वयस्क मानते हैं कि रूस उनके देश के लिए सबसे बड़ा ख़तरा है। अमेरिका और एशिया-प्रशांत क्षेत्र में कई लोग मानते हैं कि चीन उनके देश के लिए सबसे बड़ा ख़तरा है। ऑस्ट्रेलिया और जापान में लगभग आधे वयस्क यही मानते हैं, जबकि दक्षिण कोरिया के लोगों का मानना है कि उत्तर कोरिया के बाद उनके चीन दूसरे नंबर का खतरा है।*

### अमेरिका के लिए कनाडा बड़ा खतरा और सहयोगी भी

प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के मुताबिक, कई लोग अमेरिका को अपने देश के लिए बड़ा खतरा मानते हैं। इसमें पड़ोसी देश कनाडा और मेक्सिको के साथ-साथ अर्जेंटीना, ब्राज़ील और केन्या लिस्ट शामिल हैं। ये दोनों तरह के हालात में अमेरिका को टॉप पर रखते हैं। कनाडा और ब्रिटेन में लगभग आधे या उससे ज़्यादा वयस्क अमेरिका को अपना सबसे महत्वपूर्ण सहयोगी मानते हैं। 18% अमेरिकी ब्रिटेन को अपना सबसे बड़ा सहयोगी मानते हैं (सबसे आम प्रतिक्रिया) जबकि 12% कनाडा को अपना दूसरा सबसे आम सहयोगी मानते हैं। अर्जेंटीना, ब्राज़ील, कनाडा और मैक्सिको ये सभी देश साउथ और नॉर्थ अमेरिका महाद्वीप में स्थित हैं।

## सीएम डॉ. यादव ने मुख्यमंत्री निवास पर आवश्यक तैयारियों की समीक्षा की

# प्रदेश में धूमधाम से मनाई जाएगी जन्माष्टमी और बलराम जयंती, मंदिरों में होंगे कार्यक्रम...मुख्यमंत्री निवास में होगा विशेष कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि 14 अगस्त को बलराम जयंती और 16 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी। इस अवसर पर पूरे प्रदेश में बलराम एवं श्रीकृष्ण के प्रसंगों, उनके अवदान और लोक कल्याणकारी जीवनगाथा से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विभिन्न चिन्हित मंदिरों में भक्तिमय कार्यक्रम होंगे।

इन कार्यक्रमों में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालयों में स्थानीय साहित्य, सामाजिक एवं सांस्कृति संस्थाओं का सहयोग भी लिया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में हलधर महोत्सव एवं लीला पुरुषोत्तम का प्रकटोत्सव के संबंध में आवश्यक तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने श्रीकृष्ण पर्व के तहत प्रदेश में होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों के व्यवस्थित आयोजन की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया जाये।

**14 को बलराम जयंती और 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई जाएगी**



### प्रदेश में कई स्थानों पर होंगे कार्यक्रम

*बैठक में बताया गया कि 14 अगस्त को बलराम जयंती और 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश में अनेक स्थानों पर कार्यक्रम होंगे। इसके लिए गतिविधियों का कैलेंडर तैयार किया गया है। प्रदेश में भगवान श्रीकृष्ण के चरण जिन स्थानों पर पड़े और उनके जीवन के विशेष प्रसंग जहां घटित हुए, ऐसे सभी संबंधित स्थान पावन हैं। इस नाते इन स्थानों पर भी जन रुचि के अनुरूप प्रभावी कार्यक्रम होंगे। इन स्थानों में सांदीपनि आश्रम उज्जैन, नारायणा धाम, अमझेरा, जामगढ़, जानापाव आदि शामिल हैं।*

### जिलों के बालगोपाल भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में एक मंच पर आएंगे

राजधानी में आयोजित विशेष कार्यक्रम में अनेक जिलों के बालगोपाल भगवान श्रीकृष्ण के स्वरूप में एक मंच पर आएंगे। जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री निवास में भी विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के आयोजन से संस्कृति और पर्यटन विभाग के सौजन्य से विभिन्न कलाकार भी जुड़ेंगे। बैठक में आयुक्त एवं सचिव जनसंपर्कडॉ. सुदाम खाड़े, मुख्यमंत्री के सचिव एवं पर्यटन विकास निगम के निर्देशक इलैया राजा, मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी, संचालक संस्कृति एमपी नामदेव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### नौ हजार 226 लोगों ने किया हज का आवेदन, आज आखिरी तारीख

**भोपाल।** हज-2026 के लिए प्रदेश से जाने वाले हज यात्रियों ने अब तक 9 हजार 226 ऑनलाइन आवेदन किए हैं। गुरुवार को हज के लिए आवेदन करने की आखिरी तारीख है, जिससे आवेदनों की तादाद बढ़ सकती है। राज्य हज कमेटी के अध्यक्ष रफत वरसी ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 7 अगस्त तय की गई है। ऐसे में जो भी हज यात्रा पर जाना चाहते हैं, वे समय रहते आवेदन कर सकते हैं। इस बार सेंट्रल हज कमेटी ने भोपाल का इंबारकेशन भी खत्म कर दिया है। ऐसे में हज आवेदकों को दिक्कत

### अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें झांकी-पंडाल की सज्जा

**भोपाल।** गणेशोत्सव त्यौहार और अन्य त्यौहारों में पंडालों को अस्थायी कनेक्शन देने के लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने धार्मिक उत्सव समितियों और बिजली उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे गणेशोत्सव के दौरान धार्मिक पण्डालों एवं झाँकियों में बिजली साज-सज्जा, नियमानुसार ऑनलाइन अस्थाई कनेक्शन लेकर ही करें। आवेदन के लिए बिजली कंपनी के पोर्टल पर जाकर निर्धारित प्रपत्र में सही, संयोजित विद्युत भार को दशार्ते हुए अस्थायी कनेक्शन हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें।

## भोपाल में स्वदेशी जागरण मंच ने निकाली रैली

# विदेशी कंपनियों भारत छोड़ो का किया गया शंखनाद, विदेशी वस्तुओं की जलाई 'होली'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वदेशी जागरण मंच के मध्य भारत प्रांत ने बुधवार को 'अगस्त क्रांति 2025' अभियान का भोपाल से शुभारंभ किया। विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो के नारे के साथ 10 नंबर मार्केट स्थित हनुमान मंदिर परिसर में शाम 6 बजे रैली एवं जनजागरण कार्यक्रम हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत स्वदेशी पत्रक वितरण और स्वदेशी रैली निकालकर की गई। इस अवसर पर 'स्वदेशी अपनाएं, विदेशी कंपनियां भारत छोड़ो' जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा। स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों,जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और लोगों ने हाथों में तख्तियां लेकर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार का संकल्प लिया और स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग की अपील की। इसके बाद विदेशी वस्तुओं की होली जलाकर स्वदेशी का सशक्त संदेश दिया गया।

**हाथों में तख्तियां लेकर विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के नारे गूंजे**

**10 नंबर मार्केट स्थित हनुमान मंदिर परिसर में आयोजन**













### स्वदेशी अपनाने का संकल्प लिया

अभियान का नेतृत्व कर रहे नगर निगम भोपाल के पूर्व सभापति सुरजीत सिंह चौहान ने स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर 10 नंबर मार्केट व्यापारी संघ महासचिव हरीश चोइथानी, भाजपा झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ अध्यक्ष महेंद्र दवे, सुनील पांडे, मंदिर समिति के अध्यक्ष पयोज जोशी, लघु उद्योग भारती एवं अखिल भारतीय स्वावलंबी भारत अभियान के सह संयोजक जितेंद्र गुप्त, क्षेत्रीय संगठक केशव दुबौलिया, उद्योगपति प्रेम चावला, महिला कार्य प्रमुख डॉ. प्रतिभा चतुर्वेदी, प्रांत संगठक हेमंत रावत, मध्य भारत प्रांत संयोजक श्रीकांत बुधौलिया, मध्य भारत प्रांत महिला प्रमुख सीमा भारद्वाज, समाजसेवी समता अग्रवाल, हरिओम सेन, प्रणव पारे, दीपा शर्मा, प्रज्ञा सेन, अश्विनी सिन्हा, अरविंद विश्वरूप, किशोर बागड़े समेत तमाम स्वदेशी कार्यकर्ताओं ने भी विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार और स्वदेशी के उपयोग के लिए लोगों को प्रेरित किया।

## इंडस टाउन से शुरू हुई यात्रा



# दिव्य ज्योति कलश यात्रा में उमड़ रहा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गायत्री परिवार की दिव्य ज्योति कलश यात्रा में जन सैलाब उमड़ रहा है। श्रद्धालु दूर दूर से इस कलश के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। यात्रा में शताब्दी वर्ष का संदेश, गायत्री परिवार के सप्त आंदोलन जैसे नारी जागरण, पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, कुरीति उन्मूलन, व्यसन मुक्ति का जागरण करते हुए देव परिवार से जोड़ा जा रहा है।

साथ में पौधारोपण व्यसन मुक्ति का संदेश के साथ स्वदेशी राखी का उपयोग करने का विशेष रूप से संदेश दिया जा रहा है। कलश यात्रा के छठवें दिन बुधवार को नव चेतना विस्तार केंद्र इंडस टाउन में सुबह 8:30 बजे पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी मार्ग (नर्मदापुरम मार्ग) पर शीतल धाम कॉलोनी में पूजन आरती उपरांत यात्राप्रारंभ हुई।



### सामूहिक गायत्री यज्ञ किया

जो राधापुरम ऑप्टेल कुंज, राधा पुरम से जन जागरण करते हुए दुर्गा मंदिर कृष्णापुरम पहुंची। यहां सामूहिक गायत्री यज्ञ किया गया। इसके बाद अनुजा विलेज कॉलोनी, इंडस टाउन फेज 5, रॉयल विला होते हुए नटराज कॉलोनी के मां वैष्णो देवी मंदिर में संध्या काल की बेला में शाम 6 से 8 बजे तक दीप महायज्ञ के साथ यात्रा का समापन हुआ। रथ यात्रा का संचालन जिला समन्वयक श्याम शर्मा, पंढरीनाथ देशमुख, चेतना केंद्र के प्रभारी धीरज मनी, हरीश केथूनिया, माधुरी खादीपुरे एवं चेतना केंद्र की सभी बहनों का सहयोग मिल रहा है।

## कर्मचारियों की समस्याओं का होगा समाधान

# वनोपज संघ में पहली महिला एमडी सुमीता को कर्मचारी मंच ने दी बधाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच वन विभाग के प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को मप्र राज्य लघु वनोपज संघ की पहली महिला प्रबंध संचालक (एमडी) सुमीता राजोरा को पदभार ग्रहण करने के उपरांत पुष्प गुच्छ भेंट कर बधाई दी। मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि राज्य लघु वनोपज संघ मे व्याप्त विसंगतियों को दूर करने एवं विन्ध्य हर्बल के उत्पादकों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए सरकार ने पहली बार राज्य लघु वनोपज संघ के प्रबंध संचालक एमडी के पद पर महिला आईएफएस अधिकारी को पदस्थ किया है। प्रबंध संचालक ने कर्मचारी मंच के प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों का निराकरण समय सीमा में किया जाएगा।

# बीएमएचआरसीः 'शाइन 2025 ओपन स्कूल डे' में वैज्ञानिक दुनिया से जुड़ेंगे स्कूल के छात्र-छात्राएं

**भोपाल।** भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर)-भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) द्वारा शुक्रवार आठ अगस्त को 'शाइन 2025 ओपन स्कूल डे 2025' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन आईसीएमआर नई दिल्ली की पहल पर आईसीएमआर के देशभर में स्थित संस्थानों में एक साथ आयोजित किया जा रहा है। एक दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को जैव-चिकित्सकीय अनुसंधान के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं से अवगत कराना और उनमें वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत में आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल का रिकॉर्डेड संदेश प्रसारित किया जाएगा।

इसके बाद बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव स्कूली छात्र-छात्राओं को संबोधित करेंगी। विद्यार्थियों को आईसीएमएआर और संस्थान की गतिविधियों से परिचित कराने के लिए पोस्टर एवं शैक्षणिक वीडियो दिखाए जाएंगे, प्रयोगशालाओं का भ्रमण कराया जाएगा और वैज्ञानिकों चिकित्सकों से संवाद का अवसर भी प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में शासकतीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संदीपनी विद्यालय निशातपुरा एवं सरदार पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, करोंद के लगभग 300 विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है।

## *हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन*

# गीत, संगीत और नृत्य से त्यौहारों की खुशियां की साझा

**भोपाल।** कोलार रोड स्थित गार्डन में स्व. मदनगोपाल चौरसिया स्मृति के तत्वावधान में महिलाओं ने हरियाली तीज का आयोजन किया। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. किर्ती किरण चौरसिया ने बताया कि गीत संगीत और नृत्य के माध्यम से त्यौहारों की खुशियां साझा की। विविध प्रकार के खेल-लोकगीत, नृत्य प्रस्तुती ने आयोजन में चार चांद लगा दिए। इस दौरान महिलाओं को उपहार भेंट कर उन्हें सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में 50 से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। मंच का संचालन नमिता श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग के रीजनल डायरेक्टर डॉ. नीरा चौधरी, अनिता अग्निहोत्री, अंजलि राठौर, झील शर्मा, पूर्व रजिस्ट्रार जयंती चौरसिया, मनीषा चौरसिया समेत अनेक महिलाएं मौजूद रहीं।



## ग्रामीणों ने दूर से बनाया वीडियो

# शावक के साथ चीता गामिनी ने किया एक बछड़े का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



कूनो नेशनल पार्क से निकले दो चीते ग्राम पंचायत जाखदा के ग्राम हसनपुर पहुंच गए। बुधवार सुबह मादा चीता गामिनी और उसका शावक घर के पास बंधे एक बछड़े का शिकार किया। गांव वालों ने इसका वीडियो भी बना लिया। गांव के लोग डर के मारे घरों में ही दुबके रहे। गांव वालों ने तुरंत वन विभाग को इसकी सूचना दी। इसके बाद टीम मौके पर पहुंचकर निगरानी कर रही है। इस घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने वन विभाग से मांग की है कि सेंचुरी की सीमा को सुरक्षित बनाया जाए। अधिकारियों ने तत्काल लोकेशन ट्रैक कर उन्हें गांव से बाहर खदेड़ना शुरू किया। उन्हें सुरक्षित तरीके से कूनो सेंचुरी में वापस भेजने का प्रयास किया जा रहा है। कूनो सीसीएफ उत्तम कुमार शर्मा ने बताया कि जिस ग्रामीण के बछड़े का शिकार चीतों ने किया है, उसे मुआवजा मिलेगा।

■ हसनपुर गांव पहुंचा चीते का कुनबा

## सदस्यता अभियान 20 जुलाई से शुरू होकर 5 अगस्त तक चला

### अभाविप मध्यभारत की ऐतिहासिक उपलब्धि

# विद्यालयीन सदस्यता अभियानः अभाविप मध्यभारत ने एक दिन में की 161373

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रति वर्ष नए सदस्यों को अभाविप से जोड़ने के लिए सदस्यता अभियान चलाती है। उसी क्रम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, मध्यभारत प्रांत का विद्यालयीन सदस्यता अभियान 20 जुलाई से शुरू होकर 5 अगस्त 2025 को सम्पन्न हुआ। अभियान के अंतिम दिन 5 अगस्त को प्रांत स्तरीय अधिकतम सदस्यता दिवस के रूप में आयोजित किया गया, जिसमें 18 जिलों के समन्वित प्रयास से कुल 1,61,373 छात्र-छात्राओं ने अभाविप की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही साथ इस अभियान के दौरान 3,63,863 विद्यालयीन विद्यार्थियों ने अभाविप की सदस्यता ग्रहण करते हुए, विद्यार्थियों में संगठन की स्वीकार्यता और सक्रियता को दृढ़ता से स्थापित किया है ।



### अभियान केवल आंकड़ों का विषय नहीं...

*विद्यालयीन सदस्यता अभियान केवल आंकड़ों का विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रनिर्माण के प्रति युवाओं की प्रतिबद्धता और अभाविप की विचारधारा की व्यापक स्वीकृति का परिचायक है। मध्यभारत प्रांत के कार्यकर्ताओं ने समर्पण, अनुशासन और उत्साह के साथ इस अभियान को सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचाया। 3,63,863 विद्यालयीन सदस्यता हमारे संगठन की जमीनी पकड़ और छात्र शक्ति के जुड़ाव को मजबूती से दर्शाती है।*

## एनटीईटी 2025 परिणाम घोषित

# एक हजार 959 पीजी डॉक्टर्स नहीं बन सकेंगे आयुष कॉलेजों में शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुष मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षक बनने के लिए अब नेशनल टीचर्स इलिजिबिलिटी टेस्ट क्वालीफाई करना अनिवार्य है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के मार्फत नेशनल कमीशन फॉर इण्डियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन (एनसीआईएसएम) व नेशनल कमीशन फॉर होम्योपैथी (एनसीएच) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एनटीईटी 2025 परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। इसमें छह हजार 261 आवेदक पंजीकृत हुए। एनटीईटी परीक्षा में 6066 परीक्षार्थी शामिल हुए, जिसमें 2135 छात्र व 3931 छात्राएं थीं।

### 6066 परीक्षार्थी में से 4107 विद्यार्थी हुए क्वालिफाई

*4107 परीक्षार्थी क्वालिफाइड हुए तथा 1959 छात्र अनक्वालिफाइड रहे। यानी अब ये 1959 पीजी डिग्रीधारी आयुष डॉक्टरों को अगर आयुर्वेद, होम्योपैथी आयुष मेडिकल कॉलेजों में चिकित्सा शिक्षक टीचर बनना है तो पुनः लगभग 6 माह बाद परीक्षा के दौर से गुजरना होगा। ज्ञात रहे कि एनटीईटी 2025 परीक्षा देशभर के 40 शहरों के 55 केंद्रों में एक साथ 17 जुलाई 2025 को कंप्यूटर बेस्ड मोड में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में एनटीए द्वारा आयोजित की गई थी। ज्ञात रहे कि आयुष मेडिकल कॉलेजों मे टीचर बनने के लिए बीएएमएस यूजी डिग्री के साथ-साथ एमडी-एमएस पीजी डिग्री की अनिवार्यता है।*

## बैरसिया थाना पुलिस ने की कार्रवाई

# पुलिस के हत्थे चढ़ा डीजल चोर गिरोह एसयूवी और चोरी का डीजल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देहात इलाके की बैरसिया थाना पुलिस ने वाहनों से डीजल चोरी करने वाले एक गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से वारदात में उपयोग की गई एसयूवी और चोरी का डीजल समेत करीब 15 लाख से ज्यादा का माल बरामद किया गया है। आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि गिरोह ने इस प्रकार से और कितनी वारदातों को अंजाम दिया है। जानकारी के अनुसार फरियादी राजा अली (35) गांधी चौक बैरसिया में रहते हैं और एक ट्रेवल्स में सुपरवाइजर हैं। राजा ने पुलिस को बताया कि उनके ट्रेवल्स की एक बस सोमवार रात बैरसिया बस स्टैंड पर खड़ी की गई थी।

### बस के डीजल टैंक से गायब मिला डीजल

*मंगवलार सुबह देखा तो बस के डीजल टैंक का ढक्कन खुला मिला और उसमें भरा हुआ डीजल गायब था। पूछताछ के दौरान ड्राइवर ने बताया कि टैंक में 50 से 60 लीटर डीजल भरा हुआ था। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ डीजल चोरी का केस दर्ज किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की एक विशेष टीम बनाकर आरोपियों की तलाश में लगाया गया था। एसयूवी में सवार मिले 3 आरोपी पुलिस ने इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगालने के साथ ही मुखबिरों को सक्रिय किया।*

# पेट्रोल पंप पर चाकू से गोदकर एलएलबी छात्र की हत्या

पहले पेट्रोल भरवाने की बात को लेकर हुआ था विवाद मंगलवार शाम को ही मृतक इंदौर से भोपाल दोस्त के पास आया था

मिनाल गेट नंबर तीन पर वह पहुंचे, वहां पेट्रोल पंप पर पेट्रोल डलवाने के लिए रुके थे

**सुबह करीब चार बजे दोनों भोपाल स्टेशन पोहा खाने के लिए निकले थे घर से**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र स्थित मिनाल गेट नंबर-तीन के सामने पेट्रोल पंप पर बुधवार सुबह करीब सवा चार बजे एक्टिवा सवार तीन युवकों ने एलएलबी के छात्र से झूमाझटकी करते हुए उसके पेट में चाकू घोंप दिया। छात्र का साथी उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल लेकर पहुंचा, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर छात्र को मृत घोषित कर दिया। हत्या की वजह मामूली सी बात सामने आई है। दरअसल, छात्र पहले पेट्रोल पंप पर पहुंचा था और बाद में आए एक्टिवा सवार ने अपनी एक्टिवा उसकी बाइक के सामने लगा दी। पुलिस ने एक्टिवा पर हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में घटना कैद हुई है। पुलिस फुटेज में मिले एक्टिवा के नंबर के आधार पर आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

टीआई महेश लिल्लारे ने बताया कि संस्कार पिता राम प्रमोद बबेले (22) मूलतः बीना का रहने वाला था और इंदौर में बीएएलएलबी की पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार शाम को ही मृतक इंदौर से भोपाल आया था। अयोध्या नगर में संस्कार का दोस्त अनमोल दुबे रहता है। संस्कार रात में अनमोल के साथ रूम पर रुका। सुबह करीब चार बजे दोनों भोपाल स्टेशन पोहा खाने जाने के लिए निकले थे। मिनाल गेट नंबर तीन पर वह पहुंचे। वहां पेट्रोल पंप पर उन्हें पेट्रोल लेना था।

**बाइक के सामने लगाई एक्टिवा**

अनमोल ने पुलिस को बताया कि संस्कार ने पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने बाइक खड़ी की। इसी बीच एक एक्टिवा पर सवार तीन युवक पहुंचे और अपनी एक्टिवा उन्होंने बाइक के सामने लगा दी। संस्कार ने उनसे कहा कि भाई हम पहले आए हैं और हमें पहले पेट्रोल भरवाने दो। बस इतनी सी बात पर संस्कार और युवकों के बीच में कहासुनी होने लगी। कहासुनी बढ़ने पर तीनों ने संस्कार की कॉलर पकड़ ली और झूमाझटकी करने लगे। इसी बीच एक युवक ने अपने पास रखा चाकू निकाला और संस्कार के पेट में घोंप दिया।

**इकलौता था संस्कार**

संस्कार के पेट में चाकू लगने से वह पेट्रोल पंप गिर गया। अनमोल उसे उठाकर पास ही स्थित निजी अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले जाने का कहा। अनमोल उसे भानपुर स्थित निजी अस्पताल ले गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने पर संस्कार को मृत घोषित कर दिया। संस्कार के पिता बीना में शासकीय स्कूल में टीचर है। संस्कार उनका इकलौता बेटा था, जबकि एक बेटी है।

## बिना हेलमेट पेट्रोल देने से मना करने पर सेल्समैन को पीटा

गांधी नगर थाना स्थित पेट्रोल पंप पर वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र में निजी कंपनी के पेट्रोल पंप कर्मचारी से युवकों ने जमकर मारपीट की। कर्मचारी का कसूर सिर्फ इतना था कि उसने बिना हेलमेट के पेट्रोल देने से इंकार कर दिया। पुलिस ने कर्मचारी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज किया है। कर्मचारी का आरोप है कि मारपीट करने वाले युवकों ने उसके हाथ से पांच हजार रुपए की नगदी भी छीनी है।

कर्मचारी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज

जानकारी के अनुसार नितिन पाल (30) नायरा पेट पेट्रोल पंप पर सेल्समैन का का काम करते हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि मंगलवार दोपहर वह पंप पर पेट्रोल सेल कर रहे थे। इसी बीच एक स्कूटर पर सवार होकर चार युवक आए। वे एक स्कूटर चार लोग थे और किसी ने भी हेलमेट नहीं लगाया था।

कंपनी ने आदेशित किया है कि बिना हेलमेट के किसी भी दो पहिया वाहन चालक को पेट्रोल नहीं देना है। लिहाजा नितिन ने हेलमेट बिना पेट्रोल देने से इंकार कर दिया। इसी पर युवक भड़क गए और मारपीट शुरू कर दी। घटना एक सीसीटीवी फुटज भी मिला है, जिसमें केवल एक युवक मारपीट करते हुए नजर आ रहा है। पुलिस का कहना है कि मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज चेक कर रही है।

**खबर संक्षेप**



### स्व. सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर रोपे पौधे

**औबेदुल्लागंज।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा ने पूर्व विदेश मंत्री स्व. सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर नरेंद्र शर्मा ने कहा स्व. सुषमा स्वराज ने औबेदुल्लागंज को कई सौगात दी हैं।

### चैक बाउंस के मामले का आरोपी दोषमुक्त

**भोपाल।** एक लाख रुपए के चैक बाउंस के आरोपी विकास जैन को न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी तथागत यागनिक ने प्रकरण प्रमाणित न पाए जाने पर दोषमुक्त कर दिया। आरोपी की ओर से वैभव चौधरी एडवोकेट ने कोर्ट में पैरवी की थी। परिवादी प्रतीक गर्ग निवासी कसेरा गली लोहा बाजार भोपाल ने आरोपी को 1 लाख रुपए उधार स्वरूप दिए थे। आरोपी ने 15 नवंबर 2022 को रुपयों की अदायगी के लिए परिवादी को 1 लाख रुपए का एक चैक दिया था। परिवादी ने जब उपरोक्त चैक को भुगतान के लिए अपने बैंक में पेश किया तो 16 नवंबर 2022 को बैंक ने आरोपी के अकाउंट में पर्याप्त राशि न होने का हवाला देते हुए चैक बाउंस हो गया था।

### भू-माफिया रमाकांत को 7 वर्ष का कारावास

**विधिक संवाददाता, भोपाल।** करोड़ों रुपयों की ठगी कर फरार होने वाले शातिर ठग भू-माफिया डीआईएल कंपनी के तत्कालीन मैनेजिंग डायरेक्टर रमाकांत विजयवर्गीय उम्र 70 वर्ष निवासी विजय नगर इंदौर को अपर सत्र न्यायाधीश स्वंय प्रकाश दुबे ने भादंसं की धारा- 409 और 420 के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास और 2,25000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। आरोपी रमाकांत विजयवर्गीय को जमीन के धोखाधड़ी और जालसाजी किए जाने के ऐसे ही एक मामले में 2 जून 2022 को जिला न्यायालय ने उम्रकैद की सजा और 3 अक्टूबर 2024 को 10 साल की सजा सुनाई जा चुकी है।

### दुगार्दास राठौर जयंती मनाने बैठक आज

**भोपाल।** राठौर क्षत्रिय समाज न्यू भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष 13 अगस्त को राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर जयंती बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाता आ रहा है। अध्यक्ष अनूप राठौर ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रवीर दुगार्दास राठौर जयंती समाज द्वारा हर्ष उल्लास से मनाने के लिए गुरुवार को शारूत्री नगर जवाहर चौक में एक बैठक रखी गई है। बैठक में राष्ट्रवीर दुगार्दास जयंती मानने की रूपरेखा पर विचार विमर्श किया जाएगा।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 2738 | | |
| दिन: | 578 | 09 | 225 |
| रात: | 469 | 92 | 246 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 478 | 98 | 288 |
| रात: | 269 | 70 | 370 |

## शनि मंदिर के पास चबूतरे पर हुआ था विवाद

# साथ बैठकर पी शराब, फिर मोबाइल के विवाद में मजदूर की कर दी हत्या

नाक और मुंह से अधिक खून बहने के हो गई मौत

बलवंत ने शनि का मोबाइल रख लिया था और वह लौटा नहीं रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित शनि मंदिर के पास चबूतरे बदमाश ने अपने ही परिचित की लात घूंसों से पीट- पीटकर हत्या कर दी। हत्या की वजह मोबाइल का पुराना विवाद बताया जा रहा है। दरअसल, आरोपी का कहना था कि मृतक ने उसका मोबाइल ले लिया है और वह लौटा नहीं रहा है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी बागसेवनिया में सब्जी की दुकान लगाता है।

पुलिस के अनुसार बलवंत सिंह पिता हल्के सिंह गौड़ (40) बागमुगलिया में रहता था और बेलदारी (मजदूरी) करता था। अमराई परिसर में रहने वाले शनि उर्फ शशांक गुप्ता से उसकी पहचान थी। शनि गुप्ता सब्जी का ठेला लगाता है। सोमवार शाम बलवंत और शनि गुप्ता शनि मंदिर के पास चबूतरे पर बैठकर शराब पी रहे थे। शराब पीते समय दोनों में विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर शनि गुप्ता ने बलवंत के साथ लात घूंसों से मारपीट कर दी। मारपीट करने के बाद वह मौके से भाग निकला। इधर, बलवंत चबूतरे के पास खून से लथपथ पड़ा रहा। उसके मुंह और नाक से खून बह रहा था। कुछ लोगों ने बलवंत को घायल अवस्था में पड़ा देख अस्पताल पहुंचाया था। वहां देर रात डॉक्टर ने उसकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। शरीर पर चोट होने के कारण पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई।

**फुटेज में साथ दिखे थे मृतक और आरोपी**


शशांक गुप्ता, आरोपी

पुलिस ने घटनास्थल और कलारी सहित इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक किए तो आरोपी शनि गुप्ता और बलवंत साथ नजर आए। इसके अलावा एक फुटेज में मारपीट करते हुए भी आरोपी नजर आया था। पुलिस ने शनि को गिरफ्तार कर लिया है। शनि ने बताया कि बलवंत ने उसका मोबाइल रख लिया था और वह लौटा नहीं रहा था। इसी बात को लेकर उसने बलवंत के साथ शराब पी और उससे मारपीट कर दी। मारपीट में नाक और मुंह से अधिक खून बहने के कारण बलवंत की मौत हो गई।

### आंबेडकर ब्रिज के पास ट्रक ने एक्टिवा सवार मध्य प्रदेश माध्यम में वीडियो एडिटर को कुचला, मौत

दाहिने पैर के ऊपर से गुजरा पहिया, ड्यूटी से घर लौटते समय हुआ हादसा

हबीबगंज थाना क्षेत्र स्थित गणेश मंदिर के पास आंबेडकर ब्रिज पर मंगलवार रात ट्रक ने एक्टिवा सवार मप्र माध्यम में कार्यरत वीडियो एडिटर को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वे एक्टिवा सहित सड़क पर गिरे थे। उनके दाहिने पैर से ट्रक का पहिया गुजरने से उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ट्रक जब्त कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। दरअसल, संजय शर्मा पिता स्वर्गीय मन्नू लाल शर्मा (35) श्रीराम कॉलोनी, नर्मदापुरम रोड पर रहते थे और मध्य प्रदेश माध्यम में वीडियो एडिटर बतौर पर नौकरी करते थे। मंगलवार रात करीब साढ़े 12 बजे मध्य प्रदेश माध्यम के दफ्तर से ड्यूटी पूरी करने के बाद एक्टिवा से अपने घर जाने के लिए निकले। आंबेडकर फ्लाई ओवर खत्म होने के बाद पुराना हबीबगंज नाका के सामने उनकी एक्टिवा को पीछे से आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह एक्टिवा सहित सड़क पर गिर गए। इसी बीच ट्रक का पहिया उनके दाहिने पैर से गुजरा था। गंभीर अवस्था में उन्हें एंबुलेंस से अस्पताल ले जाया गया, वहां डॉक्टर ने चेक करने के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि वे शादीशुदा थे और उनकी एक 6 माह की बच्ची भी है। हादसे की जानकारी मिलते ही उनके भाई भी अस्पताल पहुंच गए थे।

## देर रात कपड़ा व्यापारी से नोट से भरा बैग लेकर भागे लुटेरे

कैलाश डेयरी के पास घर के सामने की घटना, बाइक से आए बदमाशों ने की वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र में घर के सामने कपड़ा व्यापारी से बाइक सवार बदमाशों ने बैग झपट लिया। बैग में चेकबुक, पासबुक सहित पचास हजार रुपए की नगदी थी। मंगलवार रात करीब पौने 12 के आसपास हुई घटना के समय व्यापारी दुकान बंद कर घर लौटे थे, घर के सामने बाइक सवार बदमाशों ने उनके हाथ से बैग झपट लिया। पुलिस लूट का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार हीरो उर्फ हीरालाल इसरानी (45) कैलाश डेयरी के पास बैरागढ़ में रहते हैं। उनकी बैरागढ़ कपड़ा मार्केट में दुकान हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात दुकान बंद करने के बाद वह एक्टिवा से घर जाने के लिए निकले। घर के सामने पहुंचने के बाद उन्होंने एक्टिवा खड़ी की और बैग लेकर नीचे उतर ही रहे थे कि पीछे से आए बाइक सवार बदमाशों में एक बदमाश ने उनके हाथ से बैग झपट लिया। वे कुछ समझ पाते इससे पहले बाइक स्टार्ट कर खड़े बदमाश के साथ बैग झपटने वाला बदमाश भाग निकला। लूट की इस घटना के बाद हीरालाल इसरानी ने परिचितों को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को थाने पहुंचकर शिकायत की। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने निरीक्षण करने के बाद बाइक सवार अज्ञात बदमाशों पर लूट का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो बाइक सवार दो बदमाश वारदात को अंजाम देते हुए नजर आए हैं। पुलिस ने बताया कि बदमाश मुंह पर मास्क लगाए हुए थे।

## बैरसिया क्षेत्र के थानों में स्वीकृति से बहुत कम पुलिस बल तैनात

विस में विधायक खत्री ने उठाया सवाल, सीएम-गृहमंत्री ने दिया जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैरसिया




विधानसभा क्षेत्र बैरसिया के थानों में पुलिस बल हमेशा कम होने की बात सामने आती है। लेकिन अब तो इस पर गृह विभाग की मोहर भी लग गई है। हाल ही में बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने विधानसभा क्षेत्र स्थित परवलिया, ईंटखेड़ी, गुनगा, बैरसिया और नजीराबाद थाने में स्वीकृत पुलिस बल और पदस्त पुलिस बल को लेकर विधानसभा में प्रश्न लगाया था। उस प्रश्न के उत्तर में स्वीकृत पुलिस बल से बहुत कम पुलिस बल तैनात होने की जानकारी प्राप्त हुई है।

दरअसल, विधायक विष्णु खत्री ने विधानसभा में प्रश्न लगाते हुए पूछा था कि बैरसिया विधानसभा के परवलिया, ईंटखेड़ी, गुनगा, बैरसिया और नजीराबाद थानों में कितना पुलिस बल स्वीकृत है, कितना पुलिस बल पदस्त है और यह रिक्त पद कब तक भरे जाएंगे। इस पर गृहमंत्री एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर देते हुए कहा है कि थानों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया सीधी भर्ती, स्थानांतरण और प्रमोशन से की जाती है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसकी समय सीमा बताना संभव नहीं है। जवाब में स्वीकृत बल और पदस्त बल की जानकारी दी गई है। जानकारी अनुसार इन सभी पांच थानों में निरीक्षक और उप निरीक्षकों के पदों के अलावा सभी पदों पर रिक्त पद है। आरक्षकों के 117 पद स्वीकृत है, वहीं पदस्थ आरक्षकों की संख्या मात्र 50 है। इसी तरह से प्रधान आरक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या 52 है और पदस्थ 36 प्रधान आरक्षक हैं। सहायक उप निरीक्षकों के स्वीकृत पद 35 है और 20 सहायक उप निरीक्षक पदस्थ हैं।

## तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर बैठक आयोजित, स्व. सुषमा स्वराज को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि



**औबेदुल्लागंज।** तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान को लेकर भाजपा मंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पद्म विभूषण स्व. सुषमा स्वराज की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर भावपूर्ण नमन किया। बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को तिरंगा यात्रा के बारे में विस्तार के साथ बताया गया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। इस अवसर पर भाजपा नेता नरेन्द्र शर्मा, माखन परमार, दशरथ गुर्जर, महामंत्री माधव यादव, गजेन्द्र नागर, प्रकाश पटेल, हरगोविंद वर्मा, नरेश सेठी, बागीश अग्रवाल, कोमल सिंह चौहान, रूपेश चौहान आदि उपस्थित रहे।

### बाजारों में सजी राखियों की दुकानें दुकानदार को ग्राहकों का इंतजार



**औबेदुल्लागंज।** राखी का त्यौहार नजदीक आते ही नगर के मुख्य बाजार में राखी की दुकानें सज गई हैं। वहीं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग खरीदारी करने पहुंच रहे हैं। दुकानदारों ने बताया कि अभी ग्राहकी मंदी है। आने वाले दिनों में ग्राहकी अच्छी होने की उम्मीद है। हमारी दुकान में 50 पैसे से लेकर 200 रुपए तक की रखियां है। स्वदेशी राखियां बाजार में आकर्षण का केंद्र हैं।

**प्रेम प्रसंग में यह कदम उठाने का अनुमान**

## युवक ने जहर खाकर दी जान आत्महत्या के कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



सूखी सेवनिया थाना क्षेत्र स्थित बालमपुर गांव में एक युवक ने जहर खा लिया। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। परिजन का आरोप है कि उसने किसी से कर्ज लिया था और देनदार दबाव बना रहे थे। इसके अलावा मृतक के मोबाइल पर कुछ दुखभरे वीडियो मिले हैं। साथ ही युवती से वीडियो कॉल पर बातचीत हुई है। इससे अनुमान है कि उसने प्रेम प्रसंग में यह कदम उठाया है। पुलिस दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार प्रदीप अहिरवार पिता हरनाम सिंह अहिरवार (30) बालमपुर गांव का रहने वाला था। वह ईंट भट्टे पर काम करता था। मंगलवार शाम वह घर लौटा और उल्टियां करने लगा। पिता ने उससे उल्टियां करने का कारण पूछा तो उसने बताया कि जहर खा लिया है। परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल ले गए। वहां बुधवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में कर्ज की बात और युवती से वीडियो कॉल की बात सामने आई है।



## हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

सरकार ने संसद में जनसंख्या नियंत्रण कानून बिल लाकर उसे पास कर देश में लागू करने के लिए अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद, राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक प्रवीण तोगड़िया के निर्देश पर सरकार को ज्ञापन दिया जा रहा है।

उसी कड़ी में मध्य भारत प्रांत के जिला भोजपुर का ज्ञापन बुधवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के क्षेत्रीय महामंत्री मूलचंदसाद की अध्यक्षता में गौहरगंज अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंच कर दिया गया। इस मौके पर वचन लोधी, पुरुषोत्तम शर्मा, मनोज चौरसिया, रवि शंकर राय आदि मौजूद रहे।

## खनिज विभाग का मावा दुकानों पर सर्चिंग, लिए दस सैंपल



**भोपाल।** रक्षाबंधन के पर्व को देखते हुए खनिज विभाग ने मिठाई सहित मावा दुकानों की जांच शुरु कर दी है। जिसके तहत टीम ने बुधवार को मंगलवारा स्थित महेंद्र मावा भंडार से मावा, आनंद मावा भंडार और इतवारा स्थित श्रीजैन मावा भंडार, मधुरम स्वीट्स नेहरू नगर से मिठाई कुंदा के सैंपल लिए गए हैं। वहीं न्यू मार्केट स्थित सुपर टी स्टाल-टू पर गंदगी मिलने पर दुकान का लाइसेंस सस्पेंड करने की कार्रवाई की जा रही है। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि त्यौहार को देखते हुए मिलावटी मावे की निगरानी की जा रही है। दुकानों से भी मावे के सैंपल लिए जा रहे हैं। मिठाईयों की खपत को देखते हुए सैंपल भी लिए जा रहे हैं।

**औबेदुल्लागंज के रेस्टोरेंट कारोबारी को बेची थी 25 हजार रुपए में पिस्टल**

# एमडी तस्करों की गिरफ्तारी के बाद अब क्राइम ब्रांच ने हथियार की तस्कर करने वाले को किया गिरफ्तार

◆ अंशुल उर्फ भूरी निकला शातिर तस्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमडी तस्करी का भंडाफोड़ करने के बाद क्राइम ब्रांच अब अवैध हथियार की तस्करी से जुड़े अंशुल उर्फ भूरी को रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। उसे 7 अगस्त तक की रिमांड पर लिया गया है। अंशुल उर्फ भूरी ने एक पिस्टल और जिंदा कारतूस औबेदुल्लागंज के रेस्टोरेंट संचालक को बेचने की बात स्वीकारी है। एडिशनल डीसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि ड्रग्स तस्करी और ड्रग्स से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही अवैध हथियार रखने वालों पर भी क्राइम ब्रांच की नजर हैं। उन्होंने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि अंकित कहार रेलवे ओवर ब्रिज के पास, रेहटी रोड, औबेदुल्लागंज में है। उसके पास पिस्टल और जिंदा कारतू है। सूचना के बाद हरकत में आई क्राइम ब्रांच की टीम ने उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम अंकित कहार पिता रामस्वरूप कहार (33) अर्जुन नगर पुल के नीचे रेहटी रोड औबेदुल्लागंज, बताया। क्राइम ब्रांच ने अंकित कहार से पिस्टल के बारे में पूछताछ की। इस दौरान पहले तो वह गुमराह करता रहा फिर उसने बताया कि भोपाल में उसकी दुकान के बगल में खंडहरनुमा मकान की छत पर उसने पन्नी में पिस्टल और जिंदा कारतूस छिपाकर रखा है। उसने बताया कि उक्त पिस्टल तीन महीने पहले उसने अंसुल उर्फ भूरी से खरीदी थी।


अंकित कहार


अंशुल उर्फ भूरी

### अंशुल की गिरफ्तारी के बाद छिपाई थी पिस्टल

अंकित कहार से पूछताछ में पता चला कि अंशुल की गिरफ्तारी होने की खबर उसे मिली थी। जब उसे पता चला कि अंशुल से क्राइम ब्रांच हथियार तस्करी और एमडी ड्रग्स के संबंध में पूछताछ कर रही है। उसने अपनी पिस्टल रेस्टोरेंट से हटा दी थी। पहले वह पिस्टल रेस्टोरेंट में रखता था और उसकी धौंस दिखाता था। पूर्व में वह कई लोगों को पिस्टल की धौंस दिखाकर डरा चुका है। क्राइम ब्रांच आरोपी अंशुल और भूरी से हथियार तस्करी के संबंध में पूछताछ कर रही है। आज गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश करने के बाद रिमांड के लिए आवेदन किए जाने का अनुमान है।



शाटिका की सखियों ने नाच गाकर दिन को किया जमकर इंजॉय

# लहरिया और ग्रीन हैंडलूम साड़ी में शाटिका सखियों ने की शिरकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाटिका ग्रंथ द्वारा ग्यारहवें राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस के अवसर पर सदर मंजिल में एक शाटिका सखियों द्वारा सावन उत्सव के साथ साथ हैंडलूम-डे भी मनाया गया। जिमसें शाटिका सखियों ने देश के विभिन्न टेक्सटाइल में डिजाइन साड़ियों में न केवल रैंप वॉक की, बल्कि सावन गीतों पर मनभावन प्रस्तुति देकर समां को ओर भी सुहाना बनाया। इस सेलिब्रेशन में सखियों ने लहरिया और ग्रीन हैंडलूम साड़ी में शिरकत की और नाच-गाकर दिन को इंजॉय किया।

सावन उत्सव

इस अवसर पर शाटिका ग्रंथ हेड शालिनी गुप्ता ने कहा कि हम हर वर्ष 7 अगस्त को हैंडलूम-डे मनाते हैं, जिसे हम परम्पराओं के उत्सव के रूप में देखते हैं और इस रूप में हमारा काम देश के टेक्सटाइल को प्रमोट करना है। इस वर्ष भी हमने सावन को ध्यान में रखते हुए लहरिया थीम पर शाटिका सखियों का गेट-टुगेदर किया।

सदर मंजिल में शाटिका ग्रंथ का हैंडलूम-डे सेलिब्रेशन





रवींद्र भवन में 'आभास एक किशोर' कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आई प्रसिद्ध पार्श्व गायिका उषा उत्थुप से हरिभूमि की खास बातचीत

# खुद की 'डिजाइन की हुई बिंदी' लगाने के साथ ही 'डोंट वरी कोलकाता' प्रिंटेड गीत पर बनवाई साड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मैंने सोचा नहीं था कि मैं स्टाइल ऑइकन बन जाऊंगी कि मेरे माथे की बिंदी, साड़ी और बालों में लगा फूल, मेरी पहचान बन जाएगा। इसलिए कई सालों से मैं खुद के द्वारा डिजाइन बिंदी लगाती हूं, जिसमें मैं स्थान का ध्यान रखती हूं, जब कोलकाता में हूं तो 'क' आकृति की बिंदी, दिल्ली के लिए 'द' और मुंबई के लिए 'म' की बिंदी लगाती हूं। साथ ही बिंदी के ऊपर तिरुपति बालाजी की आकृति का मांग टीका लगाना भी मुझे पसंद है। इतना ही नहीं, मैंने कोलकाता कोलकाता डोंट वरी कोलकाता.... 'डोंट वरी कोलकाता' के बंगाली गीत पर आधारित अपनी साड़ी पर प्रिंट करवाई और मेरे फेंस ने देखकर मेरी खूब तारीफ की.... यह कहना है प्रसिद्ध पार्श्व गायिका उषा उत्थुप का, जो रवींद्र भवन में 'आभास एक किशोर' कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आईं और हरिभूमि से खास बातचीत में उन्होंने अपने जीवन से जुड़े अनुभवों को साझा किया।

हरिभूमि चर्चा

## गाने के पैशन को काम नहीं, इंजायमेंट मानती हूं



उन्होंने कहा मेरे लिए अवार्ड बहुत महत्व रखता है। छोटे से छोटा अवार्ड भी मेरे लिए मायने रखता है, क्योंकि वो आपको आपके चाहने वालों द्वारा दिया जाता है, क्योंकि ऐसे में आपके दिल को तसल्ली मिल जाती है कि जो काम आप कर रहे हो उसे लोगों ने सराहा। वैसे मैं अपने गाने के पैशन को काम नहीं इंजायमेंट मानती हूं।

## जिस टीचर ने संगीत क्लास से निकाला उसी ने नम आंखों से मेरे गाने को सराहा

उन्होंने कहा कि स्कूल टाइम में मुझे संगीत क्लास से जिस टीचर ने यह कहते हुए निकाल दिया था कि तुम्हारी आवाज गाने लायक नहीं है, उन्हीं शिक्षक ने जब दिल्ली के अशोक होटल मेरा लाइव म्यूजिकल कंन्सर्ट अटेंड किया और वहीं बैठे बैठे नम आंखों से मेरी तारीफ की और उन्हें देखकर मैं भी रो पड़ी, जबकि मैं स्टेज पर परफार्म कर रही थीं।

## रोजाना सुबह 5 बजे उठकर रियाज करना और गीत लिखना ही मेरा मेडिटेशन

भजन करो भरी जवानी में बुढ़ापा किसने देखा है... चेहरे पर एक अजीब सी चमक लिए उषा ने कहा कि मैं रोजाना सुबह 5 बजे उठती हूं, जिसके बाद मैं मेडिटेशन करती हूं और मेरा मेडिटेशन गीत का रियाज और गीत को लिखना है। इसके बाद थोड़ा बहुत व्यायाम मेरी दिनचर्या में शामिल है और मैं सभी से कहती हूं कि अपना रुटीन बनाए और उस को फॉलो करें।

रवींद्र भवन में आयोजित 'आभास एक किशोर' में शहर के गायकों ने शाम बना दी सुहानी

# सुरों की मलिका उषा उत्थुप ने दी जब किशोर दा के गीतों को अपनी आवाज....

भोपाल। हाल कैसा है जनाब का, क्या ख्याल है आपका....., हमें तुमसे प्यार कितना... किशोर दा के सदाबहार गीतों को जब आवाज की मल्लिका उषा उत्थुप ने लयबद्ध किया तो सम्पूर्ण सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। वहीं दिल में आग लगाए सावन का महीना....गीत पर उनकी प्रस्तुति ने सावन के इस मदमस्त महीने को ओर भी सुहाना बना दिया। मौका था बुधवार को रवींद्र भवन में आयोजित 'आभास एक किशोर' कार्यक्रम का, जिसमें किशोर दा के गीतों ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। सुनील शुक्रवार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शहर के करीब एक दर्जन गायक गायिकाओं ने अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया वहीं उषा उत्थुप की दिलकशा आवाज पर तालियों की गड़गड़ाहट गूंजती रही।



## ओ मेरे राजा.. से सजी गीतों भरी संध्या हुई ओर भी सुहानी


मनभावन गीतों से सजी इस संध्या की अगली कड़ी में संतोष चौकसे और नैना जैन का गाया गीत भीगी-भीगी रातों में.... ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर किया तो इसके बाद गीतों से सजी बेला का जिम्मा उठाया सुनील शुक्रवार ने। जिन्होंने कितने अटल थे तेरे इरादे.... , खुल्लम-खुल्ला...., तेरे बिना जिंदगी से.... , बैठ जा बैठ गई..., इश्क मेरी बंदिगी.... सुनाकर किशोर दा की यादों को तरोताजा कर दिया। इन गीतों को अंतिम विराम देते हुए मुसाफिर हूं यारो...., ओ मेरे राजा...., मैं तेरे प्यार में पागल... जैसे गीतों ने गीतों भरी शाम को ओर भी सुहाना बना दिया।

## महेंद्र शुक्रवार ने सुनाया, सामने ये कौन आया....

गीतों से सजी इस संध्या में महेंद्र शुक्रवार ने सामने ये कौन आया.... गाया तो वहीं राजेश बनवारी ने राह पर रहते हैं... सुनाकर श्रोताओं का दिल जीता। इसके बाद अमित ने हर हंसी चीज का मैं... गाया तो वहीं चेहरा है या चांद खिला है... सुनाकर संजय तिवारी ने शाम को ओर भी सुहाना बना दिया।

# संजय लीला भंसाली के साथ काम करने की है दिली ख्वाहिश...

फिटब्लिस बॉय श्रुति कपूर जिम में आईं जैकलीन फर्नांडिस ने हरिभूमि से शेयर किए अपने अनुभव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैसे तो मैंने 15 साल के अपने फिल्मी कॅरियर में कई मूवीज की हैं, एल्बम में भी काम किया है, लेकिन मेरी दिली ख्वाहिश संजय लीला भंसाली के साथ काम करने की है। यह कहना है फिटब्लिस बॉय श्रुति कपूर जिम में बुधवार को आई जैकलीन फर्नांडिस का। जिन्हों ने हरिभूमि से बात चीत में चंद बातें शेयर की।

हरिभूमि चर्चा

## फिटनेस फ्रीक हूं, रोजाना वर्कआउट मेरा डेली रुटीन

उन्होंने कहा कि मैं काफी फिटनेस फ्रीक हूं और शायद 15 साल से ऐसा कोई भी दिन नहीं गया होगा, जब मैंने जिम या वर्कआउट न किया हो। क्योंकि यह जिम ही है जो आपको दिन भर की एनर्जी देता है और यही मेरे डेली रुटीन का हिस्सा है।

## चेहरे के ग्लो कि लिए मैं रोजाना मेडिटेशन भी करती हूं...

वहीं, अपने दमकते हुए चेहरे के बारे में उन्होंने कहा कि मैं रोजाना मेडिटेशन भी करती हूं, जिससे मेरे चेहरे का ग्लो बरकरार रहता है। साथ ही मैं बहुत हेल्थ कॉन्शस भी हूं।

### आने वाले समय में अलग-अलग रोल में नजर आऊंगी

उन्होंने कहा कि मैं अपने कॅरियर से काफी खुश हूं और आने वाले समय में अपने फैंस को अलग-अलग रोल में नजर आऊंगी।

# यूनिवर्सल वीमेन में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी गजल सचदेव



**भोपाल।** राजधानी की प्रतिभाशाली बेटी ग़ज़ल सचदेव, अबविश्वस्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता यूनिवर्सल वीमेन में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही हैं। प्रतियोगित जयपुर में आयोजित की जा रही है, जो 10 अगस्त तक चलेगी। इस प्रतिष्ठित आयोजन में 65 देशों की प्रतिभागी महिलाएं भाग ले रही हैं और इसका भव्य फिनाले 10 अगस्त को आयोजित होगा। ग़ज़ल सचदेव को पहले मिसेज मध्यप्रदेश के खिताब से नवाज़ा गया था, जो द पेजेंट इंडिया कंपनी द्वारा आयोजित एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता थी। इस जीत के बाद उनका चयन भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए यूनिवर्सल वीमेन में किया गया।


चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट पर आधारित परिधानों का मॉडल्स करेंगी प्रदर्शन

# राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस पर गौहर महल में फैशन शो आज

**भोपाल।** गौहर महल में आयोजित सावन मेले में गुरुवार को 11वें राष्ट्रीय हैंडलूम दिवस का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाले इस उत्सव का विशेष आकर्षण फैशन शो है। महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज इंदौर और भोपाल के सहयोग से आयोजित होने वाले इस शो में मप्र की पारंपरिक बुनाई शैलियों चंदेरी, महेश्वरी, बाग प्रिंट आदि पर आधारित परिधानों का प्रदर्शन करेंगी। यह फैशन शो आधुनिकता और परंपरा के संगम को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगा। फैशन शो शाम 7 बजे शुरू होगा। यह विशेष आयोजन मध्यप्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग तथा भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के सहयोग से किया जा रहा है।

# नीदरलैंड्स के 'साझा संसार अंतरराष्ट्रीय सम्मान-2025' से सम्मानित होंगे संतोष चौबे

**भोपाल।** नीदरलैंड्स के साझा संसार फाउंडेशन द्वारा प्रथम 'साझा संसार अन्तरराष्ट्रीय सम्मान–2025, रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल के कुलाधिपति, विश्व रंग के निदेशक एवं वनमाली सृजनपीठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष चौबे को प्रदान किए जाने की घोषणा की गई। चौबे को वैश्विक स्तर पर हिंदी भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं कला के उन्नयन हेतु सर्वोत्तम योगदान के लिए प्रथम 'साझा संसार सम्मान-2025' प्रदान किया जाएगा।



नीदरलैंड्स के वरिष्ठ प्रवासी रचनाकार एवं साझा संसार फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. रामा तक्षक की अध्यक्षता में आयोजित साझा संसार फाउंडेशन टीम की ऑनलाइन बैठक में नीदरलैंड्स से विश्वास दुबे, शिवांगी शुक्ला, मनीष पाण्डेय, आशीष कपूर, स्विट्जरलैंड से हर्षिता वाजपेयी, अमेरिका से विनीता तिवारी और भारत से राजेन्द्र शर्मा द्वारा भाग लेते हुए सर्वसम्मति से संतोष चौबे को प्रथम 'साझा संसार अंतरराष्ट्रीय सम्मान-2025' से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया।

नीलोफर और नताशा ने तैयार किया एल्बम

# बेगम्स की महफिल में कोर टीम का सम्मान और विरासत का उत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को बेगम्स ऑफ भोपाल क्लब द्वारा बेगम्स महफिल का आयोजन किया गया, जिसमें कोर टीम को सदस्यों द्वारा ममेंटो और भोपाल की विरासत को समर्पित एक सुंदर एल्बम भेंट की। इस एल्बम को विशेष रूप से क्लब की सदस्य नीलोफर खालिद और नताशा खान ने तैयार किया। जिसमें भोपाल की सांस्कृतिक विरासत, इतिहास और गंगा-जमुनी तहजीब को खूबसूरती से दर्शाया गया है। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की दिशा में विशेष योगदान देने के लिए रख्शां शमीम जाहिद, बिनु धीर, सहबा फरहत और तमसील खान को सम्मानित किया गया।

मानव संग्रहालय में 'गरद कोरियल' पश्चिम बंगाल की पारंपरिक रेशमी साड़ी का प्रदर्शन

# मलबरी रेशम से बनी, बंगाल की पारंपरिक बुनाई शिल्प का एक उत्कृष्ट उदाहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मानव संग्रहालय, भोपाल द्वारा भारतीय पारंपरिक वस्त्रों की समृद्ध विरासत को संरक्षित और प्रस्तुत करने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के अंतर्गत, अगस्त माह के माह का प्रादर्श कार्यक्रम के अंतर्गत बंगाल की पारंपरिक रेशमी साड़ी गरद कोरियल का प्रदर्शन संग्रहालय के वीथी संकुल में प्रारंभ किया गया। इस विशेष प्रदर्श का उद्घाटन संग्रहालय परिसर में मुख्य अतिथि डॉ. विद्या राकेश, निदेशक, राष्ट्रीय डिजाइन संस्थान (एनआईडी), मध्यप्रदेश द्वारा किया गया।





## संस्कृत के शब्द 'गरद' का अर्थ है 'पवित्र'

गरद कोरियल तंतुबाई (बुनकर) समुदाय की पारंपरिक रेशमी साड़ी नेहालिया तंतिपाड़ा, जियागंज, मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल से संग्रह की गई है। असिस्टेंट क्यूरेटर डॉ. सोमा कीड़ो ने बताया कि, यह साड़ी बंगाल की पारंपरिक बुनाई शिल्प का एक उत्कृष्ट उदाहरण है जो मलबरी रेशम से बनी होती है, जिसे पारंपरिक लूम तकनीक द्वारा बुना जाता है।

## यह है इसकी पहचान

इसकी विशेष पहचान है उजला रंग, गहरे हरे रंग की बॉर्डर और पल्लू, जो इसकी सादगी, पवित्रता और गरिमा को दर्शाते हैं। गरद शब्द संस्कृत के गरद से लिया गया है, जिसका अर्थ है पवित्र। उन्होंने बताया कि यह साड़ियां मुख्यत: धार्मिक अनुष्ठानों, त्योहारों एवं सांस्कृतिक आयोजनों में पहनी जाती हैं। वहीं कोरियल शब्द एक विशेष शैली को इंगित करता है, जिसमें किनारी (बॉर्डर) और पल्लू में समृद्ध डिजाइन होते हैं। दोनों के संयोजन से बनी गरद कोरियल साड़ी बंगाली स्त्रियों की सांस्कृतिक पहचान का प्रतिनिधित्व करती है।




# एसवी पॉलिटेक्निक में गीतों भरी संध्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वर आराधना म्यूजिकल ग्रुप के द्वारा भोपाल के प्रसिद्ध एसवी पॉलिटेक्निक सभागार में स्व. किशोर कुमार की वर्षगांठ के अवसर पर संगीत संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के जाने माने गायक कलाकारों ने प्रस्तुति देकर शाम को सुहाना बनाया। कार्यक्रम के आयोजक राकेश अग्रोही व रूपाली बागडे द्वारा जब कर्ज फिल्म के गीत इक हसीना थी इक दिवाना था....गाया तो हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। इसके बाद नंदिनी सोमानी के साथ उन्होंने सुनो, कहो कहा सुना... गीत पेश किया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में कार्यक्रम में शामिल गायकों ने अपनी प्रस्तुति दी और श्रोताओं का दिल जीत लिया।

बारिश का मौसम चल रहा है तो इसका यह मतलब नहीं कि आप अपना वर्कआउट शेड्यूल रोक दें। इस दौरान आप कुछ मजेदार टाइप के वाटर वर्कआउट भी कर सकते हैं, अपनी फिटनेस मेंटेन कर सकते हैं।

## रेनी सीजन में करें ये मजेदार वाटर वर्कआउट्स



फिटनेस

शिखर चंद जैन

अक्सर लोग बारिश का मौसम आते ही खुद को घर में समेट लेते हैं। मॉर्निंग वॉक, जॉगिंग, खेलकूद सब बंद कर देते हैं। जबकि फिटनेस रिजाइम बारहों महीने जारी रखना जरूरी है। आइए जानते हैं, कुछ वाटर वर्कआउट्स के बारे में, जिनसे आप फिट तो रहेंगे ही खूब मजा भी आएगा।

**पैडल बोर्ड योगा:** किसी शांत झील में ठंडी हवाओं का आनंद लेते हुए पैडल बोर्ड पर अपने शरीर का संतुलन बनाना पैडल बोर्ड योगा कहलाता है। यह इन दिनों यूथ्स की पसंदीदा योगा स्टाइल है। पैडल बोर्ड पर तरह-तरह के आसन, ट्री-पोज या वारियर पोज बनाना युवाओं को खूब पसंद आता है।

**एक्वाटिक बूट कैंप:** इसके तहत एक घंटे में 10-12 हाइ इंटेंसिटी रुटीन के दो या तीन वर्कआउट परफॉर्म किए जाते हैं। इनसे 1200 कैलोरी तक बर्न की जा सकती है। ऐसे में हाई-नी स्प्रिंट, पुश एंड पुल, जंप अप के साथ स्क्वैट, बैकवार्ड रनिंग, एक्वा डंबल के साथ बाइसेप कर्ल्स जैसी कई एक्सरसाइज शामिल होती हैं। दो-तीन मिनट के विश्राम के बाद सेट दोहराए जाते हैं। लेकिन इसके लिए कम से कम 4 फीट गहरा पूल होना चाहिए।



**एक्वा जुंबा:** आप डांस के शौकीन हैं तो एक्वा जुंबा के माध्यम से अपना शौक पूरा करने के साथ फिटनेस भी पा सकते हैं। एक्वा जुंबा नए जमाने की एक्वाटिक डांस फिटनेस विधि है। इसमें पारंपरिक एक्वा ऐरोबिक्स और लैटिन जुंबा डांस का मिश्रण होता है। 45 मिनट का सेशन काफी फायदेमंद होता है। हां, इसे पूल के छिछले पानी वाले हिस्से में किया जाता है, इसलिए इसे करने के लिए स्विमिंग जानने की जरूरत नहीं।

**एक्वा योगा:** सामान्य रूप से जमीन पर किए गए योग की तुलना में पानी में किए गए योग के कई अतिरिक्त फायदे होते हैं। पानी की तरलता और कोमलता शरीर को सुरक्षा देती है, जिससे जोड़ों, घुटनों, कोहनियों और कमर में इंज्यरी होने के चांस ना के बराबर हो जाते हैं। पानी में स्ट्रेचिंग और डीप ब्रीदिंग के कांबिनेशन से शरीर को मजबूती, स्टेटिक बैलेंस और रिलैक्सेशन का फायदा मिलता है। एक्वायोगा के लिए पानी का तापमान 20-25 डिग्री सेल्सियस तक रहना अच्छा होता है, इसलिए मसल्स को रिलैक्स होने में मदद मिलती है और कोई पोज लंबे समय तक करने का फायदा मिलता है।

**स्पॉट जॉगिंग:** स्पॉट जॉगिंग करने के लिए कमर तक पानी में खड़े हो जाएं। दोनों हाथ सीधे ऊपर की ओर उठाएं और जैसे जॉगिंग करते हैं, वैसे ही करें। चर्बी कम करने और जोड़ों के दर्द से राहत दिलाने के लिए यह एक आसान और उपयोगी व्यायाम है। ज्यादा फायदा उठाने के लिए पानी में एक मिनट तक जिग-जैग पैटर्न में दौड़ें। अगले मिनट जहां से दौड़कर आए थे वहां वापस सीधे दौड़ कर जाएं। यह है वॉटर जॉगिंग। इस प्रकार आप प्रति मिनट करीब 17 कैलोरी फैट बर्न कर सकते हैं।

**ब्रिस्क वॉकिंग:** स्विमिंग पूल के एक छोर से दूसरे छोर तक तेजी से चल कर जाएं, लेकिन घुटनों पर भार देकर नहीं, पूरे-पूरे पग तली यानी जमीन पर टिकाते हुए चलें। इससे भी कैलोरी बर्न होती है। यहां बताए गए सभी वाटर वर्कआउट करने से पहले एक्सपर्ट से सीख लें। बेहतर होगा कि वाटर वर्कआउट कराने वाले सेंटर में किसी एक्सपर्ट की गाइडेंस में भी इसे करें। आपको स्वीमिंग आना भी जरूरी है। *

बारिश के मौसम में कुछ लोग बेवजह की उदासी या चिड़चिड़ापन महसूस करने लगते हैं। ये लक्षण डिप्रेशन जैसे लगते हैं लेकिन वास्तव में ऐसा मानसून ब्लूज के कारण होता है। क्या है मानसून ब्लूज, इसके कारण और बचाव के उपाय के बारे में आपको जरूर जानना चाहिए।

## मानसून ब्लूज बारिश के मौसम में जब मन रहने लगता है उदास

सीजनल प्रॉब्लम

शैलेंद्र सिंह

बारिश की रिमझिम बूंदें मन में रोमांच, ताजगी और कल्पनाओं के रंग घोलती हैं। मगर कई बार ये सारी कवितायी फुर्र हो जाती है। मन उदास हो जाता है। बेचैनी बढ़ जाती है और जो बारिश कल्पनाओं के सितार बजाती है, वह अचानक भयावह लगने लगती है। जी हां, इसे मानसून की मनोवैज्ञानिक अस्वस्थता यानी 'मानसून ब्लूज' कहते हैं। बारिश के लंबे-लंबे दौर जब रोमांचित करने की जगह मन को थकाने लगते हैं, बेवजह चिड़चिड़ापन तारी हो जाता है, कुछ भी अच्छा नहीं लगता, बिना कोई बात हुए भी दिल और मन को उदासी जकड़ लेती है, ऐसी स्थिति को भी मानसून ब्लूज कहते हैं।


**मानसून ब्लूज के कारण:** यह मौसम से जुड़ी मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया है, जिससे हर साल मानसून के मौसम में दो, चार, दस नहीं हजारों लोग प्रभावित होते हैं। चिंता की बात तो यह है कि इस डिजिटल दौर में यह बीमारी कुछ ज्यादा ही संक्रामक होने लगी है। सवाल है, इसका कारण क्या होता है? विशेषज्ञों के अनुसार और हार्वर्ड मेडिसिन स्कूल की मानें तो जब बारिश के दिनों में लगातार आठ घंटे से ज्यादा बादल छाए रहते हैं, धूप का नामोनिशान नहीं होता, तो इंसान के मूड और व्यवहार में बारिश की कल्पना नकारात्मक असर डालने लगती है। कई बार सावन-भादो के महीनों में कई-कई दिनों तक घटाएं घिरी रहती हैं और अंधियारा वातावरण रहता है, जिससे मन बिल्कुल बेचैन हो उठता है, क्योंकि सूरज की रोशनी शरीर को न मिलने से हमारे बॉडी में जो हैप्पी हार्मोन यानी सेरोटोनिन बनता है, उसका लेवल लगातार नीचे गिरने लगता है। गौरतलब है कि यही हार्मोन हमारे मूड को स्थिर रखता है और इसे पॉजिटिव बनाए रखने में हमारी मदद करता है। जब बारिश के दिनों में कई-कई घंटे लगातार सूरज की रोशनी नहीं दिखती, चारो तरफ अंधेरा सा माहौल बन जाता है, तो हमारे शरीर की पॉजिटिव एनर्जी खत्म हो जाती है और सेरोटोनिन के अभाव में हमारे अंदर उदासी छाने लगती है, जो जल्द ही चिड़चिड़ेपन में बदल जाती है। इसकी वजह यह होती है कि शरीर में विटामिन डी का लेवल कम हो जाता है। जिस कारण हम थकान, लो एनर्जी और इम्यूनिटी वीकनेस के शिकार हो जाते हैं और हमें कुछ भी अच्छा नहीं लगता।

लगातार बारिश होने से या बादलों के छाए होने से हमारे मूड बस्टर हार्मोन सेरोटोनिन में कमी हो जाती है और नींद आलस और चिड़चिड़ापन लाने वाले हार्मोन मेलोटोनिन की मात्रा बढ़ जाती है। यह अकसर उनको ज्यादा होता है, जो बारिश के दिनों में वर्क फ्रॉम होम करते हैं। कई-कई घंटे एक ही जगह बैठे रहते हैं। कई दिन घर से बाहर नहीं निकलते। लोगों से मिलना जुलना काफी कम हो जाता है।


### डिप्रेशन नहीं है मानसून ब्लूज

**मानसून ब्लूज** की स्थिति हमें भले अवसादजनक स्थिति का एक रूप लगे, लेकिन यह टेंपरेरी स्थिति होती है, जबकि अवसाद इसके मुकाबले स्थायी स्थिति होती है। मानसून ब्लूज की स्थिति बारिश के दिनों में धूप निकलते ही खत्म होने लगती है और एक घंटे तक धूप में रहने पर लगभग गायब हो जाती है। मानसून ब्लूज में अस्थाई रूप से कोई व्यक्ति हल्की थकान, उदासी और चिड़चिड़ेपन का शिकार हो जाता है तथा अकेलापन महसूस करता है। जबकि डिप्रेशन की स्थिति में ये सारी स्थितियां एहसास नहीं होती बल्कि हमारी वास्तविकता बन जाती हैं। मानसून ब्लूज में हमें खुद लगता है कि हम उदास हैं, लेकिन जब हम डिप्रेशन में होते हैं और डिप्रेशन के कारण उदास होते हैं, तब हमें खुद यह एहसास नहीं होता कि हम उदास हैं। यही नहीं डिप्रेशन के कारण जब हम चिड़चिड़े होते हैं, तब हमें इस चिड़चिड़ेपन का भी एहसास नहीं होता बल्कि लगता है कि हम तो बिल्कुल ठीक हैं, दूसरे लोग हमें चिड़चिड़ा साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। इसलिए मनोचिकित्सक मानसून ब्लूज को अस्थायी डिप्रेशन की स्थिति मानते हैं, जबकि डिप्रेशन को एक क्लीनिकल मानसिक बीमारी का दर्जा देते हैं।





**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** मानसून ब्लूज या अस्थाई अवसाद की स्थिति से आमतौर पर वे लोग ज्यादा शिकार होते हैं, जो कम सोशल होते हैं यानी जो लोग दूसरे लोगों से सहजता से इंट्रेक्शन नहीं करते। इसके अलावा जो लोग पहले से ही मानसिक तनाव या डिप्रेशन की स्थिति से जूझ रहे हैं, ऐसे लोग लगातार बारिश और कम रोशनी के मौसम में मानसून ब्लूज का शिकार हो जाते हैं। आजकल वर्क फ्रॉम होम करने वाले प्रोफेशनल भी मानसून ब्लूज की समस्या के शिकार हो जाते हैं। इसके अलावा सीनियर सिटीजन, ज्यादा समय तक सोने वाले और दिन का ज्यादातर समय मोबाइल में बिताने वाले लोग भी मानसून ब्लूज का आसानी से शिकार होते हैं। जिन लोगों की दिनचर्या निश्चित नहीं होती, जिनका हर दिन का एक सा रूटीन नहीं रहता। वो लोग भी मानसून ब्लूज की स्थिति का शिकार होते हैं।



**ना बरतें लापरवाही:** हालांकि मानसून ब्लूज कोई जानलेवा बीमारी नहीं है, यह सिर्फ एक मनःस्थिति है। फिर भी यह खतरनाक हो सकती है, अगर एक हफ्ते से ज्यादा बनी रहे। दो हफ्तो से ज्यादा बने रहने पर तो यह गंभीर स्थिति और खतरनाक हो सकती है। आप डिप्रेशन में जा सकते हैं। अनिद्रा का शिकार हो सकते हैं। भूख बिल्कुल नहीं लग सकती और आपके विचार पूर्णतः नकारात्मक हो जाते हैं। इसलिए जैसे ही मानसून के दिनों में मानसून ब्लूज की जकड़न में होने का एहसास हो, तुरंत इससे बाहर निकलने कोशिश करें।

**बचाव के उपाय:** मानसून ब्लूज से छुटकारा पाने के कुछ कारगर तरीके हैं। जब भी, जरा भी सूरज निकले तुरंत रोशनी में आएं, खुद को प्राकृतिक रोशनी में एक्सपोज करें। थोड़ी देर तक धूप में बैठें। घर के दरवाजे, खिड़कियां खोल दें, जिनसे खिड़कियों के रास्ते प्राकृतिक रोशनी आए और कमरे का अंधेरापन दूर हो। हल्का वॉक करें, शरीर को स्ट्रेच करें, योग करें, दोस्तों से बातचीत करें, अपने मनपसंद गीत सुनें, किसी दोस्त से फोन पर बात करें। आजकल सोशल मीडिया का दौर है, इसलिए अपने मनपसंद विषय की कुछ मजेदार रील्स देखें और रूटीन से खुद को अलग करने की कोशिश करें। बुक रीडिंग, म्यूजिक, रचनात्मक गतिविधियां या अपनी मनपसंद हॉबी में कुछ देर गुजारें, जिससे मूड बदलेगा और अवसाद की स्थिति से छुटकारा मिलेगा। मानसून ब्लूज से बचने के लिए अपना खान-पान भी सुधारें। ऊर्जा देने वाले ताजे फल खाएं, अंकुरित अनाज लें, गर्मा-गर्म सूप पीएं, ज्यादा शुगर और जंक फूड्स खाने से बचें।

**इन पर भी गौर करें:** अगर लगातार काम करना पड़ रहा है तो कुछ देर काम छोड़कर रिलैक्स करें, आगे की योजना बनाएं। नियमित तौर पर समय पर सोएं और समय पर बिस्तर से उठें। इस सबसे काफी हद तक मानसून ब्लूज की अवसादजनक स्थिति से बाहर आ सकते हैं। साथ ही इस बात को भी याद रखें कि यह एक मनःस्थिति है, कोई स्थाई बीमारी या कमजोरी नहीं है। इसलिए ऐसी स्थिति से डरे नहीं बल्कि इसे स्वस्थ शरीर की एक जैविक और भावनात्मक प्रतिक्रिया समझकर निश्चिंत रहें कि आप स्वस्थ हैं और जल्द ही इस सबसे बाहर आ जाएंगे। ऐसा सोचने से जल्द ही आप इससे छुटकारा पा सकते हैं। *




सजेशन / डॉ.माजिद अलीम

## बड़ी समस्या बनता जा रहा मोटापा

भारत के दस में से दो घरों के सभी वयस्क ओवरवेट (अधिक वजन) वाले यानी मोटे हैं। यह बात एक नए अध्ययन में सामने आई है। पांचवें नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5, 2019-21) के डाटा का आईसीएमआर, नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर कैंसर प्रिवेंशन एंड रिसर्च (एनआईसीपीआर), टेरी स्कूल ऑफ़ एडवांस्ड स्टडीज और सिंबोसिस इंटरनेशनल के शोधकर्ताओं ने अध्ययन किया। उन्होंने 6 लाख से अधिक घरों में ओवरवेट और मोटापे का विश्लेषण किया और इस नतीजे पर पहुंचे कि लगभग 20 प्रतिशत घरों के सभी वयस्क सदस्य ओवरवेट की श्रेणी में हैं, जबकि 10 प्रतिशत घरों के सभी वयस्क सदस्य मोटे की श्रेणी में हैं। जाहिर है खराब जीवनशैली के कारण व्यक्ति ओवरवेट या मोटा होता है और बीमारियों को आमंत्रित करता है। एक अन्य शोध से मालूम होता है कि बढ़ते जीवनशैली रोगों के कारण दिल, मधुमेह आदि रोगों की दवाओं की बिक्री में जबरदस्त इज़ाफा हुआ है।



**गंभीर हो सकती है समस्या:** पब्लिक हेल्थ जर्नल में प्रकाशित इस अध्ययन में कहा गया है कि आमतौर से परिवार के सभी सदस्यों का एक साथ वजन बढ़ता है। यह संभवतः इसलिए होता है, क्योंकि एक परिवार में सभी सदस्यों का खान-पान और जीवनशैली का तरीका लगभग समान ही होता है। इसका संबंध जींस से भी हो सकता है। बहरहाल, इस अध्ययन के मुख्य शोधकर्ता प्रशांत कुमार सिंह का कहना है कि परिवार में सभी सदस्यों के मोटे होने से इस बात को बल मिलता है कि मोटापे को रोकने के लिए परिवार-केंद्रित प्रयास किए जाने चाहिए बजाय व्यक्ति-केंद्रित हस्तक्षेप के। अध्ययन में ऐसे परिवारों को सावधान किया गया है कि उनके सदस्यों को अनेक असंक्रमित रोगों के होने का भयंकर खतरा है। यह बात हर कोई जानता है कि मोटे लोगों के दिल व पाचन की स्वास्थ्य स्थिति अच्छी नहीं रहती है और उन्हें अनेक क्रोनिक रोग हो सकते हैं जैसे डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, स्ट्रोक, हार्ट फेल आदि। मोटापे का संबंध 13 प्रकार के कैंसर से भी है।

**सावधानी है जरूरी:** चिंता की बात यह है कि युवा आयु वर्ग में मोटापे से ग्रस्त लोग निरंतर बढ़ते जा रहे हैं। तीस-चालीस साल के व्यक्तियों को यह बड़ी संख्या में हो रहा है, जबकि पहले इनका संबंध बुजुर्ग लोगों से होता था। युवाओं की खराब जीवनशैली इसका मुख्य कारण है। ऐसे में दवाओं से बचना है और स्वस्थ रहना है तो नियमित एक्सरसाइज करना, संतुलित आहार का सेवन जरूरी है। इसके साथ ही अपना वजन ना बढ़ने दें। *






# नेशनल बैंक ओपन : टॉसन ने कीज को हराया, सेमीफाइनल में ओसाका से भिड़ेंगी

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

क्लारा टॉसन ने नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट में मौजूदा ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन मैडिसन कीज पर 6-1, 6-4 से जीत हासिल कर 2025 के अपने दूसरे डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में प्रवेश किया। टॉसन को पहला सेट जीतने में सिर्फ 27 मिनट लगे। दूसरा सेट टॉसन के लिए ज्यादा चुनौतीपूर्ण रहा। इगा स्वियाटेक और मैडिसन कीज पर लगातार जीत के साथ क्लारा टॉसन ने अपने सातवें डब्ल्यूटीए सेमीफाइनल में पहुंच गई हैं। टॉसन का अगला मुकाबला चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका से होगा।




### ओसाका ने एलिना को हराया सेमीफाइनल में पहुंची

चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। जापान की मूल निवासी यह खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको दूसरे सेमीफाइनल में कज़ाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी।

### टॉसन वाकई बहुत मजबूत : ओसाका

टॉसन के साथ अपने सेमीफाइनल मुकाबले के बारे में बात करते हुए, ओसाका ने कहा, वह वाकई बहुत मजबूत हैं। मैंने इस साल ऑकलैंड में उनके साथ खेला था और चोटिल होने के कारण मुझे बीच में ही मैच रोकना पड़ा था। इसलिए, मैं बहुत खुश हूं कि मैं स्वस्थ हूं और मुझे उम्मीद है कि देखने आने वाले सभी लोगों के लिए यह एक अच्छा मैच होगा। ओसाका और टॉसन का सेमीफाइनल मुकाबला उनके करियर का दूसरा मुकाबला होगा। टॉसन ने इस साल की शुरुआत में ऑकलैंड में अपना पहला मैच जीता था। उस मैच में, ओसाका को पहला सेट 6-4 से जीतने के बाद रिटायर होना पड़ा था।



### सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे फ्रिट्ज और शेल्टन

**टोरंटो।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका एक दूसरे से मुकाबला होगा। यह पिछले 15 वर्षों में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पहला अवसर होगा जबकि अमेरिका के दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6-3, 7-6 (4) से हराया। उन्होंने 20 ऐस लगाए, जिनमें से एक ने मैच का अंत भी किया। चौथी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के नौवें नंबर के एलेक्स डी. मिनौर को 6-3, 6-4 से हराया। 22 वर्षीय शेल्टन पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। फ्रिट्ज और शेल्टन के बीच बुधवार को होने वाला मुकाबला 2010 में एंडी रॉडिक की सिनसिनाटी में मार्डी फिश पर जीत के बाद पहली बार होगा, जब अमेरिका के दो खिलाड़ी एटीपी मास्टर्स 1000 सेमीफाइनल में एक दूसरे का सामना करेंगे।

---

## खबर संक्षेप




### वेस्ट दिल्ली लायंस ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज को हराया

**नई दिल्ली।** सलामी बल्लेबाज अंकित राजेश कुमार की 46 गेंद में 96 रन की ताबड़तोड़ पारी से वेस्ट दिल्ली लायंस ने दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 मैच में साउथ दिल्ली सुपरस्टर्ज को 26 गेंद शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी। साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज ने कप्तान आयुष बडोनी की 25 गेंद में 48 रन की आक्रामक पारी से पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 185 रन बनाए। वेस्ट दिल्ली लायंस ने महज 15.4 ओवर में दो विकेट गंवा कर लक्ष्य हासिल कर लिया। अंकित ने 46 गेंद की अपनी पारी 11 चौके और छह छक्के जड़े। उन्होंने पहले विकेट के लिए कृष यादव (42 गेंद में 67 रन) के साथ 84 गेंद में 158 रन की साझेदारी कर टीम की जीत तय कर दी। इस साझेदारी को सागर तंवर ने कृष को आउट कर तोड़ा। कृष ने अपनी पारी में नौ चौके और दो छक्के लगाए।

### चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स: टूर्नामेंट स्थल पर आग लगने से स्थगित




**चेन्नई।** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को आयोजन स्थल हयात रीजेंसी होटल में आग लगने के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से शुरू होनी थी। इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, 'चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) के आयोजन स्थल होटल हयात रीजेंसी में कल रात आग लग गई। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

### बुमराह की क्षमता असाधारण और अविश्वसनीय : तेंदुलकर



**मुंबई।** पूर्व कप्तान सचिन तेंदुलकर का मानना है कि जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में भारत का इंग्लैंड के खिलाफ दो टेस्ट जीतना महज 'संयोग' था और यह करिश्माई तेज गेंदबाज अब भी 'असाधारण और अविश्वसनीय' है। बुमराह हाल में इंग्लैंड में खत्म हुई पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में से तीन मैच में ही खेले थे। श्रृंखला में कम अनुभव वाली भारतीय टीम इसके बावजूद इंग्लैंड से 2-2 से ड्रॉ खेलने में कामयाब रही। भारतीय टीम ने जो दो मैच जीते उनमें कार्यभार प्रबंधन योजना के कारण बुमराह का नहीं खेलना पहले से ही तय था। तेंदुलकर ने कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति में बर्मिंघम और द ओवल में भारत की जीत महज संयोग थी। उन्होंने बुमराह के तीन टेस्ट मैच में प्रदर्शन के बारे में बात की।

---

### मेंस प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए शुभमन, बेन और मुल्डर नामित

# गिल और स्टोक्स फिर आमने-सामने आईसीसी अवार्ड के लिए होगी टक्कर

एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। भारत की युवा टीम ने यह श्रृंखला 2–2 से ड्रॉ की। गिल ने श्रृंखला में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने श्रृंखला में किसी भारतीय कप्तान ने सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा।





### कप्तानों की सूची में दूसरे स्थान पर शुभमन

गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे स्थान पर है। आईसीसी ने अपनी वेबसाइट पर लिखा, "शुभमन गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक श्रृंखला के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए।" आईसीसी ने कहा, 'उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए, जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है।' आईसीसी ने कहा कि गिल ने नंबर चार पर 'सर्वकालिक महान' विराट कोहली की विरासत को आगे बढ़ाया।

### मुल्डर ने बनाए नाबाद 367 रन

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली। उन्होंने अपनी टीम की पारी उस समय घोषित कर दी, जब वह महान ब्रायन लारा के 2004 में इंग्लैंड के खिलाफ बनाए गए सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर नाबाद 400 के रिकॉर्ड को तोड़ सकते थे। उन्होंने दो मैचों में 265.50 की औसत से 531 रन बनाए। आईसीसी ने कहा, 'मुल्डर ने गेंदबाजी में भी योगदान दिया तथा 15.28 की औसत से सात विकेट लिए, जिसमें पहले टेस्ट में लिए गए चार विकेट भी शामिल हैं।' आईसीसी ने भारत के खिलाफ स्टोक्स के हरफनमौला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, 'उन्होंने 50.20 की औसत से 251 रन बनाए और 26.33 की औसत से 12 विकेट लिए। उन्होंने दबाव की परिस्थितियों में बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया।'

---

**एशिया कप 2025**

## टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल शुभमन, सुदर्शन और जायसवाल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुभमन गिल के अलावा यशस्वी जायसवाल और साई सुदर्शन एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम में जगह बनानने की दौड़ में शामिल हैं, जो 9 सितंबर से शुरू होगा। भारत को सितंबर के अंत में वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज में हिस्सा लेना है, लेकिन इसके बावजूद ये तीनों खिलाड़ी इस टूर्नामेंट के लिए टीम में जगह बनाने की रेस में शामिल हैं।

एशिया कप 2025 के लिए टीम इंडिया का ऐलान अगस्त के तीसरे सप्ताह में किया जा सकता है। हालांकि गिल और यशस्वी ने व्यस्त शेड्यूल की वजह से पिछले कुछ टी20 सीरीज में भारत के लिए नहीं खेले थे, लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के बाद वो एशिया कप के लिए उपलब्ध हो सकते हैं।




### सेलेक्टर्स ने खुले रखे विकल्प

बीसीसीआई के सूत्रों के मुताबिक टीम इंडिया के सेलेक्टर्स ने विकल्प खुले रखे हैं। एशिया कप का फाइनल मैच 28 सितंबर को खेला जाएगा जबकि इसके लगभग एक सप्ताह के अंदर ही वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज शुरू हो जाएगी। वेस्टइंडीज के खिलाफ पहला टेस्ट मैच 2 अक्टूबर से अहमदाबाद में शुरू होगा। गौरतलब है कि जायसवाल ने आईपीएल 2025 में 160 के स्ट्राइक रेट से 559 रन बनाए थे, जबकि गिल ने 15 मैचों में 155 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए थे। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि अभी पांच हफ्ते का ब्रेक है और कोई क्रिकेट नहीं होने के कारण संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन के बावजूद इन तीनों को भी टी20 टीम में जगह मिलनी चाहिए।

### 21 दिनों तक चलेगा एशिया कप

एशिया कप 21दिनों तक चलेगा और अगर भारत फाइनल खेलता है तो टीम इंडिया को कुल 6 मैच खेलने होंगे और यहां ज्यादा कार्यभार नहीं है, लेकिन जाहिर है कि एशिया कप के लिए 17 सदस्यीय टीम चुनने की अनुमति दी गई है तो चयनकर्ता विकल्पों पर सावधानी से विचार करेंगे। यूएई की पिचों और 6 महिने के बाद होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के ध्यान में रखते हुए यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल और साई सुदर्शन को टॉप क्रम के लिए आजमाना सही विकल्प होगा। इस वक्त साई सुदर्शन, जिन्होंने साल 2023 के अंत में भारत के लिए वनडे डेब्यू किया था वो टी20 प्रारूप में जबरदस्त लय में हैं तो वहीं जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की उपलब्धता भी काफी अहम होगी। इन दोनों गेंदबाजों के कार्यभार को मैनेज करना काफी अहम होने वाला है क्योंकि एशिया कप के लिए इन खिलाड़ियों को टेस्ट सीरीज में भी हिस्सा लेना है।

---

**जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप**

## मणिपुर और हिमाचल ने किया क्वालीफाई




एजेंसी ▶▶| दकाकीनाडा (आंध्र प्रदेश)

मणिपुर हॉकी, हॉकी उत्तराखंड और तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप में बुधवार को अपने लीग मैच जीत लिए जबकि हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ से ड्रॉ खेला। डिवीजन बी मुकाबले के समापन के बाद पूल ए से मणिपुर हॉकी और पूल बी से हॉकी हिमाचल को अगले साल के डिवीजन ए में प्रोमोट किया गया। मणिपुर हॉकी ने असम हॉकी को 3-1 से जबकि हॉकी उत्तराखंड ने हॉकी केरल को 7-0 से हराया। हॉकी हिमाचल ने बिहार हॉकी संघ के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। तमिलनाडु हॉकी इकाई ने हॉकी अरुणाचल को 5-0 से शिकस्त दी।

डिवीजन ए लीग मैच में हॉकी मध्य प्रदेश और हॉकी झारखंड ने अपने-अपने पूल मैच जीते जबकि हॉकी हरियाणा और उत्तर प्रदेश हॉकी के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। हॉकी मध्य प्रदेश ने हॉकी पंजाब को 4-0 और हॉकी झारखंड ने छत्तीसगढ़ हॉकी को 7-1 से मात दी। हॉकी हरियाणा ने उत्तर प्रदेश हॉकी के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला।

### सब जूनियर हॉकी राष्ट्रीय चैंपियनशिप पंजाब और झारखंड की टीम फाइनल में

**चेन्नई।** पंजाब और झारखंड ने अपने मुकाबले जीत कर 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश किया, जहां दोनों एक-दूसरे से भिड़ेंगे। दिन के पहले सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराया, जिसमें सुखदेव सिंह ने दो गोल दागे जबकि मंदीप सिंह और वरिंदर सिंह ने एक-एक गोल किया। उत्तर प्रदेश के लिए हर्ष प्रताप सिंह, अली शाहरुख और कप्तान केतन कुशवाहा ने गोल किए। दूसरे सेमीफाइनल में झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से हराया। झारखंड के लिए सोरेंग सुमराय, आशीष तानी पूर्ति और जयसन कंडुलना ने गोल किए। मध्य प्रदेश के लिए लव ने गोल किया। उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश बृहस्पतिवार को तीसरे स्थान के लिए आमने-सामने होंगी।

---

## सिराज का हैदराबाद में जोरदार स्वागत

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी को 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका निभाने के बाद बुधवार को अपने गृह नगर हैदराबाद पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया।

सिराज ने पांच मैचों की श्रृंखला में सर्वाधिक 23 विकेट लिए। हैदराबाद का रहने वाला यह 31 वर्षीय खिलाड़ी काले रंग की कैजुअल पोशाक में इससे पहले फील्डिंग कोच टी. दिलीप के साथ सुबह मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचा, जहां प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सिराज से सेल्फी और ऑटोग्राफ के लिए अनुरोध किए गए, लेकिन वह हैदराबाद के लिए उड़ान पकड़ने के लिए जल्दी से कार में सवार होकर वहां से निकल गए। हैदराबाद में प्रशंसक पहले ही उनके स्वागत के लिए तैयार थे। इस बीच हैदराबाद क्रिकेट संघ के एक अधिकारी ने कहा, 'हमने अभी तक उनसे बात नहीं की है। लेकिन हम निश्चित रूप से उनके लिए कुछ (सम्मान) योजना बनाएंगे, क्योंकि वह कुछ दिनों के लिए शहर में रह सकते हैं। यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में देश के लिए शानदार प्रदर्शन किया।'



---

**एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप**

## तीसरे दौर में पहुंचे हरीश और अरुण

**चेन्नई।** हरीश प्रकाश और तयिन अरुण ने बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई सर्फिंग चैंपियनशिप के अंडर-18 बालक वर्ग के तीसरे दौर में प्रवेश किया। टूर्नामेंट के तीसरे दिन अरुण ने भारतीय प्रतियोगियों में 9.23 से सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। उन्होंने थाईलैंड के टिन जॉनसन (9.60 अंक) से पीछे रहकर तीसरे दौर में जगह बनाई। ग्यारह वर्षीय प्रकाश ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन किया और मलेशिया के लुकास सैंटियागो (10.57 अंक) के बाद 7.97 अंक हासिल करके तीसरे दौर में जगह बनाई। प्रतियोगिता में तीसरे भारतीय सर्फर प्रह्लाद श्रीराम 4.94 के स्कोर के साथ हीट 6 में तीसरे स्थान पर रहे। अब वह रेपेचेज के दूसरे दौर में प्रतिस्पर्धा करेंगे। चीन के शिदोंग वू (17.34 अंक) और कोरियाई खिलाड़ी कनोआ हीजा (13.10 अंक) पहले दौर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले सर्फर रहे। सीनियर पुरुष और महिला वर्ग की प्रतियोगिताएं गुरुवार को फिर शुरू होंगी।

---

**आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : 15वें स्थान पर पहुंचे तेज गेंदबाज**

# ओवल टेस्ट में करिश्मा, सिराज ने लगाई लंबी छलांग

एजेंसी ▶▶| दुबई

तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। सिराज ने मैच में 9 विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई।

उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर श्रृंखला 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी, जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी।

### बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर




भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। उन्होंने अपने कार्यभार प्रबंधन के तहत इंग्लैंड के खिलाफ केवल तीन टेस्ट मैच खेले। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी।

### जायसवाल शीर्ष पांच में लौटे

भारत के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ओवल में श्रृंखला में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए। जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज ऋषभ पंत हैं, जो एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। वह पैर की चोट के कारण पांचवां टेस्ट नहीं खेल सके थे।

### रूट की शीर्ष पर स्थिति मजबूत

इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने लगातार तीसरा शतक लगाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि हैरी ब्रुक फिर से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ओवल में दूसरी पारी में 98 गेंद पर 111 बनाए थे। गेंदबाजी में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन और जोश टंग ने भी मैच में आठ-आठ विकेट लेकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। एटकिंसन पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, जबकि टंग 14 स्थान ऊपर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।




# टर्फ जोन प्रो-2 पर फुटसल टूर्नामेंट का भव्य समापन

# रोमांचक मुकाबले में एम शूटर बनी टर्फ ज़ोन प्रो-2 की चैंपियन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टर्फ जोन प्रो-2, रोहित नगर में 2 से 5 अगस्त तक आयोजित फुटसल टूर्नामेंट 2025 का समापन 5 अगस्त की शाम फ्लड लाइट्स के बीच रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। फाइनल में एम शूटर और कोलार एफसी बी के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली, जिसमें एम शूटर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया।

**कोलार एफसी की टीम बनी उपविजेता**

प्रतियोगिता में भोपाल की 12 चुनिंदा टीमों ने भाग लिया। आयोजन टर्फ जोन प्रो-2 एवं लीजेंड स्पोर्ट्स एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वी.के. शर्मा महासचिव, म.प्र. बैंक एम्प्लॉईज एसोसिएशन एवं विशेष अतिथि के रूप में दीपक रत्न शर्मा अध्यक्ष, एमपी बैंक एम्प्लॉइज एसोसिएशन और एमएस जयशंकर सचिव ऑल इंडिया एसबीआई ऑफिसर्स कोऑर्डिनेशन कमेटी उपस्थित थे। आयोजन समिति के अध्यक्ष जे.पी. झवर ने टूर्नामेंट की रूपरेखा व उद्देश्य साझा किए और सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत किया।



## मुख्य अतिथि शर्मा बोले- टर्फ जोन में परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना की जीत

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वीके शर्मा ने अपने संबोधन में कहा- यह केवल पुरस्कारों का दिन नहीं, बल्कि उस संपूर्ण यात्रा को याद करने का अवसर है, जिसमें परिश्रम, अनुशासन और टीम भावना की जीत हुई है। सभी खिलाड़ियों का समर्पण सराहनीय है विजेता हो या नहीं, आप सभी ने खेल को ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा, हर मैच में बेहतर खिलाड़ी और बेहतर इंसान बनाता है। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए भविष्य में भी ऐसे टूर्नामेंट निरंतर आयोजित करने की आवश्यकता जताई। कार्यक्रम के समापन पर आयोजन समिति के अध्यक्ष जेपी झवर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर लीजेंड स्पोर्ट्स अकादमी के योगेश पटेल, हर्ष कुजूर, अमन, आशीष, नेल्सन, सौरभ, प्रपेश, राहुल के अलावा राजधानी के खेल प्रेमी विनोद मूलचंदानी, अशोक श्रीवास्तव, सत्येंद्र चौहान, राजीव उपाध्याय, योगेश आई, शशांक आई आदि उपस्थित थे।

## इन टीमों और खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

- विजेता टीम एम शूटर को रुपए 30,000 नगद व ट्रॉफी
- उपविजेता कोलार एफसी बी को रुपए 15,000 नगद व ट्रॉफी
- सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर अयान
- सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर आशु (अचाल)
- सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर मुस्तफा
- इमर्जिंग प्लेयर हमजा (एम शूटर)

### पहली बार भोपाल की कोई टीम पहुंची है नेशनल में, 18 अगस्त तक चलेगी फुटसल चैंपियनशिप

# नेशनल खेलने हजरत निजामुद्दीन की टीम रुद्रपुर रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा 3 अगस्त से 18 अगस्त तक रुद्रपुर उत्तराखंड में फुटसल नेशनल क्लब चैंपियनशिप अयोजित की जा रही है, जिसमें 17 राज्यों की टीमें भाग ले रही हैं।

हर एक पूल में चार टीमें हैं, वहीं हज़रत निज़ामुद्दीन की टीम को पूल सी में रखा गया है। पूल सी की अन्य तीन टीम में पांडिचेरी यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी, के3 फुटसल क्लब, गोल हंटरज़ एफसी। यह पहला मौका है जब भोपाल के किसी क्लब ने राष्ट्रीय फुटसल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए क्वालीफाई किया है। इसी साल अप्रैल में हज़रत निज़ामुद्दीन क्लब ने स्टेट चैंपियनशिप जीत कर यह उपलब्धि हासिल की थी।



### टीम में ये खिलाड़ी शामिल

*हज़रत निज़ामुद्दीन की टीम में ऋषभ रायकवार टीम कप्तान, प्रफुल्ल लिखितकर (जीके) उपकप्तान, फैसल हुसैन, हर्ष सुहांदा, निखिल कैटरे, अर्जुन शुक्ला, ऋषभ सिंह राजपूत, तरूण कुमार सिंह, वेदांत राय, अंश वाल्टर, लक्ष्य उप्पल, अनमोल पार्टेटी (जीके), दर्शित सिंह भदोरिया, दीपक कुमार, दिव्यांशु सिंह मरावी, मिलिन डुमरे, प्रयांशु सिंह मरावी हैं। वहीं मो. शाहिद प्रबंधक, संदीप मंडल सहा. प्रबंधक, अल्तमश शेख कोच, अभिषेक गोस्वामी गोल कीपर कोच, और यश प्रशांत नाइकवाड़ फिजियोथेरेपिस्ट हैं।*

### एक दिन पहले टीम का किया सम्मान

*टीम के रवानगी से पहले एक निजी होटल में हज़रत निज़ामुद्दीन टीम का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्लब के फाउंडर मोहम्मद शाहिद, प्रेसिडेंट तनवीर दाद, पैरास्पोर्ट्स एसोसिएशन मप्र अध्यक्ष डॉ. विवेक सिंह परिहार, स्पोर्ट्स टूरिज्म इंडिया के डायरेक्टर फ़रीज खान, संदीप देशमुख, चायलीला के अश्विन शर्मा, यश राय, हिमांशु पाटिल, पार्थो और योर जर्सी के सनी और पंकज ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।*

# राज्यपाल ने उत्साहवर्धन कर दी शुभकामनाएं

# राज्यपाल से मप्र व्हीलचेयर क्रिकेट और दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों ने की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्यपाल मंगुभाई पटेल से मंगलवार को मध्यप्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट और दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम के सदस्यों ने राजभवन में मुलाक़ात की। राज्यपाल पटेल को दिव्यांग महिला क्रिकेट टीम की कप्तान राधा बढ़गुज्जर ने 'उमंग कप' में जीती गई ट्रॉफी भेंट की। राज्यपाल पटेल ने टीम के सदस्यों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। राज्यपाल पटेल ने मध्यप्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट और दिव्यांग महिला टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और उनकी उपलब्धियां जानीं। उन्होंने दोनों टीम के सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। खिलाड़ियों के साथ सामूहिक चित्र भी खिंचवाया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रमुख सचिव डॉ. नवनीत मोहन कोठारी भी मौजूद रहे।





## लाइफ स्टाइल



# बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी होने पर वरुण ने काटा केक

**मुंबई।** वरुण धवन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म बॉर्डर 2 को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में वरुण की स्वर्ण मंदिर से कुछ तस्वीरें वायरल हुई थीं। वहीं, बुधवार को निर्माताओं ने एक पोस्ट के जरिए वरुण की बॉर्डर 2 की शूटिंग पूरी होने की जानकारी दी है। ये खास तस्वीरें बॉर्डर 2 के सेट के दौरान की हैं। इन तस्वीरों में निर्देशक अनुराग सिंह, निर्माता भूषण कुमार और वरुण अपनी को-स्टार मेधा राणा के साथ नजर आ रहे हैं। वरुण की ये तस्वीरें 'बॉर्डर 2' के रैप-अप शेड्यूल की हैं। वहीं एक तस्वीर में वरुण केक काटते बेहद खुश नजर आ रहे हैं। कैप्शन में लिखा, 'वरुण ने बॉर्डर 2 के लिए अपना शेड्यूल पूरा किया।

लाइफ Style

# जान्हवी

## ब्राइडल लुक में आईं नजर

बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म परम सुंदरी को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच उनका एक खास वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह ब्राइडल लुक में नजर आ रही हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

जान्हवी कपूर को मसाबा गुप्ता ने दुल्हन के रूप में पेश किया है। उनका यह लुक सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में जान्हवी अलग-अलग ब्राइडल लुक में दिखीं। उन्होंने भूरा लहंगा, सिंदूरी लाल लहंगा, लाल बस्टियर के साथ लहंगा स्कर्ट, धोती स्कर्ट और ब्लाउज के साथ कई शानदार पोज दिए। इन लहंगों की हर डिजाइन में जरदोजी, सेक्विन, गोटा पट्टी कढ़ाई, लटकन और झालरों का खूबसूरत काम दिखाई दे रहा है। जान्हवी ने इन लुक्स को सोने के गहनों, आकर्षक मेकअप और फूलों से सजे हेयर स्टाइल के साथ पूरा किया। जान्हवी के इस लुक पर राजकुमार राव की पत्नी और एक्ट्रेस पत्रलेखा ने लाल दिल वाला इमोजी शेयर किया है। सोशल मीडिया पर कई लोगों को जान्हवी का ब्राइडल लुक पसंद आया। एक फैन ने लिखा, 'मसाबा ब्राइडल में करीना की झलक दिखी, वो सबसे ऊपर थीं', एक और फैन ने लिखा, 'अद्भुत', एक और फैन ने लिखा, 'वह बहुत ही खूबसूरत लग रही हैं', एक और फैन ने लिखा, 'जान्हवी ने श्रीदेवी जी की याद दिला दी उनकी आंखें शानदार हैं।' एक फैन ने लिखा, 'यह लुक सपनों जैसा है। तो वहीं कुछ फैन ने इस लुक को 'आइकॉनिक' बताया।



## हॉलीवुड मसाला




# द हॉवर्ड स्टर्न शो बंद होने की संभावना

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एंकर हॉवर्ड स्टर्न का मशहूर 'द हॉवर्ड स्टर्न शो' 1986 से 2005 तक पूरे अमेरिका में स्थानीय रेडियो पर प्रसारित किया गया था। 2006 से यह शो सिरियसएक्सएम रेडियो पर प्रसारित हो रहा है। अब ताजा जानकारी के अनुसार, यह शो अनुबंध समाप्त होने की वजह से बंद किया जा सकता है। मशहूर रेडियो शो 'द हॉवर्ड स्टर्न शो' जल्द खत्म हो सकता है, क्योंकि प्रसिद्ध हॉवर्ड स्टर्न का सिरियसएक्सएम के साथ 5 साल का 500 मिलियन डॉलर का अनुबंध खत्म होने वाला है।




# केली मैक को द एलीफेंट गार्डन से मिली पहचान

**लॉस एंजिल्स।** लोकप्रिय सीरीज 'वॉकिंग डेड' में अपनी भूमिका से मशहूर केली मैक के निधन से पूरे मनोरंजन जगत में शोक की लहर छा गई है। महज 33 साल की उम्र में एक्ट्रेस का जाना हर किसी को हैरान कर रहा है। केली मैक का जन्म 10 जुलाई 1992 को अमेरिका के सिनसिनाटी शहर में हुआ था। अभिनेत्री के जन्म के समय का नाम केली लिन क्लेबेनो था। एक्ट्रेस ने बहुत कम उम्र से ही एक्टिंग करियर की शुरुआत कर दी थी। केली मैक को पहली बार साल 2008 में 'द एलीफेंट गार्डन' से पहचान मिली, जिसके लिए उन्हें टिश स्कूल ऑफ आर्ट्स का एक्टिंग अवार्ड भी मिला। इसके बाद एक्ट्रेस ने वेब सीरीज वॉकिंग डेड से लोगों के बीच अपनी जगह बनाई। इसके अलावा अभिनेत्री ने एनिमेटेड फिल्म स्पाइडर मैनः इनटू द स्पाइडर वर्स में ग्वेन स्टेसी की आवाज दी थी।



# अश्लीलता फैलाने का लगा आरोप...

**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री श्वेता मेनन इन दिनों खूब सुर्खियों में हैं, हालांकि इसकी वजह उनकी कोई फिल्म या प्रोफेशनल प्रोजेक्ट नहीं, बल्कि एक कानूनी विवाद है। दरअसल, अभिनेत्री पर अश्लीलता फैलाने के गंभीर आरोप लगे हैं, जिनके चलते उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। ये मामला एर्नाकुलम सेंट्रल पुलिस स्टेशन में दर्ज हुआ है, जिसमें अभिनेत्री पर कुछ फिल्मों और विज्ञापनों में अश्लील और नग्न अवस्था में सीन दिखाने के आरोप लगाए गए हैं। शिकायतकर्ता मार्टिन मेनाचेरी ने कोर्ट में याचिका दायर कर ये दावा किया कि श्वेता ने पैसा कमाने के लिए फिल्मों और विज्ञापनों में आपत्तिजनक सीन किए, जिनका प्रसार बाद में सोशल मीडिया और एडल्ट वेबसाइट्स के जरिए से किया जा रहा है।




# बेचैन कर देगी अंधेरा वेब सीरीज की कहानी

**मुंबई।** हॉरर कहानियों का अपना रोमांच होता है। डर से कांपना, खौफ में एक आंख बंद कर के भी पर्दे पर उस मंजर को देखना। यदि आप मनोरंजन की दुनिया में ऐसे ही थ्रिल से राबता रखते हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। एक नई सुपरनैचुरल हॉरर वेब सीरीज आ रही है। नाम है 'अंधेरा', जिसमें सुरवीन चावला, प्राजक्ता कोली, वत्सल सेठ और प्रिय बापट जैसे दमदार कलाकार रूह से चीख निकालने आ रहे हैं। यह सीरीज इसी महीने ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। बुधवार को इसका पहला पोस्टर और रिलीज डेट का ऐलान किया गया है। यह वेब सीरीज इसी महीने 14 अगस्त 2से स्ट्रीम होगी। वेब सीरीज के क्रिएटर गौरव देसाई कहते हैं, 'अंधेरा' बनाना मेरे लिए सबसे अच्छा और खुशी देने वाला अनुभव रहा है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930